✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 25 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 21 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की राशि हस्तांतरित करते पीएम नरेन्द्र मोदी

## संक्षिप्त समाचार

### आकाशीय बिजली से तीन की मौत

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** वैशाली जिले के राघोपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से दो युवकों और एक महिला की मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। बीरपुर पंचायत के वार्ड-8 निवासी 23 वर्षीय विवेक कुमार और 19 वर्षीय पीयूष कुमार तथा अभिषेक कुमार बाइक से घर लौट रहे थे तभी करारी टोला में बिजली गिर गई।

### जदयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी और परिषद की बैठक आज

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार जनता दल यूनाइटेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की बैठक होने जा रही है। बैठक आज रविवार को राजधानी पटना में आयोजित होगी। जदयू राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि सांगठनिक चुनाव संपन्न होने के बाद यह पार्टी की पहली बड़ी राष्ट्रीय बैठक होगी, जिसे लेकर कार्यकर्ताओं और नेताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उनके नाम पर औपचारिक मुहर लगाई जाएगी।

### बारात से लौट रहे तीन दोस्तों को वाहन ने रौंदा

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** बेतिया-मोतिहारी मुख्य मार्ग (एनएच-727) पर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मछली लोक के समीप शुक्रवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान बानूछापर ओपी क्षेत्र के वार्ड संख्या 29 निवासी साधु यादव के 19 वर्षीय पुत्र गुलशन कुमार यादव और प्रेम गुप्ता के 18 वर्षीय पुत्र चेतन गुप्ता के रूप में हुई है। वहीं घायल विशाल कुमार का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### राशि गबन मामले में पूर्व पैक्स अध्यक्ष गिरफ्तार

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के राजपुर थाना क्षेत्र में को-ऑपरेटिव बैंक की राशि गबन के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मंगरवलिया पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष अरविंद कुमार राय को शनिवार को उनके पैतृक गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आधार पर की गई। गिरफ्तारी के दौरान बिक्रमगंज एसडीएम प्रभात कुमार और अंचल अधिकारी पिंटू कुमार चौधरी दंडाधिकारी के रूप में मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में पुलिसने कार्रवाई को अंजाम दिया और आरोपी को थाना पहुंचाया।

### भोजपुर निवासी भरत तिवारी मुठभेड़ मामले में राज्य सरकार का बड़ा फैसला

# उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में होगी जांच : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भोजपुर जिले के शाहपुर थाना अंतर्गत बिलौटी गांव में 17 जून को हुई पुलिस मुठभेड़ के मामले में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन वाली सरकार ने न्यायिक जांच कराने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस मामले की जानकारी देते हुए कहा कि भोजपुर पुलिस मुठभेड़ जांच की जिम्मेदारी उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश को सौंपेगी, जो पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायिक जांच का उद्देश्य मुठभेड़ की घटना से जुड़े सभी तथ्यों और परिस्थितियों की पारदर्शी तरीके से पड़ताल करना है। जांच के दौरान घटना के प्रत्येक पहलू की समीक्षा की जाएगी ताकि सच्चाई सामने आ सके और लोगों का विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा कि न्यायिक जांच में मुठभेड़ से संबंधित



पुलिस कार्रवाई, घटनास्थल की परिस्थितियां, उपलब्ध साक्ष्य और अन्य सभी महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जांच की जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायिक जांच का उद्देश्य घटना के हर पहलू की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करना है। सरकार चाहती है कि पूरे मामले की सच्चाई सामने आए।

## चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने से काम नहीं चलेगा : संजय झा



**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने भोजपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की पुलिस एनकाउंटर मामले की समयबद्ध और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। श्री झा ने कहा कि सामने आया वीडियो संदेह पैदा करता है। उन्होंने कहा कि चार पुलिसकर्मियों को निलंबित किया जाना त्वरित कार्रवाई है लेकिन केवल निलंबन पर्याप्त नहीं है। मामले की जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी से कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। श्री झा ने कहा कि सरकार जब यह कहती है कि कोई अपराधी नहीं बचेगा तो यह बात केवल अपराधियों तक सीमित नहीं है। यदि कोई पुलिसकर्मी भी अपराध करता है तो उसके खिलाफ भी कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने जांच को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की मांग की। भरत तिवारी की मौत के बाद वायरल वीडियो, परिजनों के आरोप और पुलिस के दावे के बीच मामले की जांच अहम हो गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि पुलिस कार्रवाई में नियमों का पालन हुआ या किसी स्तर पर लापरवाही अथवा गलत कार्रवाई हुई।

## उपेंद्र कुशवाहा ने की पार्टी की नई टीम की घोषणा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने संगठनात्मक पुनर्गठन किया है। उन्होंने अपनी पार्टी में आठ उपाध्यक्ष, पांच महासचिव और छह सचिव नियुक्त किए हैं। श्री कुशवाहा ने कहा कि संगठन को मजबूत करने की दिशा में पुनर्गठन किया गया है। पार्टी ने अब तक 23 लाख प्राथमिक सदस्य बनाए हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा लोकतांत्रिक मूल्यों और संगठनात्मक पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय परिषद एवं अधिवेशन से प्राप्त अधिकारों के तहत राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। नई टीम की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी सूची के अनुसार अनिल कुमार बाजपेयी (मुख्य प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी), रामेश्वर कुमार महतो, शंकर झा आजाद, मदन चौधरी (उपाध्यक्ष संगठन), पृथ्वी राज यादव, भानु श्रीनिवासन, सीमा सक्सेना और ओनल सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं माधव आनंद को प्रधान महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा फजल इमाम मलिक (प्रवक्ता), राजीव कुमार जायसवाल, रेखा गुप्ता, अखिलेश सिंह और बिमलेन्दु शेखर सिंह उर्फ पप्पू सिंह को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया है। रालोमो ने सचिव पद पर भी नई नियुक्तियां की हैं। योगेन्द्र चौहान, एजाज अहमद, विराट कुशवाहा, रविन्द्र राम, चितरंजन सिंह उर्फ झूना सिंह और डॉ. तारा खेवा आर्या को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि आगामी चुनावों और संगठनात्मक विस्तार को ध्यान में रखते हुए यह नई टीम गठित की गई है। हमें उम्मीद है कि नई टीम के साथी राष्ट्रीय लोक मोर्चा को जमीनी स्तर तक मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## सुरक्षाकर्मियों ने संभाली नीट-यूजी परीक्षा केंद्रों की कमान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नीट पुनर्परीक्षा के सफल, सुरक्षित और पारदर्शी आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए देशभर में व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल आयोजित किया जा रहा है। पटना के बापू परीक्षा परिसर समेत कई परीक्षा केंद्रों पर बिहार पुलिस और बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के जवानों ने सुरक्षा की कमान संभाली। परीक्षा केंद्र के अंदर और बाहर चप्पे-चप्पे को खंगाला गया। इस दौरान बिहार पुलिस की टीम ने सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश, निगरानी प्रणाली और अन्य व्यवस्थाओं की जांच की। पुलिस का कहना है कि परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी न हो, इसके लिए यह सब किया जा रहा है। परीक्षा के समय किसी प्रकार की अव्यवस्था या तकनीकी समस्या उत्पन्न न हो। पुलिस टीम का कहना है कि आज के मॉक ड्रिल का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया को सुचारु, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना है। पूर्व में सामने आए पेपर लीक के मामलों और आशंकाओं से कड़ा सबक लेते हुए इस बार पूरी प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्था में आमूलचूल बदलाव किया गया है। परीक्षा शांति और स्वच्छ माहौल में हो इसके लिए इस बार प्रश्न पत्रों की सुरक्षा की कमान राज्य पुलिस के बजाय केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को सौंपी गई है।

## कानून तोड़ने वालों की खैर नहीं : संजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के मेहनौर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में बिहार सरकार के विधि एवं उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर ने अपराधियों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि बिहार में अब कानून तोड़ने वालों की खैर नहीं है। अपराधियों के पास सिर्फ दो विकल्प बचे हैं-या तो अपराध छोड़ दें या बिहार छोड़ दें, अन्यथा जहन्नुम में जाने के लिए तैयार रहें। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार की अगुवाई में किया गया। मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री संजय सिंह



टाइगर ने केंद्र की एनडीए सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने आर्थिक, सामाजिक और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचा है और पिछले 12 वर्षों में 25 करोड़ से अधिक लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व में कहीं भी संकट आता है तो लोग भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर उम्मीद भरी नजरों से देखते हैं। भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा लगातार बढ़ रही है। सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तय किया है और इसके लिए मजबूत आधार तैयार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बिहार जैसे बड़े राज्यों का विकास देश के विकास के लिए बेहद जरूरी है। विधि मंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार अब बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकलकर विकास और समृद्धि की राह पर आगे बढ़ रहा है। सरकार भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। राज्य में कानून-व्यवस्था बेहतर होने से देश-विदेश के निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया है ताकि निवेशकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मंत्री ने कहा कि कानून की नजर में कोई भी व्यक्ति आम या खास नहीं होता। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं है।

## 70 सीओ और राजस्व अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई तेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में भ्रष्टाचार और काम में लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है। विभाग ने बिहार राजस्व सेवा के 70 अंचल अधिकारियों और राजस्व अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई तेज कर दी है। विभाग के मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने जांच की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि जांच अधिकारियों की तरफ से समय पर रिपोर्ट नहीं मिलने की वजह से दोषी अफसरों को सजा देने में फालतू की देरी हो रही है। मंत्री ने सभी जांच अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि वे जल्द से जल्द अपनी फाइनल रिपोर्ट विभाग को सौंपें। मंत्री दिलीप जायसवाल ने बताया कि जिन अधिकारियों पर कार्रवाई चल रही है उनमें से 17 अधिकारियों को पहले ही सस्पेंड किया जा चुका है। सबसे बड़ी बात यह है कि इन सस्पेंड अधिकारियों में 11 ऐसे हैं जिन्हें निगरानी की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोचा था। विभाग अब इन सभी मामलों में आगे की कानूनी और दंडात्मक कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। राजस्व विभाग अब तक कुल 147 अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है। विभाग का कहना है कि हर एक मामले को बहुत गंभीरता से देखा जा रहा है और जो भी दोषी पाया जाएगा उसे नियमों के मुताबिक कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। जिन जिलों के अपर कलेक्टर के स्तर पर जांच रिपोर्ट काफी समय से अटकी हुई है उन्हें विभाग की तरफ से याद दिलाते हुए एक स्मार पत्र भेजा गया है। इन बड़े अधिकारियों को सिर्फ एक हफ्ते के भीतर अपनी रिपोर्ट देने का अल्टीमेटम दिया गया है ताकि लटके हुए मामलों को तुरंत खत्म किया जा सके। श्री जायसवाल ने चेतावनी दी है कि अगर जिम्मेदार अधिकारियों ने तय समय के अंदर अपनी जांच रिपोर्ट नहीं दी तो उनके खिलाफ एक्शन लेने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को चिट्ठी लिखी जाएगी।

## 70वीं बीपीएससी में 2027 अभ्यर्थियों ने मारी बाजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के लाखों अभ्यर्थियों का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। बिहार लोक सेवा आयोग यानी बीपीएससी ने शनिवार को 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी कर दिया। बीपीएससी अध्यक्ष रवि मनुभाई परमार ने आयोग कार्यालय में परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह और सचिव सत्यप्रकाश शर्मा की मौजूदगी में रिजल्ट की घोषणा की। इसके साथ ही 2027 पदों के लिए करीब दो वर्षों तक चली चयन प्रक्रिया अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई है। अभ्यर्थी आयोग के आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए आयोग ने वर्ष 2024 में अधिसूचना जारी की थी। प्रारंभिक परीक्षा 13 दिसंबर 2024 को आयोजित की गई थी जिसमें राज्यभर के लाखों अभ्यर्थी शामिल हुए थे। हालांकि परीक्षा के दौरान पटना के बापू परीक्षा परिसर में कथित अनियमितताओं और प्रश्नपत्र वितरण को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। इसके बाद अभ्यर्थियों ने कई दिनों तक आंदोलन किया और परीक्षा रद्द करने की मांग उठाई। मामले ने राजनीतिक रंग भी ले लिया था और राजधानी पटना में लगातार प्रदर्शन हुए थे। विवाद के बाद आयोग ने बापू परीक्षा परिसर के अभ्यर्थियों के लिए पुनर्परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया। पुनर्परीक्षा संपन्न होने के बाद प्रारंभिक परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी किया गया और सफल अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा में शामिल होने का मौका मिला। इसके बाद मुख्य लिखित परीक्षा का आयोजन वर्ष 2025 में किया गया जिसमें प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। मुख्य परीक्षा में 20034 अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

### बिहार के 73 लाख से किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि हस्तांतरित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर में आयोजित विश्व की सबसे बड़ी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजनाओं में से एक पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त के तहत 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 18,880 करोड़ रूपये से अधिक की सम्मान राशि सीधे हस्तांतरित की। बिहार के 73 लाख से अधिक किसान परिवारों के खाते में 1,463 करोड़ रूपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गयी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने डिजिटल कृषि मिशन, पीएम फसल बीमा योजना/ पुनर्गठित मौसम आधारित फ़सल बीमा योजना, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन एवं पीएम धन-धान्य कृषि योजना (पश्चिम बंगाल) का भी शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

Yoga 365

Embrace Yoga, 365 Days a Year!

12वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

दिनांक - 21 जून 2026 । समयः प्रातः 6:00 बजे से

स्थानः
स्वर्ण जयंती दीक्षांत मंडप, राँची विश्वविद्यालय परिसर,
मोरहाबादी, राँची

'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग'

"Yoga for Healthy Ageing"

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PR-382725 (Health Med Edu and Family Welfare) 26-27

## किसानों की जरूरतों के अनुरूप बनेगी कार्ययोजना, सिंचाई योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश

# समय पूर्व बीज वितरण की व्यवस्था की जाए : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं कृषि विभाग के प्रधान सचिव द्वारा आज जलछाजन विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की प्रगति एवं क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में योजना के प्रभावी कार्यान्वयन, उपलब्ध राशि के समयबद्ध उपयोग तथा किसानों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों की आवश्यकताओं एवं स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप कार्ययोजनाएं तैयार की जाए तथा



सिंचाई एवं जल संरक्षण से संबंधित योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने विकास आयुक्त, बिहार की अध्यक्षता में अन्य विभागों, विशेषकर लघु जल संसाधन एवं ग्रामीण विकास विभाग से समन्वय स्थापित कर किसानों के हित से जुड़ी योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति दिलाने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। मंत्री ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा जलछाजन विकास के माध्यम से कृषि उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बीज वितरण से संबंधित सभी कार्य समय पर पूर्ण कर लिए जाएं ताकि किसानों को बुआई के मौसम में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े और फसलों की समय पर बुआई सुनिश्चित हो सके। बैठक में निदेशक, भूमि संरक्षण-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार जलछाजन विकास समिति द्वारा योजना की प्रगति की जानकारी दी गई। बताया गया कि जलछाजन विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक स्वीकृत थी जिसे भारत सरकार द्वारा सितंबर 2026 तक विस्तारित किया गया है। साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र सरकार द्वारा 19.85 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है। अधिकारियों ने अवगत कराया कि उक्त राशि के उपयोग हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना को स्टेट लेवल सैंक्शनिंग कमेटी से स्वीकृति प्राप्त होना आवश्यक है। इस संबंध में 7 मई 2026 को विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई थी, किंतु स्वीकृति संबंधी निर्णय अभी लंबित है। स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यों का निष्पादन एवं राशि का व्यय संभव हो सकेगा। बैठक में यह भी बताया गया कि भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि के शीघ्र उपयोग पर विशेष बल दिया जा रहा है, ताकि योजना की राष्ट्रीय स्तर पर वित्तीय प्रगति प्रभावित न हो।

# बीपीएससी 70वीं परीक्षा में सफल 2,027 अभ्यर्थियों को विधानसभा अध्यक्ष ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में अंतिम रूप से सफल हुए सभी 2,027 अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली श्रद्धा पांडे को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए विशेष रूप से बधाई दी। शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस वर्ष परीक्षा परिणाम में बेटियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन नए और प्रगतिशील बिहार की सकारात्मक तस्वीर प्रस्तुत करती है।



उन्होंने कहा कि टॉप-100 में 45 तथा टॉप-10 में 5 महिला अभ्यर्थियों का स्थान प्राप्त करना महिला सशक्तीकरण और शिक्षा के क्षेत्र में राज्य की बढ़ती उपलब्धियों का प्रमाण है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सफल अभ्यर्थी अब बिहार के प्रशासनिक तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवचयनित अधिकारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा राज्य के विकास, सुशासन और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी सफल अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य और सफल सेवाकाल की कामना करते हुए कहा कि युवाओं की यह सफलता बिहार के लिए गौरव का विषय है और इससे अन्य प्रतियोगी छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# नीट परीक्षा पेपर लीक और सीबीएसई अनियमितता पर जिलों में कांग्रेस का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के निर्देश पर बिहार के सभी जिला मुख्यालयों पर नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक और सीबीएसई परीक्षा अनियमितता के खिलाफ व्यापक प्रदर्शन किया गया। इस बाबत प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक और सीबीएसई परीक्षा में अनियमितता के खिलाफ लगातार छात्रों के भविष्य के लिए आंदोलनरत है। पिछले दिनों पटना में भी प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में राजधानी पटना में व्यापक प्रदर्शन किया गया था। अब जिलों में यह कार्यक्रम लगातार दो दिनों से चल रहा है। अधिकांश जिलों में छात्रों के भविष्य के लिए कांग्रेस पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया है। हम छात्रों के लिए लगातार सड़क पर वर्तमान केंद्रीय एनडीए सरकार की कुव्यवस्था और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। हमारे नेता राहुल गांधी लगातार नीट और सीबीएसई छात्रों के हक लिए लड़ रहे हैं जबकि वर्तमान केंद्रीय शासन सत्ता पूरी तरीके से छात्रों के हित के खिलाफ काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी लगातार छात्रों के हित के लिए संघर्षशील है।

# कल्याणकारी योजनाओं से कमजोर वर्गों में जगी आशा की किरण : डॉ प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी

## कमजोर वर्गों की एकता और सशक्तीकरण पर जोर, 22 जून के सम्मेलन की तैयारियां तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आगामी 22 जून 2026 को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में सुबह 10 बजे से होने वाले अभिनंदन सह आभार समारोह एवं अति पिछड़ा सम्मेलन किया जायेगा। इसमें अति पिछड़ा के नवनिर्वाचित सभी विधान परिषद सदस्यों का अभिनंदन किया जाएगा। वहीं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा। शनिवार को होटल रेड वेल्वेट में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अति पिछड़ा सम्मेलन, अभिनंदन सह आभार समारोह के आयोजक बिहार सरकार के मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने कहा कि अति पिछड़ा समाज संख्या में मजबूत है, पर जब समाज संगठित होकर एक मंच पर आएगा तभी उसकी आवाज और प्रभावी बनेगी। पिछले 12 साल की मोदी



सरकार में अति पिछड़ा समाज के कई अहम काम हुए हैं। इससे यह बड़ी आबादी एनडीए की ओर आकर्षित हुई है, लेकिन इस आबादी को लोग यदा कदा गुमराह करने की कोशिश में जुटे रहते हैं। यह सम्मेलन इसी को लेकर उनमें जागरूकता के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर समाज का मान बढ़ाया। इसके अलावा ओबीसी कमिशन को संवैधानिक दर्जा देकर इस समाज को सशक्त करने का काम किया। बाबा साहब अंबेडकर के पांच पवित्र स्थल को पंचतीर्थ में विकसित किया। उन्होंने कहा कि बिहार से भाजपा के अति पिछड़ा समाज के 5 सांसद जिनमें दो लोक सभा और तीन राज्य सभा के सदस्य हैं। वहीं बिहार कैबिनेट में ओबीसी से 4 मंत्री वहीं केंद्रीय मंत्रिमंडल में देश से 28 ओबीसी मंत्री शामिल हैं। अभी हाल में बिहार में 2 नए एमएलसी भी बनाए गए हैं। अब बिहार में भाजपा के अति पिछड़ा समाज के कुल 5 विधान परिषद सदस्य हो गए हैं। इसके अलावा इस अति पिछड़ा समाज के जीवन में सरकार की मुफ्त राशन योजना, आयुष्मान कार्ड, घर-घर नल, बिजली, सड़क हॉस्पिटल आदि की सुविधा से क्रांतिकारी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार के प्रयासों की इस कमजोर वर्गों में आशा की किरण जगी है और समाज में उत्साह पैदा हुआ है। 22 जून के सम्मेलन में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा और नवनिर्वाचित अति पिछड़ा समाज के विधान परिषद सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी तथा केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन अति पिछड़ा समाज की एकजुटता, सामाजिक चेतना और भविष्य की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण अवसर होगा तथा समाज की आकांक्षाओं, समस्याओं और सुझावों को एक मजबूत मंच मिलेगा।

# राजगीर मॉब लिंचिंग कांड की जांच के लिए राजेश राम ने गठित की जांच समिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने नालंदा जिला के राजगीर थाना क्षेत्र में हुई मॉब लिंचिंग की घटना की जांच हेतु एक समिति का गठन किया है। गठित जांच समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं–मिन्नत रहमानी, अमर आजाद, नवल किशोर, रीता सिंह, एडवोकेट जूही प्रीतम, रंजीत वाल्मीकि, हीरा सिंह बग्गा, सामंत प्रधान, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने जांच समिति के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को निर्देश दिया है कि वे घटनास्थल पर जाकर मामले की स्थलीय जांच करें तथा पीड़ित परिवारों से मिलकर वस्तुस्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि जांच समिति अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को प्रस्तुत करेगी, ताकि घटना के सभी पहलुओं की जानकारी प्राप्त कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने तथा दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके।

### राजेश राम आज भरत तिवारी के पीड़ित परिवार से मिलेंगे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम रविवार को भोजपुर जिले के शाहपुर निवासी भरत तिवारी के परिजनों से मुलाकात करेंगे। भरत तिवारी की पुलिस द्वारा कथित जबरन एनकाउंटर में मौत के मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने घटना की जांच के लिए पार्टी की एक जांच समिति का भी गठन किया है।

# भोजपुर मुठभेड़ मामले में न्यायिक जांच का निर्णय सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलौटी गांव में 17 जून 2026 को हुई पुलिस मुठभेड़ की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच के लिए सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा न्यायिक जांच कराए जाने के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्णय का स्वागत किया है। श्री सरावगी ने कहा कि बिहार की एनडीए सरकार कानून के शासन, पारदर्शिता, जवाबदेही और न्याय के सिद्धांतों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी संवेदनशील घटना में सत्य की स्थापना और जनता के विश्वास को बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी भावना के तहत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मामले की न्यायिक जांच कराने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि इस घटना से जुड़े प्रत्येक तथ्य और परिस्थितियों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच होगी तथा किसी भी स्तर पर सत्य को छिपाने का प्रयास नहीं किया जाएगा। न्यायिक जांच के माध्यम से घटना के सभी पहलुओं का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन होगा और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष द्वारा तथ्यों के सामने आए बिना भ्रम और राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है जबकि एनडीए सरकार ने शुरुआत से ही पारदर्शिता और निष्पक्षता का परिचय दिया है। न्यायिक जांच का निर्णय इस बात का प्रमाण है कि सरकार किसी भी मामले में पूर्वाग्रह से नहीं, बल्कि कानून और संविधान की भावना के अनुरूप कार्य करती है। श्री सरावगी ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में सुशासन, कानून-व्यवस्था और जनविश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार का यह कदम न केवल घटना की सच्चाई सामने लाने में सहायक होगा, बल्कि आम लोगों के मन में न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास को भी और मजबूत करेगा।

# विस अध्यक्ष ने दी योग दिवस की बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अंतर राष्ट्रीय योग दिवस पर कहा कि योग शरीर को मजबूत बनाता है, मन को शांत करता है और दैनिक जीवन में जागरूकता के साथ जिम्मेदारी की भावना को भी बढ़ाता है। यह दिन मनुष्य को मानसिक, शारीरिक व बौद्धिक विकास में योग की भूमिका के प्रति जागरूक होने का अवसर प्रदान करता है। ध्यातव्य है कि 11 दिसंबर 2014 को भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्यों की ओर से 21 जून को अंतर राष्ट्रीय योग दिवस को मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी।

# वैश्य समाज के एकीकरण को लेकर पटना में ऐतिहासिक बैठक, राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के कदमकुआं स्थित अप्सरा होटल में वैश्य समाज के व्यापक एकीकरण और राजनीतिक सशक्तिकरण को लेकर विभिन्न वैश्य संगठनों के शीर्ष पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी कमल नोपानी ने की। कार्यक्रम में देश-विदेश के विभिन्न वैश्य संगठनों के राष्ट्रीय, राज्य एवं अंतरराष्ट्रीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार के पूर्व उद्योग मंत्री एवं राष्ट्रीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर महासेठ ने कहा कि वैश्य समाज के एकीकरण के लिए जो भी त्याग और संघर्ष करना पड़ेगा, वे उसके लिए तैयार हैं। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से एक



मंच पर आने का आह्वान किया। राष्ट्रीय वैश्य न्याय महासंघ के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. राजकुमार आजाद ने कहा कि बड़ी आबादी होने के बावजूद वैश्य समाज अपनी राजनीतिक शक्ति के अनुरूप प्रतिनिधित्व प्राप्त नहीं कर सका है। उन्होंने समाज से नेतृत्व निर्माण और राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। वैश्य चेतना समिति के अध्यक्ष ई. सुंदर साह ने कहा कि वैश्य समाज को अब संगठित होकर अपनी सामाजिक एवं राजनीतिक भूमिका को मजबूत करना होगा। वहीं राष्ट्रीय वैश्य न्याय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व डिप्टी कलेक्टर आदित्य शिवमशंकर गुप्ता ने कहा कि समय आ गया है जब वैश्य समाज जाति और उपजातियों की सीमाओं से ऊपर उठकर एकजुट हो तथा अपने नेतृत्व को स्वयं विकसित करे। बैठक में पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. जगन्नाथ गुप्ता ने इसे बिहार के सामाजिक इतिहास की महत्वपूर्ण बैठक बताया। महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव शिव कुमार स्पंदन ने समाज को संगठित कर उसके अधिकारों और सम्मान के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम में 93 वर्षीय सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. वी.के. सिन्हा, पी.के. चौधरी, सहदेव साह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया कि वैश्य समाज को सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से संगठित कर उसकी भागीदारी को मजबूत बनाया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि समाज की एकजुटता ही उसके विकास और प्रभावी प्रतिनिधित्व का आधार बनेगी।

# कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी परिसर में 22 को काव्य संध्या का आयोजन : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जन्दाहा (वैशाली)।** युवा भारत विकास संगठन के तत्वाधान में आगामी 22 जून 2026 को "जन्दाहा ओपन माइक (काव्य संध्या)" का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं, कवियों, साहित्य प्रेमियों एवं उभरती प्रतिभाओं को अपनी अभिव्यक्ति और रचनात्मकता प्रस्तुत करने हेतु एक सशक्त मंच प्रदान करना है। जहां हर आवाज को मिलता है अपना मंच थीम पर आधारित इस आयोजन में कविता पाठ, भाषण, गीत, कहानी एवं अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को



सम्मानित भी किया जाएगा। शिक्षाविद, समाजसेवी एवं कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। डॉ. झा ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं के आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति को नई दिशा प्रदान करते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। युवा भारत विकास संगठन की अध्यक्षा वर्षा ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी की उम्मीद है। उन्होंने छात्र-छात्राओं, साहित्यकारों, कवियों एवं कला प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का आह्वान किया। यह आयोजन 22 जून 2026 (सोमवार) को कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी परिसर, महुआ रोड, जन्दाहा, वैशाली (बिहार) में अपराह्न 3:30 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति, युवा प्रतिभाएं एवं साहित्य प्रेमी शामिल होंगे। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# दरभंगा और जयपुर के बीच एक नई अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों के सुविधा के मद्देनजर खातीपुरा (जयपुर)-दरभंगा-खातीपुरा (जयपुर) अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस का उद्घाटन खातीपुरा जयपुर से 21 जून, 2026 को उद्घाटन स्पेशल 09711 चलाकर किया जायेगा। इस गाड़ी का नियमित परिचालन गाड़ी सं. 19725/19726 खातीपुरा-दरभंगा-खातीपुरा अमृत भारत एक्सप्रेस का खातीपुरा से 22 जून, 2026 से तथा दरभंगा से 23 जून, 2026 से किया जायेगा। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 08, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 11, पेंट्रीकार का 01 तथा एल.एस.एल.आर.डी के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच होंगे। गाड़ी सं. 19726 दरभंगा-खातीपुरा(जयपुर) अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन 23 जून, 2026 से रविवार को छोड़कर सप्ताह में 06 दिन किया जायेगा। यह गाड़ी दरभंगा से 04.30 बजे प्रस्थान कर कमतौल से 04.52 बजे, जनकपुर रोड से 05.13 बजे, सीतामढ़ी से 06.05 बजे, बैरगनियां से 06.38 बजे, रक्सौल से 08.10 बजे, सिकटा से 08.30 बजे, नरकटियागंज से 10.15 बजे, बगहा से 11.10 बजे, कप्तानगंज से 13.10 बजे, गोरखपुर से 14.05 बजे, गोंडा से 16.40 बजे, बाराबंकी से 18.18 बजे, गोमतीनगर से 18.57 बजे, ऐशबाग से 19.20 बजे, उन्नाव से 21.08 बजे, कानपुर सेंट्रल से 22.05 बजे, इटावा से 23.55 बजे, दूसरे दिन टूण्डला से 02.05 बजे, ईदगाह आगरा से 03.05 बजे, भरतपुर से 04.00 बजे, मण्डावर महुवा रोड से 05.17 बजे, बांदीकुई से 07.20 बजे तथा दौसा से 07.55 बजे खुल कर 08.40 बजे खातीपुरा पहुंचेगी।

# भाजपा के 'सहयोग कार्यक्रम' में मंत्रियों ने सुनीं जनता की समस्याएं, त्वरित समाधान का दिया भरोसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी, बिहार प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित 'सहयोग कार्यक्रम' के माध्यम से आमजन की समस्याओं के समाधान का सिलसिला लगातार जारी है। कार्यक्रम के तहत प्रदेश भर से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और सुझाव संबंधित मंत्रियों के समक्ष रखे जिनके त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। खान एवं भूतत्व सह कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी आज 'सहयोग कार्यक्रम' के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसी तरह पिछले एक सप्ताह में प्रतिदिन भाजपा द्वारा आयोजित सहयोग कार्यक्रम में मंत्रियों ने जनता की समस्याएं सुनी और उसका निराकरण किया गया। बिहार सरकार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह ने आमजन से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। दोनों मंत्रियों ने संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर मामलों के शीघ्र समाधान का निर्देश दिया तथा लोगों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस क्रम में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा एवं श्रम संसाधन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद भी सहयोग कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण की दिशा में आवश्यक पहल की। मंत्रियों ने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस सप्ताह शिक्षा मंत्री मिथिलेश कुमार तिवारी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल तथा उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री संजय सिंह 'टाइगर' ने भी सहयोग कार्यक्रम में नागरिकों से संवाद कर उनकी शिकायतों और मांगों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह ने भी इस सप्ताह सहयोग कार्यक्रम के दौरान आमजन की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए।

# रिन्यूएबल एनर्जी एक्सपो में डीएससीआरडी ने किया अत्याधुनिक सोलर डिहाइड्रेशन सिस्टम का प्रदर्शन

## सोलर डिहाइड्रेशन योजना से बिहार के किसानों को मिलेगा नया बाजार : संजीव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में किसानों की आय बढ़ाने और कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नाबार्ड समर्थित सोलर डिहाइड्रेशन योजना का क्रियान्वयन डीएससीआरडी (दीप्ती श्रीवास्तव सेंटर फॉर रूरल डेवलपमेंट) द्वारा किया जा रहा है। इस पहल के तहत किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों एवं कृषि उद्यमियों को फल एवं सब्जियों के प्रसंस्करण के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर मिलेगा। ज्ञान भवन में इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित दो




दिवसीय रिन्यूएबल एनर्जी एक्सपो 2026 में स्टॉल संख्या 4 एवं 5 में लगे डीएससीआरडी के स्टॉल पर किसानों एवं उद्यमियों का जमावड़ा लगा। स्टॉल का मुख्य आकर्षण 500 किलोग्राम क्षमता वाले अत्याधुनिक सोलर डिहाइड्रेशन सिस्टम का प्रदर्शन रहा। डीएससीआरडी के संस्थापक संजीव श्रीवास्तव के नेतृत्व में इस योजना के लिए सोलर बास्केट इंजीनियरिंग, पुणे को टेक्नोलॉजी पार्टनर के रूप में जोड़ा गया है। सोलर बास्केट के संस्थापक एवं निदेशक निखिल चोंदे ने कहा कि अत्याधुनिक सोलर डिहाइड्रेशन सिस्टम में 500 किलोग्राम क्षमता का पूर्णतः सौर ऊर्जा आधारित ड्रायर, स्लाइसर जैसी प्री-प्रोसेसिंग मशीनें तथा वजन मशीन, सीलिंग मशीन एवं बेसिक पैकेजिंग उपकरण जैसी पोस्ट-प्रोसेसिंग सुविधाएं शामिल है। यह तकनीक किसानों को सौर ऊर्जा के माध्यम से बड़े पैमाने पर फल एवं सब्जियों का संरक्षण करने में सक्षम बनाएगी। इससे फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान (पोस्ट-हार्वेस्ट लॉस) में कमी आएगी, अतिरिक्त उत्पादन के दौरान कम कीमत पर बिक्री की मजबूरी घटेगी तथा उत्पादों की शेल्फ लाइफ में वृद्धि होगी।

# समस्तीपुर मंडल संसदीय समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** समस्तीपुर मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन महेन्द्रूघाट, पटना स्थित सभाकक्ष में किया गया। बैठक में समस्तीपुर मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदगण ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर द्वारा की गयी। सभी सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। आज की इस बैठक में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी, राज्य सभा के सांसद प्रो. मनोज कुमार झा, सांसद संजय कुमार झा, सांसद अखिलेश



प्रसाद सिंह, सांसद धर्मशिला गुप्ता एवं पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन, मधेपुरा के सांसद दिनेश चंद्र यादव, दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर, झंझारपुर के सांसद रामप्रीत मंडल, सुपौल के सांसद दिलेश्वर कामैत, मधुबनी के सांसद अशोक कुमार यादव, सीतामढ़ी के सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर, वाल्मिकीनगर के सांसद सुनील कुमार, अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह, शिवहर की सांसद लवली आनंद, वैशाली की सांसद वीणा देवी एवं समस्तीपुर की सांसद शांभवी उपस्थित थीं। इनके अलावा केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह के प्रतिनिधि कृष्ण मोहन पप्पु, केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के प्रतिनिधि तरूण कुमार, केन्द्रीय खान एवं कोयला राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे के प्रतिनिधि रंजीत कुमार चौबे, सांसद डॉ. संजय जायसवाल के प्रतिनिधि अखिलेश्वर सिंह, सांसद राजेश वर्मा के प्रतिनिधि विद्यानाथ झा, सांसद डॉ. फैयाज अहमद के प्रतिनिधि विष्णुदेव सिंह यादव उपस्थित थे। बैठक में सांसदगण ने रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये। सांसदगण द्वारा आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा हुई।

CMYK

# कड़ी सुरक्षा के बीच आज होगी नीट की पुनर्परीक्षा

## परीक्षा को कदाचारमुक्त व पारदर्शी बनाने को लेकर डीएम ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** 21 जून 2026 को आयोजित होने वाले नीट (यूजी) पुनर्परीक्षा 2026 के सफल एवं कदाचारमुक्त संचालन तथा विधि-व्यवस्था संधारण हेतु जिलाधिकारी उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से समाहरणालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में ब्रीफिंग की गई। सभी संबंधित पदाधिकारियों को अभ्यर्थियों की हर सुविधा का ख्याल रखने एवं उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, सुचारू यातायात संचालन तथा सुदृढ़ विधि-व्यवस्था संधारण सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। बैठक में सभी पदाधिकारियों को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के बारे में बारीकी से अवगत कराया गया तथा उन्हें अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित कर इसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस परीक्षा के सफल संचालन हेतु कई बार उच्च-स्तरीय समीक्षा हो चुकी है। उच्चतम स्तर से तैयारियों का सतत अनुश्रवण किया जा रहा है। इसमें किसी भी स्तर पर कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा को लेकर रोहतास जिले के सासाराम में 7 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं जिसमें श्रीशंकर उच्च माध्यमिक विद्यालय, एसपी जैन कॉलेज, रोहतास महिला कॉलेज, शेरशाह सूरी इंटर स्कूल, शेरशाह इंजीनियरिंग कॉलेज, श्री शंकर कॉलेज, शेरशाह कॉलेज शामिल है जहां 3598 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के पहुंचने का समय/प्रवेश पत्र में दर्शाए गए समय के अनुसार प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:30 बजे तक, परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों के प्रवेश का अंतिम समय अपराह्न 01:30 बजे एवं परीक्षा केन्द्र का प्रवेश द्वार बंद होने का समय अपराह्न 01:30 बजे निर्धारित है। निर्धारित समय अवधि के उपरांत किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष के अंदर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यथा मोबाइल फोन, टैबलेट, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच, ईयरफोन, इरेजर इत्यादि ले जाने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थियों को वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश पत्र के सत्यापन के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। किसी भी दशा में किसी भी अभ्यर्थी को वैध प्रवेश पत्र और सत्यापन के बिना परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर 100 अभ्यर्थियों के लिए एक स्टैटिक दण्डाधिकारी (पुलिस पदाधिकारी एवं पुरुष/महिला पुलिस बल के साथ) की प्रतिनियुक्ति की गयी है। स्टैटिक दण्डाधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर स्थायी (स्टैटिक) रूप से भ्रमणशील रह कर स्वच्छ, कदाचार रहित एवं शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न करायेंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में स्टैटिक दण्डाधिकारी अपनी मौजूदगी में कक्षवार वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति रैंडम तरीके से केन्द्राधीक्षक द्वारा कराना सुनिश्चित करेंगे। संबंधित केन्द्राधीक्षक को निदेश दिया गया कि सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग रोहतास से समन्वय स्थापित कर शारीरिक रूप से अक्षम उम्मीदवारों के लिए नामित केन्द्रों पर व्हील चेयर/दिव्यांगों के अनुकूल व्यवस्था कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग रोहतास को निदेश दिया गया कि संबंधित केन्द्राधीक्षक को आवश्यकतानुसार उम्मीदवारों के लिए व्हील चेयर/दिव्यांगों के अनुकूल व्यवस्था कराना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा केन्द्रों पर इम्परसोनेशन एवं किसी प्रकार का कदाचार नहीं होने पाये।

## मंडल कारा सासाराम में बंदियों के कौशल विकास पर जोर, जिला जज ने किया त्रैमासिक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के मंडल कारा सासाराम में बंदियों के सुधार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास को लेकर चलाए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए शनिवार को त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार जैन के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने कारा परिसर का निरीक्षण कर बंदियों को उपलब्ध सुविधाओं एवं सुधारात्मक गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। टीम ने जेल अस्पताल, महिला वार्ड, रसोईघर, वृद्ध वार्ड, तरुण वार्ड तथा सजावार बंदियों के वार्ड का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने विभिन्न वार्डों में जाकर बंदियों से संवाद किया और उनकी समस्याओं तथा आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के उपरांत जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश को बुके देकर स्वागत किया। जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय ने बताया कि जिला जेल में संबंधित विभागों को बंदियों के व्यक्तित्व विकास और भविष्य निर्माण के लिए अधिक से अधिक रचनात्मक एवं उपयोगी गतिविधियां संचालित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जेल केवल दंड देने का स्थान नहीं, बल्कि सुधार और पुनर्वास का केंद्र भी है। जेल अधीक्षक ने बताया कि पिछले तीन महीनों के दौरान बंदियों को वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, टेलरिंग एवं लघु उद्योगों से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त 40 बंदियों को कंप्यूटर शिक्षा दी गई है जबकि 220 बंदियों को साक्षरता अभियान के तहत शिक्षित किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बंदियों को आत्मनिर्भर बनाना तथा रिहाई के बाद उन्हें सम्मानजनक जीवन और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। कारा प्रशासन के अनुसार मंडल कारा सासाराम को एक आदर्श सुधारात्मक संस्थान के रूप में विकसित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। लक्ष्य है कि आने वाले समय में यह जेल बिहार की सर्वश्रेष्ठ जेलों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा।

## जनसुनवाई में एसपी रौशन कुमार ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, त्वरित निष्पादन पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** आमजनों की समस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध समाधान को लेकर रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार लगातार गंभीर नजर आ रहे हैं। पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान एसपी ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसपी रौशन कुमार ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि फरियादियों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार करें तथा प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी प्रतिदिन अपने कार्यालय में आम लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनते हैं और उनके समाधान का प्रयास करते हैं। हाल के दिनों में आयोजित जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में मामलों की सुनवाई की गई जिनमें अधिकांश मामलों में मौके पर ही आवश्यक निर्देश जारी किए गए। रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार की कार्यशैली को लेकर आम लोगों में सकारात्मक संदेश जा रहा है। किसी भी घटना की सूचना मिलने पर स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेना और मामलों के त्वरित निष्पादन का प्रयास करना लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोहतास को एक सक्रिय, संवेदनशील और जनसरोकारों से जुड़े पुलिस अधीक्षक मिले हैं जो जनता की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं।

## देशी शराब के साथ बाइक जब्त, तस्कर फरार




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** दरिहट पुलिस ने थाना क्षेत्र के धरहरा स्थित 9 बी बालू घाट के रास्ते से 50 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक बाइक को जब्त किया। वहीं तस्कर पुलिस को आते देख शराब व बाइक छोड़ कर खेत के रास्ते नौ दो ग्यारह हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि शनिवार को गुप्त सूचना मिली कि एक कारोबारी बाइक से शराब लेकर जा रहा है। वहीं सूचना पर गश्ती पुलिस को उक्त स्थल पर भेज कर छापेमारी किया गया जहां तस्कर पुलिस की गाड़ी आते देख बाइक पर लदा शराब छोड़कर भाग निकला। वहीं पुलिस ने शराब व परिवहन में प्रयुक्त किया गया बाइक को जब्त कर थाना लाया। जांचोपरांत 50 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने दो लोगों को चिन्हित करते हुए मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम 2018 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया है।

## पैक्स के पूर्व अध्यक्ष पर 2.47 करोड़ बकाया, गिरफ्तारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**विक्रमगंज (रोहतास)।** राजपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम सखरा निवासी मंगरवलिया पैक्स के भूतपूर्व अध्यक्ष अरविंद राय को शुक्रवार, 20 जून 2026 को अपराह्न करीब 3 बजे बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में राजपुर थाना पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज प्रभात कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उन पर नीलाम पत्र वाद में 2 करोड़ 47 लाख 51 हजार 997 रुपये की सरकारी राशि बकाया है। जिला सहकारिता पदाधिकारी-सह-नीलाम पत्र पदाधिकारी, रोहतास के न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई। प्रशासन के अनुसार बकायेदार अरविंद राय, पिता स्वर्गीय विश्वनाथ राय को बकाया राशि जमा करने के लिए कई बार अवसर दिया गया, लेकिन तय समय-सीमा में भुगतान नहीं करने पर न्यायालय ने वारंट जारी किया। वारंट मिलते ही अनुमंडल प्रशासन और राजपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर उन्हें हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के बाद अरविंद राय को आगे की विधिक कार्रवाई के लिए संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रशासन ने साफ किया है कि सरकारी देयों की वसूली और न्यायालय के आदेशों के पालन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि बकाया सरकारी राशि की वसूली के लिए आगे भी कानूनी प्रक्रिया के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। यह गिरफ्तारी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि अन्य बड़े बकायेदारों पर भी जल्द कार्रवाई हो सकती है।

## 20 सूत्री बैठक में अफसरों की गैरहाजिरी पर नाराजगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** दावथ प्रखंड कार्यालय परिसर के मनरेगा भवन में शनिवार को प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक चौधरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम के सदस्यों की बैठक हुई जिसमें विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान सदस्यों ने विद्युत जेई, नगर पंचायत कोआथ के कार्यपालक पदाधिकारी और सीडीपीओ की अनुपस्थिति पर कड़ा रोष जताते हुए कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर आयोजित बैठक में संबंधित पदाधिकारियों का मौजूद रहना जरूरी है। बैठक में प्रखंड में चल रहे सभी विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई और सदस्यों ने मौजूद पदाधिकारियों से हर योजना में पारदर्शिता बरतने व समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा कराने पर जोर दिया। इसी क्रम में दावथ प्रखंड मुख्यालय में हाई स्कूल की स्थापना और मलियाबाग चौक पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से रखा गया। सदस्यों ने जन वितरण प्रणाली की दुकानों पर लाभुकों को 5 किलो के स्थान पर 4.5 किलो अनाज दिए जाने का पुरजोर विरोध किया और इस अनियमितता की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई ताकि गरीबों का हक मारा न जाए। बैठक में बीडीओ विकास कुमार, सीओ सौरभ कुमार, बीईओ आनंद किशोर सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राणा प्रताप सिंह, बीसीओ सीताराम सिंह समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

## आईपीएस अतुलेश झा के कार्यकाल में सुलझीं कई ब्लाइंड केस की गुत्थियां, भागलपुर नगर एसपी बने

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** वर्ष 2022 बैच के आईपीएस अधिकारी अतुलेश झा का स्थानांतरण भागलपुर के नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) पद पर किया गया है। उन्होंने 18 फरवरी 2025 को डिहरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) के रूप में योगदान दिया था। अपने लगभग 16 माह के कार्यकाल में उन्होंने कई चर्चित और ब्लाइंड केसों का सफल उद्भेदन कर पुलिस महकमे में अपनी अलग पहचान बनाई। अपने कार्यकाल के दौरान आईपीएस अतुलेश झा ने 30 जनवरी को स्टेशन रोड सब्जी मंडी के पास सूटकेस में मिले मेहरुन्निसा के शव मामले की गुत्थी सुलझाई। पुलिस ने चार दिनों के भीतर मृतका के पति क्यामुद्दीन शेख मंसूरी को कैमूर जिले के सोनहन थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया था। हाल ही में इंद्रपुरी थाना क्षेत्र से एक किशोरी के शादी की नीयत से अपहरण के मामले का भी सफल उद्भेदन किया गया। इस मामले में आरोपी को महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी शहर से गिरफ्तार किया गया तथा किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया। जांच में यह भी सामने आया कि अपहरण कांड को हत्या का रूप देने के लिए आरोपी ने एक मुर्गी को चापाकल के पास काटकर उसके खून से हाथ और पैर के निशान बनाए थे, ताकि लोगों को लगे कि किशोरी की हत्या कर दी गई है। मादक पदार्थों के खिलाफ भी उनके नेतृत्व में लगातार अभियान चलाया गया। 28 मई को कटहल की आड़ में पिकअप वाहन से करीब 500 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था। इसके अलावा 16 नवंबर को 127.97 किलोग्राम तथा 16 दिसंबर को 92.67 किलोग्राम गांजा जब्त कर कई तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इसके अतिरिक्त फर्जी शादी से जुड़े चर्चित मामले का भी सफल उद्भेदन किया गया। अपराध नियंत्रण, त्वरित कार्रवाई और जटिल मामलों के खुलासे को लेकर अतुलेश झा का कार्यकाल डिहरी अनुमंडल में काफी प्रभावशाली माना जा रहा है। उनके स्थानांतरण के बाद स्थानीय लोगों और पुलिसकर्मियों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी है।

## रेलवे नियमों में बड़ा बदलाव, बिना टिकट यात्रा, अवैध फेरी और महिलाओं के आरक्षित डिब्बों के दुरुपयोग पर बढ़ी पेनाल्टी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रेल मंत्रालय की अधिसूचना संख्या एस.ओ. 3255(ई) 19 जून, 2026 के माध्यम से जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) अधिनियम, 2026 के तहत रेलवे अधिनियम, 1989 के विभिन्न संशोधित प्रावधान प्रभावी हो गए हैं। संशोधनों के तहत कई मामलों में अदालती जुर्माने के स्थान पर पेनल्टी का प्रावधान किया गया है जिससे दंड प्रक्रिया को सरल बनाने तथा नियमों के प्रभावी अनुपालन को बढ़ावा मिलेगा। संशोधित प्रावधानों के अनुसार बिना उचित टिकट यात्रा करने पर देय न्यूनतम अतिरिक्त प्रभार 250 से बढ़ाकर 500 कर दिया गया है। किसी अन्य व्यक्ति के लिए जारी टिकट पर यात्रा करने की स्थिति में टिकट जब्त किया जाएगा तथा न्यूनतम 500 का अतिरिक्त प्रभार देय होगा। इसी प्रकार बिना लाइसेंस अवैध फेरी अथवा प्रचार-प्रसार करने पर 2,000 तक पेनल्टी, यात्री क्षेत्र में अनधिकृत प्रवेश पर 500 पेनल्टी तथा महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बे, कक्ष, बर्थ अथवा सीट पर अनधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले पुरुष व्यक्ति के लिए 2,500 पेनल्टी का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त नशे की अवस्था में उपद्रव, धूम्रपान, रेलवे सेवकों के कार्य में बाधा, डिब्बों में अनधिकृत प्रवेश तथा आपत्तिजनक वस्तुओं के परिवहन से संबंधित प्रावधानों में भी संशोधन किए गए हैं। आपत्तिजनक वस्तुओं को रेलवे में लाने अथवा परिवहन हेतु सौंपने के मामलों में न्यूनतम 10,000 पेनल्टी का प्रावधान किया गया है। रेल ने यात्रियों एवं रेल उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि वे रेलवे अधिनियम, 1989 के संशोधित प्रावधानों का पालन करते हुए सुरक्षित, स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित रेल यात्रा सुनिश्चित करने में सहयोग प्रदान करें।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ऐनीकट झारखंडी मंदिर परिसर में किया जाएगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को ऐनीकट स्थित झारखंडी मंदिर परिसर में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। पूर्व विधायक इंजीनियर सत्यनारायण सिंह के नेतृत्व में प्रतिदिन योग शिविर आयोजित कर लोगों को योगाभ्यास कराया जा रहा है। पूर्व विधायक ने बताया कि 21 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोग, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी, स्कूलों के विद्यार्थी तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम में योगाचार्य भगवान राम प्रजापति के निर्देशन में कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम सहित ताड़ासन, वृक्षासन जैसे विभिन्न योगासन कराए जाएंगे। योगाचार्य भगवान राम प्रजापति ने कहा कि योग व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने लोगों को घर पर आसानी से किए जाने वाले योगासनों का अभ्यास भी कराया और बताया कि इन सरल आसनों को बच्चे भी खेल-खेल में कर सकते हैं। नियमित योग और प्राणायाम से शरीर स्वस्थ रहने के साथ मानसिक तनाव भी कम होता है। उन्होंने बताया कि झारखंडी मंदिर के समीप स्थित मां लखपति पार्क एवं ऐनीकट परिसर में प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जा रहा है। योग शिविर में बड़ी संख्या में लोग भाग लेकर स्वस्थ जीवन का संकल्प ले रहे हैं। योगाभ्यास के उपरांत प्रतिभागियों के लिए गुड़, चना, पानी, शरबत एवं लस्सी की व्यवस्था भी की जा रही है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से 21 जून को आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेकर योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की है।

## कैमूर में पैक्स चुनाव की सरगर्मी तेज, नामांकन शुरू, 3 जुलाई को मतदान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** कैमूर के रामपुर प्रखंड क्षेत्र की भितरिबांध पंचायत में पैक्स समिति के चुनाव को लेकर शनिवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए एक प्रत्याशी और सदस्य पद के लिए 11 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। अध्यक्ष पद के लिए राजकमल सिंह ने अपना पर्चा भरा है। सदस्य पद के लिए विभिन्न आरक्षित और सामान्य वर्गों से कुल 11 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया है। इनमें सामान्य वर्ग से दो, पिछड़ा वर्ग से दो पुरुष, अति पिछड़ा वर्ग से दो पुरुष व एक महिला तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग से दो पुरुष एवं दो महिला उम्मीदवार शामिल हैं। अंचल नाजिर जय प्रकाश ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया पंचायत सरकार भवन, बेलांव के सभागार में सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार मौर्य की देखरेख में चल रही है। नामांकन के लिए प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक का समय तय किया गया है जो आगामी 22 जून तक चलेगा। शांति व्यवस्था के लिए नामांकन स्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया है। इस पैक्स चुनाव के लिए 3 जुलाई को मतदान कराया जाएगा।

## वृद्ध का शव बरामद

डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)। नगर थाना क्षेत्र के नगर परिषद बस पड़ाव के यात्री शेड से एक 55 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव पुलिस ने शनिवार शाम बरामद किया। डिहरी नगर अपर थानाध्यक्ष संजय विकास त्रिपाठी के अनुसार उम्मीद जताई जा रही है कि भीषण गर्मी के कारण मौत हुई है। मौत के कारणों की जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया गया है मृतक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

## चांद अस्पताल में 12 वर्षीय बच्ची की मौत

**भभुआ।** कैमूर जिले के चांद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दर्दनाक घटना सामने आई जहां इलाज के लिए लाई गई 12 वर्षीय बच्ची सुनीता कुमारी की अचानक मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में हंगामा खड़ा हो गया। मृत बच्ची के परिजनों ने इलाज में लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुए अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों को जिम्मेदार ठहराया।


**कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 09/2026–27**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑंव।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 01.07.2026 को अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में दिनांक 02.07.2026 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समयः– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में दिनांक 02.07.2026 को अपराह्न 02:30 बजे से।
6. कार्य विवरणीः–

| ग्रुप सं0 | वार्ड सं0 | मद | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 10 | नागरिक सुविधा | RCC drain from Tanveer Alam house to Culvert. | 904800 | 5000 | 18100 | 45 Days |
| 02 | 09 | नागरिक सुविधा | RCC drain from Rajkumar Ram house to Dhanu Ram house. | 688800 | 5000 | 14000 | 45 Days |
| 03 | 09 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain from Sukum Ram house to Rajkumar Ram house | 688800 | 5000 | 14000 | 45 Days |
| 04 | 02 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with slab from Jay Kumar Pandey Land to Bharat Pandey Land. | 912600 | 5000 | 18500 | 45 Days |
| 05 | 02 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with slab from Kailas Ram house to Jay Kumar Pandey Land. | 956800 | 5000 | 19200 | 45 Days |
| 06 | 02 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with slab from Unchari Pokhra to Kailas Ram house | 869300 | 5000 | 17500 | 45 Days |
| 07 | 05 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC culvert 1mX2mX1.4m at Mela ghat | 881400 | 5000 | 18000 | 45 Days |
| 08 | 02 | नागरिक सुविधा | Repair of RCC drain from Nandu Ram house to Rajesh Ram house | 251700 | 1000 | 5100 | 45 Days |

**नोट** :– विस्तृत सूचना एवं शर्ते अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर पंचायत मझिऑंव।**

PR 382875 (Urban Development) 26-27 (D)


## मोदी सरकार के 12 साल बेमिसाल पर प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**सासाराम।** भारतीय जनता पार्टी रोहतास द्वारा जिला कार्यालय सासाराम में मोदी सरकार के 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के प्रबुध्दजन सम्मेलन भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद शिवेश कुमार थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद शिवेश कुमार ने मोदी सरकार के 12 साल की बेमिसाल कार्यकाल की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से केंद्र सरकार की योजनाओ में कृषि और कल्याण, सामाजिक सुरक्षा एवं बीमा, रोजगार एवं कौशल विकास, आवास और बुनियादी ढांचा, महिला और बाल विकास के क्षेत्र की योजनाओ पर विस्तार से प्रबुद्ध जनों के बीच चर्चा किये। जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने 12 साल की उपलब्धियों में आर्थिक सुधार और डिजिटल क्रांति, ऐतिहासिक राजनीतिक निर्णय, राम मन्दिर निर्माण, धारा 370, नागरिक संशोधन कानून, सामाजिक कल्याण और सशक्तिकरण, राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्म निर्भरता, कोविड 19 प्रबंधन पर विशेष रूप से चर्चा किये, कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शीला सिंह कुशवाहा, निर्वतमान जिलाध्यक्ष सुशील चंद्रवंशी, पूर्व विधायक ललन पासवान ने भी 12 साल बेमिसाल पर विस्तृत जानकारी प्रबुद्धजनों को दिये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद सिंह, सुशील चन्द्रवंशी, विजय सिंह, प्यारेलाल ओझा, विवेक सिंह, सुधीर सिंह, सुजीत कुमार गोंड, सत्यनारायण पासवान, कमलेश कुमार सिन्हा, संजय कुमार तिवारी, शिवनाथ चौधरी, संदीप कुमार सोनी, रजनीश कुमार वर्मा, विनीत कुमार सोनी, सुरेंद्र पाण्डेय, दीपक राय, प्रतिभा पल्लवी, कृष्ण सुदामा, राजीव सिंह, विनोद गोस्वामी, जितेन्द्र केशरी, अभिषेक तिवारी, कपिलदेव चौधरी, राकेश रंजन, प्रेमचंद कुमार, ध्रुव सिंह, सत्येन्द्र सिंह, सन्नी चन्द्रवंशी, मीना गुप्ता, रेखा कुमारी, पूनम सिंह, जितेन्द्र सिंह, भागवत जायसवाल, राधेश्याम पाण्डेय, राजेश सिंह, छोटेलाल सोनी, गुड्डू सिंह, दीपक कश्यप, जमशेद अहमद, अभय कुशवाहा, विद्या भास्कर, सत्येन्द्र दुबे, प्रेम कुशवाहा सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# राजगीर मॉब लिंचिंग मामले में एंबुलेंस कर्मी समेत तीन आरोपित गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**राजगीर।** राजगीर के चर्चित मॉब लिंचिंग मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि विशेष अनुसंधान दल ने तीन और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही मामले में अब तक कुल चार आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तारी करो कि में एंबुलेंस कर्मी का चालक बताया जा रहा है। डीएसपी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित एसआईटी ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो, सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। जांच के क्रम में पहले एक आरोपित की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर तीन अन्य लोगों की पहचान कर उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों में सिलाव थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी 28 वर्षीय सन्दू राम, छबिलापुर थाना क्षेत्र के मेयार गांव निवासी 36 वर्षीय विवेक प्रसाद तथा शेखपुरा जिले के बरबीघा थाना क्षेत्र के रजौरा गांव निवासी 32 वर्षीय मनीष कुमार शामिल हैं। आरोपितों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। डीएसपी ने बताया कि पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना में शामिल तीन से चार अन्य लोगों की भी पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए विभिन्न संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

# जनता दरबार में भूमि विवाद के 10 मामलों की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हरनौत।** प्रखंड कार्यालय स्थित अंचलाधिकारी कक्ष में शनिवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े 10 मामलों की सुनवाई की गई। अंचलाधिकारी पूजा कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित इस जनता दरबार में पांच मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष पांच मामलों की सुनवाई अगली तिथि तक स्थगित कर दी गई।जनता दरबार में हरनौत, कल्याण बिगहा और चेरो ओपी थाना क्षेत्र से स्वामित्व विवाद, भूमि बंटवारा, सीमांकन एवं अतिक्रमण से संबंधित मामले प्रस्तुत किए गए। अंचलाधिकारी ने बताया कि कुल 10 मामलों में से सात मामले पूर्व से लंबित थे, जबकि तीन नए आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी मामलों की सुनवाई वादी एवं प्रतिवादी दोनों पक्षों की उपस्थिति में की गई तथा उपलब्ध दस्तावेजों और बयानों की गहन जांच-पड़ताल की गई।सुनवाई के दौरान हरनौत, चेरो ओपी और कल्याण बिगहा क्षेत्र से जुड़े पांच मामलों का तत्काल निपटारा कर दिया गया। ये मामले मुख्य रूप से भूमि स्वामित्व और बंटवारे से संबंधित थे।वहीं, पांच मामलों में दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बनने तथा कुछ पक्षों की अनुपस्थिति के कारण निर्णय नहीं हो सका। लंबित मामलों के संबंधित पक्षों को अगली निर्धारित तिथि पर भूमि संबंधी सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, सीआई रामानंद प्रसाद, लिपिक मनीष कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर

### प्रख्यात चिकित्सक डॉ. देवब्रत प्रसाद को दी गई श्रद्धांजलि



**बिहारशरीफ।** शहर के प्रख्यात चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. देवब्रत प्रसाद के निधन से चिकित्सा जगत और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनका निधन 18 जून की रात हो गया था। उनके आकस्मिक निधन की खबर से चिकित्सकों, समाजसेवियों और आम लोगों में गहरा दुख व्याप्त है।इसी क्रम में 19 जून की संध्या रामचंद्रपुर स्थित महावीर सेवा मंडल ट्रस्ट कार्यालय में डॉ. अवधेश प्रसाद की अध्यक्षता में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित चिकित्सकों एवं गणमान्य लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।सभा को संबोधित करते हुए डॉ. अवधेश प्रसाद ने कहा कि डॉ. देवब्रत प्रसाद केवल एक कुशल चिकित्सक ही नहीं, बल्कि महान समाजसेवी भी थे। उनका व्यवहार अत्यंत सरल, मृदुभाषी और मिलनसार था, जिसके कारण समाज के हर वर्ग के लोगों से उनका विशेष लगाव था। उन्होंने अपने जीवन को मरीजों की सेवा और समाज कल्याण के कार्यों के लिए समर्पित किया।वक्ताओं ने कहा कि डॉ. देवब्रत प्रसाद का निधन चिकित्सा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके योगदान और सेवाओं को हमेशा याद किया जाएगा। शोकसभा में मंजू प्रसाद,डॉ पवन कुमार भारती, डॉ संतोष कुमार,अजय कुमार, बंदना बर्मा, विश्व प्रकाश,मंजू प्रकाश,ओम प्रकाश, सुजीत कुमार, रवि खत्री, यदुनंदन प्रसाद, रंजीत कुमार, अनिल कुमार आदि भाग लिए।

### गरीबों की समस्याओं को लेकर भाकपा माले की बैठक

**हिलसा।** प्रखंड क्षेत्र के अकबरपुर पंचायत में गरीबों की समस्याओं एवं सदस्यता अभियान को लेकर भाकपा माले की ओर से एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के सदस्यों ने की। इसमें पंचायत के बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों के हित में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन अधिकांश योजनाएं धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू नहीं हो पा रही हैं। पात्र परिवारों को गरीबी उन्मूलन योजनाओं, अंत्योदय योजना, वृद्धावस्था पेंशन, अंत्येष्टि सहायता एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल रहा है, जिससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।भाकपा माले नेताओं ने कहा कि गरीबों और जरूरतमंदों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार और प्रशासन द्वारा समस्याओं पर ध्यान नहीं दिए जाने की स्थिति में प्रखंड मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में संतोष पासवान, रामेश्वर मांझी, रंजीत मांझी, पंचायत सचिव वाल्मीकि प्रसाद, राजेंद्र मांझी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में योगाभ्यास

**बिहारशरीफ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को नालंदा जिले के विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अस्थावां प्रखंड की मालती पंचायत स्थित मालती गांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचओ प्रेमलता सिन्हा ने की। इस दौरान योग शिक्षक ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा योग के महत्व और स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम में एएनएम किरण कुमारी, निशा कुमारी, आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदियां एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।वहीं सिलाव प्रखंड के नीरपुर पंचायत स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में भी योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सीएचओ नीतू कुमारी ने की। योग शिक्षक द्वारा प्रतिभागियों को योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए नियमित योग करने के फायदे बताए गए। कार्यक्रम में एएनएम, आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदियां तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को दैनिक जीवन में योग को शामिल करने और स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक करना था। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष योग दिवस की थीम योगा फॉर हेल्दी एजिंग रखी गई है।

### नवादा के होनहार खिलाड़ी तौसीफ रसूल को सदर एसडीपीओ हुलास कुमार ने किया सम्मानित




**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नवादा के होनहार हैंडबॉल खिलाड़ी तौसीफ रसूल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर पूरे भारत का मान बढ़ाया है। बांग्लादेश को हराकर भारतीय अंडर-20 हैंडबॉल टीम ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया। फाइनल मुकाबले में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए तौसीफ रसूल ने "मैन ऑफ द मैच" का खिताब अपने नाम कर नवादा एवं बिहार को गौरवान्वित किया। नवादा पहुंचने पर सदर एसडीपीओ-1 हुलास कुमार ने अपने कार्यालय में तौसीफ रसूल को प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सदर एसडीपीओ-1 हुलास कुमार ने कहा कि, "तौसीफ रसूल की यह उपलब्धि नवादा जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सम्मान प्राप्त करने के बाद तौसीफ रसूल ने सदर एसडीपीओ-1 हुलास कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, "यह सम्मान मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। मैं अपने परिवार, कोच, टीम के साथियों एवं सभी शुभचिंतकों का धन्यवाद करता हूं, जिनके सहयोग से मैं इस मुकाम तक पहुंच पाया। मेरा लक्ष्य आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर देश के लिए और अधिक उपलब्धियां हासिल करना है। नवादा और बिहार के लोगों का स्नेह एवं समर्थन मुझे निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।" इस मौके पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव मनीष आनंद, राष्ट्रीय कोच संतोष वर्मा एवं अन्य उपस्थित थे ।

### अवैध संबंध के शक में पत्नी की पीट पीटकर हत्या

**नवादा।** एक बार फिर से अवैध संबंध में पत्नी की पति के द्वारा हत्या कर दी गई है। अकबरपुर थाना क्षेत्र के साहेबगंज गांव से यह मामला सामने आ रहा है। जहां आरोपी सुभाष चौधरी ने अपनी पत्नी सुनीता कुमारी को पीट-पीट कर मार डाला। जिससे पूरे परिवार में हड़कंप मच गया। इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए मृतक के मायके वालों ने बताया कि 2016 में उसकी शादी सुभाष चौधरी से हुई थी।बीच-बीच में अक्सर दहेज के रूप में उनसे कुछ ना कुछ की मांग होती रहती थी और वह सिलसिला आज तक जारी है। इस बीच सुनीता को यह पता चला कि उसके पति का अवैध संबंध उसके भाभी के साथ है। जिसका वह विरोध भी करती थी। विरोध करने पर पति द्वारा उसे अक्सर पीटा भी जाता था मगर वह बर्दाश्त कर रहती थी। कुछ दिनों पहले वह परीक्षा देने के लिए बाहर गई हुई थी और उसके भाई ने उसे जब ससुराल उसे दोबारा पहुंचा दिया तो अगले ही दिन मायके वालों को फोन आता है कि सुनीता की स्थिति गंभीर है। जब परिजन वहां पहुंचे तो उसकी लाश घर में पड़ी हुई थी। पति ने ही पीट पीट कर उसकी हत्या कर डाली। इस बीच पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार भी कर लिया है। मायके वालों ने पति एवं उसकी भाभी एवं उनके बहन को मुख्य आरोपी इस पूरे मामले में बनाया है। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं पुलिस इस पूरे मामले की कार्रवाई की जुट गई है।

# विकसित भारत संकल्प सभा में गिनाईं मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियां



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** भारतीय जनता पार्टी, नालंदा द्वारा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा में बिहार सरकार के उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने जिलेभर से आए प्रबुद्ध नागरिकों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, व्यवसायियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे देश को आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया गया है और जल्द ही भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।उन्होंने बिहार में अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की सख्त नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि अपराधियों एवं भ्रष्टाचारियों के लिए राज्य में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से अर्जित संपत्ति कहीं भी छिपाई जाए, सरकार उसे खोजकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करेगी। सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री विरेन्द्र गोप ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी बलराम मंडल एवं प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल भी उपस्थित रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। वहीं प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंच रहा है, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है। अंत में सतीश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, शैलेन्द्र कुमार, सुधीर कुमार, तेजस्विता राधा, शिवशंकर दास,साबो देवी, डा आशुतोष कुमार, जिला महामंत्री विरेन्द्र गोप, शिवरतन प्रसाद, जिला मंत्री अमरेश कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, रंजू कुमारी, राजीव रंजन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, श्याम किशोर प्रसाद सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रूचि श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति रही।

# किसानों को उन्नत खेती और खेत बचाओ का दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**इस्लामपुर।** शारदीय ( खरीफ ) महाअभियान-2026 के अंतर्गत शनिवार को प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सह खेत बचाओ अभियान का आयोजन प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक रूहेल रंजन, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामदेव राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामदेव राम की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष किसानों ने भाग लिया। किसानों को संबोधित करते हुए विधायक रूहेल रंजन ने कहा कि खेती शुरू करने से पहले सभी किसान अपने खेतों की मिट्टी की जांच अवश्य कराएं। मिट्टी की गुणवत्ता के अनुसार उन्नत बीजों का चयन कर अधिक उत्पादन और बेहतर लाभ प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने किसानों को जैविक खेती अपनाने तथा कृषि वैज्ञानिकों की सलाह के अनुसार बीज उपचार एवं कीटनाशकों के संतुलित उपयोग पर विशेष जोर दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने किसानों को फसल चक्र अपनाने और कम समय व कम पानी में तैयार होने वाली धान की किस्मों की खेती करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ऊंची भूमि पर जहां पारंपरिक खेती




कठिन है, वहां मछली पालन, मधुमक्खी पालन, बागवानी एवं फलदार पौधों की खेती से अतिरिक्त आय अर्जित की जा सकती है। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ. देवेंद्र कुमार एवं जिला कृषि परामर्शी धनंजय कुमार सिंह ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, जल संरक्षण तथा बेहतर उत्पादन के उपायों की जानकारी दी। मौके पर आत्मा अध्यक्ष अंबिकाशरण सिंह, उद्यान पदाधिकारी मुकेश कुमार, कृषि समन्वयक संजीत कुमार, कृषि सखी माधुरी देवी, मुन्नी देवी सहित कई जनप्रतिनिधि और सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# धर्म हमेशा आपसी प्रेम शांति और सद्भाव रखना सिखाता : श्रवण कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** शेखपुरा जिला के ग्राम जिअन बिगहा गांव में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के चतुर्थ वार्षिकोत्सव सह भव्य जागरण का उद्घाटन बिहार सरकार के ग्रामीण विकास सूचना जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार, स्थानीय विधायक डा पुष्पंजय कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा किमंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह जागरण कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि धर्म और आस्था समाज को जोड़ने का सबसे बड़ा सूत्र हैं। आज इस पावन अवसर पर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूरे क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। जब हम सब मिलकर भजन-कीर्तन करते हैं तो समाज से बैर-द्वेष मिट जाता है। यह जागरण कार्यक्रम उसी आस्था और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती आध्यात्म और साधना की भूमि रही है। शेखपुरा का यह क्षेत्र तो ज्ञान और भक्ति दोनों का संगम है। सरकार का प्रयास है कि धार्मिक स्थलों का संरक्षण हो और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलें। सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं मंदिर तक पहुंचे, इसके लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने आयोजकों और श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए कहा कि जिस मंदिर में श्रद्धा होती है, वहां समाज का कल्याण होता है। भगवान से प्रार्थना है कि सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आए। कार्यक्रम में देर रात तक भजन-कीर्तन और जागरण हुआ। इस अवसर पर आयोजक निवास मुखिया मृत्युंजय मुखिया पूर्व जदयू अध्यक्ष डा अर्जुन प्र प्रदीप मुखिया बब्लू पटेल सुजीत पटेल हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का चैंपियन बना नवादा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में रोहतास जिला हैंडबॉल संघ द्वारा एबीआर फाउंडेशन स्कूल, सासाराम में आयोजित स्व. मालती कुंवर एवं स्व. सरोज स्मृति 11वीं बिहार राज्य सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का खिताब नवादा की टीम ने अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में नवादा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पटना को 12-6 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। आयोजन सचिव विनय कृष्ण ने बताया कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए क्वार्टर फाइनल में सारण ने गोपालगंज को 5-1, पटना ने पश्चिम चंपारण को 14-3, मुंगेर ने औरंगाबाद को 14-4 तथा नवादा ने बेगूसराय को 8-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में पटना ने सारण को 6-2 से हराया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में नवादा ने मुंगेर को 15-8 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। इसके बाद खिताबी मुकाबले में नवादा ने पटना को 12-6 से शिकस्त देकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। समापन समारोह में विद्यालय के निदेशक डॉ. पृथ्वीपाल सिंह, समाजसेवी विमलेश सिंह, जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार राय



तथा बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव बृज किशोर शर्मा ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए। प्रतियोगिता में पटना की स्नेहा कुमारी को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' तथा नवादा की अवनी वत्स को 'सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर' का पुरस्कार मिला। मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं प्रतियोगिता के सफल आयोजन में योगदान देने वाले तकनीकी पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में आयोजन सचिव विनय कृष्ण ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मुहर्रम को लेकर बुंदेलखंड थाना में रैट गियर किट परेड, थानाध्यक्ष ने दिए सुरक्षा के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से नवादा जिले के बुंदेलखंड थाना परिसर में रैट गियर किट परेड का आयोजन किया गया। परेड का नेतृत्व थानाध्यक्ष धनवीर कुमार ने किया। थानाध्यक्ष धनवीर कुमार ने बताया कि मुहर्रम के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने और पुलिस बल की तैयारियों को परखने के लिए यह अभ्यास कराया गया। परेड में थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल एवं चौकीदार शामिल हुए। इस दौरान थानाध्यक्ष ने सभी पुलिसकर्मियों के रैट गियर किट की जांच की। किट में हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, शील्ड, लाठी, गैस गन और अन्य दंगा नियंत्रण उपकरणों की उपलब्धता व क्रियाशीलता को परखा गया। थानाध्यक्ष ने मुहर्रम जुलूस के मार्गों पर विशेष निगरानी रखने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। स्थानीय शांति समिति के सदस्यों व जनप्रतिनिधियों के साथ लगातार संपर्क में रहकर सौहार्द बनाए रखने को कहा। साथ हीं उन्होंने किसी भी अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरंत वरीय अधिकारियों को सूचित कर त्वरित कार्रवाई करने का आदेश दिया। थानाध्यक्ष धनवीर कुमार ने कहा कि त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। सभी पुलिसकर्मियों को अलर्ट मोड पर रहने और जनता के साथ सहयोगपूर्ण व्यवहार करने के लिए निर्देशित किया गया है। बुंदेलखंड थाना क्षेत्र में मुहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की योजना भी तैयार की गई है।

# नीट (यूजी) पुनर्परीक्षा आज, पांच केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच होगी परीक्षा

**दोपहर 1:30 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (यूजी)-2026 पुनर्परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। शनिवार को होने वाली परीक्षा के सफल संचालन को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक




अभिनव धीमान ने केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने बताया कि परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक जिले के पांच केंद्रों—सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्हाई इंटर स्कूल, प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल, कन्हाई लाल साहु कॉलेज एवं महिला आईटीआई, नवादा में आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक ही प्रवेश मिलेगा। इसके बाद मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा और किसी भी परिस्थिति में प्रवेश नहीं मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश से पहले सभी अभ्यर्थियों की सघन फ्रिस्किंग होगी। केवल एडमिट कार्ड, वैध पहचान पत्र, निर्धारित फोटो और पारदर्शी पानी की बोतल ले जाने की अनुमति होगी। मोबाइल, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ, कैलकुलेटर समेत सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्री पूरी तरह वर्जित रहेगी। डीएम ने परीक्षा केंद्रों पर छतों से निगरानी, अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक, निर्बाध बिजली, एंबुलेंस, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन व्यवस्था तथा अभिभावकों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परीक्षा संचालन के लिए समाहरणालय में नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है, जहां से पूरे आयोजन की सतत निगरानी की जाएगी।

# समाज कल्याण विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त, नवादा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, लाभुकों को प्राप्त हो रहे लाभ, लंबित मामलों के निष्पादन तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ




समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने, योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा क्षेत्रीय स्तर पर सतत अनुश्रवण बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के कमजोर, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है, जिसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं एवं चुनौतियों पर भी चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन की दिशा में कार्य किया जाए। उन्होंने लाभुकों की समस्याओं के त्वरित समाधान, योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# 70वीं बीपीएससी परीक्षा में बिक्लेश कुमार बने प्रोबेशनरी ऑफिसर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के अंतिम परिणाम में नवादा जिले के मिर्जापुर निवासी बिक्लेश कुमार का चयन प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) पद के लिए हुआ है। उन्होंने परीक्षा में 582वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। बिक्लेश कुमार सेवानिवृत्त शिक्षक वीरेंद्र कुमार के पुत्र हैं। उनके बड़े भाई उपेंद्रनाथ वर्मा हाल ही में औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक (एसपी) के पद पर पदस्थापित हुए हैं। वहीं वे नवादा नगर परिषद के चार बार वार्ड पार्षद एवं उप मुख्य पार्षद रह चुके तथा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी के सबसे छोटे भाई हैं। बिक्लेश कुमार की इस सफलता से परिवार, रिश्तेदारों और मित्रों में खुशी का माहौल है। उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। स्थानीय लोगों ने इसे नवादा जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। परिजनों ने बताया कि बिक्लेश कुमार ने कठिन परिश्रम, लगन



और निरंतर अध्ययन के बल पर यह सफलता हासिल की है। उनकी उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और लोग उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। जिले के सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भी उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता नवादा के प्रतिभाशाली युवाओं की क्षमता का प्रमाण है। बीपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर उन्होंने जिले का मान बढ़ाया है।

# पेपर लीक और महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** गया जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार के नेतृत्व में पेपर लीक कांड और बढ़ती महंगाई के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्रों, युवाओं और आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए रजनीश कुमार ने कहा कि देश के लाखों छात्रों का भविष्य लगातार हो रही पेपर लीक की घटनाओं से प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मांग की कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा दें अथवा प्रधानमंत्री उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें। उन्होंने कहा कि यदि सरकार इस मामले में कार्रवाई नहीं करती है तो जनता यह मानने को विवश होगी कि वह पेपर लीक जैसी गंभीर घटनाओं को लेकर संवेदनशील नहीं है। रजनीश कुमार ने कहा कि दूसरी ओर लगातार बढ़ती महंगाई ने गरीबों, मजदूरों, किसानों और मध्यमवर्गीय परिवारों का जीवन कठिन बना दिया है। रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल तथा आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम जनता परेशान है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण नहीं करती और जनता को राहत नहीं देती है तो कांग्रेस पार्टी आने वाले दिनों में देशव्यापी आंदोलन चलाएगी। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार छात्रों, युवाओं और आम जनता की आवाज उठाते रहे हैं। पेपर लीक और युवाओं के भविष्य के मुद्दे पर जिस तरह संघर्ष किया जा रहा है, उसी तरह महंगाई के खिलाफ भी सड़क से सदन तक लड़ाई तेज की जाएगी। प्रदर्शन में जुगल किशोर सिंह, सैफुल इस्लाम, धर्मेंद्र निराला, मदीना खातून, अजय कुमार सिंह, शौकत नवाब, विद्या शर्मा, ओंकार शक्ति, चंदन कुमार, रंजीत सिंह, अर्जुन गुप्ता, नवीन गुप्ता, सुनैना रानी अंजनी, नसीम, सुनील पासवान, इंदल पासवान, रंजीत कुमार सिंह, शिवेंद्र चौधरी, कृष्णा गुप्ता, शिव चौरसिया, ब्रजेश राय, शिवनाथ प्रसाद, राज कपूर गुप्ता, निरु देवी, रिंकू रविदास और सरोज रविदास सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के तहत नियुक्ति पत्र वितरण, 75 युवाओं को मिला रोजगार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत जिले के नियोक्ताओं और कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि का लाभ सीधे उनके बैंक खातों में उपलब्ध कराया गया है। योजना के अंतर्गत रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरिदास सेमिनरी प्रेक्षागृह में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा प्रोत्साहन राशि वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय आयुक्त सह गया जिला प्रभारी कृष्ण कुमार राय ने कहा कि योजना का उद्देश्य अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करना है। उन्होंने बताया कि पटना क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत एसआईएस सिक्योरिटी सबसे बड़े लाभार्थी नियोक्ताओं में शामिल है। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन भी सुना। विशिष्ट अतिथि बेलागंज विधायक मनोरमा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है और सरकार रोजगार सृजन तथा कौशल विकास पर विशेष जोर दे रही है। कार्यक्रम के दौरान कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी द्वारा 75 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। संस्था के संस्थापक विकास कुमार माली ने बताया कि इन कर्मचारियों को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना से जोड़ा गया है तथा वे कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में पंजीकृत हैं।

# पति की हत्या कर शव कुएं में फेंकने वाले प्रेमी-प्रेमिका को उम्रकैद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** अवैध संबंध के चलते पति की हत्या कर शव को कुएं में फेंकने के चर्चित मामले में अदालत ने प्रेमी-प्रेमिका को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। डोभी थाना कांड संख्या 79/24 से जुड़े इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-2) ललन जी की अदालत ने सत्र वाद संख्या 890/24 की सुनवाई करते हुए दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया। अदालत ने आरोपी पिंटू विश्वकर्मा और रूबी देवी को हत्या एवं साक्ष्य छिपाने के आरोप में दोषी पाया। न्यायालय ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 302 के तहत दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। वहीं साक्ष्य छिपाने के आरोप में धारा 201 के तहत एक वर्ष की अतिरिक्त सजा और 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार 19 मई 2024 को रूबी देवी ने अपने प्रेमी पिंटू विश्वकर्मा के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर दी थी। घटना को छिपाने के उद्देश्य से दोनों ने शव को कुएं में फेंक दिया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनंत कुमार ने गवाहों और प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर अदालत के समक्ष मजबूत पक्ष रखा। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सैयद रिजवान गन्नी ने आरोपियों की ओर से दलील पेश की। सभी पक्षों की दलील सुनने और उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। फैसले के बाद इलाके में इस मामले की चर्चा तेज हो गई।

# राष्ट्रीय बजरंग दल का प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** राष्ट्रीय बजरंग दल, दक्षिण बिहार प्रांत का चार दिवसीय प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग शनिवार को गया के खटकाचक स्थित एमएसवाई रिसॉर्ट में संपन्न हो गया। 17 से 20 जून तक आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में युवाओं को शारीरिक, बौद्धिक और वैचारिक रूप से सशक्त बनाने के साथ आत्मरक्षा तथा योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया गया। समापन सत्र में राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला संरक्षक राजकुमार अग्रवाल, ओजस्विनी की जिला अध्यक्ष डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, महिला परिषद की जिला मंत्री ममता गिरी, भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रूपेश कुमार वर्मा तथा युवा समाजसेवी मृत्युंजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों का अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया। राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय बजरंग दल का उद्देश्य युवाओं में सनातन मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़कर धर्म-संरक्षण के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए युवाओं का संगठित होना आवश्यक है। शशिकांत मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता केवल संगठन के सदस्य नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के रक्षक हैं। उन्होंने युवाओं से अपने गौरवशाली इतिहास और परंपराओं को समझने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों और चुनौतियों के विरुद्ध सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं से अपने-अपने क्षेत्रों में धर्म, संस्कृति और राष्ट्रहित में कार्य करने की अपील की। डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने कहा कि राष्ट्र का उत्थान अनुशासित युवाओं के बल पर ही संभव है। उन्होंने युवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने तथा धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए निरंतर सक्रिय रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षुओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। शिविर के सफल आयोजन में जहानाबाद जिलाध्यक्ष मंटू सिंह चौहान, गया जिलाध्यक्ष विश्वजीत चक्रवर्ती, औरंगाबाद जिलाध्यक्ष विक्रम कुमार, असम के शारीरिक प्रमुख मंटू लाल दास, पटना साहिब के विकास सिंह तथा राष्ट्रीय बजरंग दल, गया जिला इकाई के पदाधिकारियों और सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंच संचालन मुकेश शर्मा ने किया।

# युवाओं के मुद्दों पर कांग्रेस ने किया केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**शेरघाटी।** जिला कांग्रेस कमेटी गयाजी दक्षिणी भाग के बैनर तले शनिवार को शेरघाटी में महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक और नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। जेपी चौक से थाना मोड़ तक निकाले गए जुलूस में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने कहा कि लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होने से युवाओं का भविष्य संकट में पड़ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार परीक्षाओं को निष्पक्ष ढंग से कराने में विफल रही है जिससे लाखों छात्रों और अभ्यर्थियों में निराशा का माहौल है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि युवा वर्षों तक मेहनत कर नौकरी की तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक की घटनाओं के कारण उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है। उन्होंने बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को भी सरकार की विफलता बताते हुए कहा कि आम जनता महंगाई की मार झेल रही है जबकि युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे हैं। नेताओं ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर भी सवाल उठाए और कहा कि सरकार विभिन्न मोर्चों पर असफल साबित हो रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार, अजीत सिंह, महमूद आलम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संयुक्त तलाशी अभियान में देशी कट्टा बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया/लखीसराय।** 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा प्राप्त विश्वसनीय सूचना के आधार पर 19 जून 2026 को लखीसराय जिले के बन्नूबगीचा थाना क्षेत्र में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान का संचालन 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट कुणाल के निर्देशन में किया गया। तलाशी अभियान में एफ समवाय, बन्नूबगीचा के उप निरीक्षक (सामान्य) सुमित कुमार दास के नेतृत्व में सशस्त्र सीमा बल और जिला पुलिस, लखीसराय की संयुक्त टीम शामिल रही। टीम ने काली स्थान, सिमरतारी कोड़ासी के दुर्गम जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान चट्टानों के पीछे झाड़ियों के नीचे छिपाकर रखे गए एक प्लास्टिक बैग से एक देशी कट्टा बरामद किया गया। बरामदगी के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर व्यापक तलाशी अभियान चलाया, ताकि किसी अन्य संदिग्ध सामग्री या गतिविधि का पता लगाया जा सके। अभियान के उपरांत बरामद देशी कट्टे को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए विधिवत रूप से बन्नूबगीचा थाना, जिला लखीसराय को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है तथा बरामद हथियार के स्रोत और उससे जुड़े लोगों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। सशस्त्र सीमा बल और जिला पुलिस ने संयुक्त अभियान को सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।

# मंत्री ने विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** शेरघाटी के श्याम होटल में शनिवार को आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन के दौरान बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। मंत्री ने कहा कि लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने से स्पष्ट है कि जनता ने विकास और सुशासन की नीतियों पर अपना भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) देश के 22 राज्यों में सरकार चला रहा है या सत्ता में भागीदार है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गरीब, किसान, युवा और महिलाओं का सशक्तिकरण है। पीएम किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से करोड़ों लोगों को सीधा लाभ मिला है। साथ ही डिजिटल तकनीक के माध्यम से सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ी है और लाभार्थियों तक सीधे सहायता पहुंचाई जा रही है। प्रेस वार्ता में मंत्री ने यह भी दावा किया कि बीते वर्षों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू सिंह, सिद्धनाथ मिश्रा, कौशल वर्मा, रोबिन सिंह, दीनानाथ पांडे, अशोक सिंह, अरुण चंद्रवंशी, गजेन्द्र दास, हलधर सिंह और मनोज मिश्रा समेत कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोंच प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने इमरान अहमद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** प्रखंड क्षेत्र की चबूरा पंचायत अंतर्गत विश्वनाथपुर गांव निवासी इमरान अहमद को कांग्रेस पार्टी ने कोंच प्रखंड कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन की जानकारी शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता मो. रेयाजुद्दीन ने दी। उन्होंने बताया कि इमरान अहमद लंबे समय से पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। उनके नेतृत्व से प्रखंड कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी। नवमनोनीत प्रखंड अध्यक्ष इमरान अहमद ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने की बात कही। इमरान अहमद के मनोनयन पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# चाकंद में मोहर्रम को लेकर हाई अलर्ट, थाना प्रभारी की दंगाइयों को खुली चुनौती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज/चाकंद।** मोहर्रम को लेकर चाकंद थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें थाना प्रभारी ने उपद्रवियों को सीधी चेतावनी दी है। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो चुका है। मोहर्रम के दौरान कानून व्यवस्था बिगाड़ने और सांप्रदायिक माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ पुलिस ने बेहद सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। चाकंद थाना परिसर में आयोजित इस विशेष शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी शिवम कुमार ने तीखे और कड़े शब्दों में उपद्रवी तत्वों को ललकारा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि त्योहारों की आड़ में हुड़दंग, अफवाहबाजी या दंगा फैलाने की कोशिश करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में मौजूद दोनों समुदायों के प्रबुद्ध नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और शांति समिति के सदस्यों से थाना प्रभारी ने संवाद किया। उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम और सम्मान का प्रतीक हैं। अगर जुलूस या पर्व के दौरान कहीं भी कोई संदिग्ध गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत इसकी सूचना सीधे चाकंद थाना पुलिस को दें। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा व्यवस्था में कोई ढील नहीं दी जाएगी। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी और शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने वालों को पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन कानून हाथ में लेने वालों के लिए चाकंद पुलिस का डंडा तैयार है।


## कार्यालय, नगर पचांयत, छत्तरपुर (पलामू)।

Add:- Behind Sub-Divisional Office, Chhattarpur, Palamu(JH)-822113, [E-Mail: np.chhattarpur2018@gmail.com]

**Very Short Term Rate Invitation Procurement**
**Notice No.- NPC-04/2026-27(2nd Call)**

सर्वसाधारण आपूर्तिकर्त्ता को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, छत्तरपुर क्षेत्रान्तर्गत क्षमता संर्वधन मद अन्तर्गत कार्यालय सामग्री / यंत्र / उपस्कर इत्यादि का क्रय किया जाना है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता दिनांक–06.07.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराहन् तक अपना कोटेशन् कार्यालय नगर पंचायत, छत्तरपुर में जमा कर सकते है। प्राप्त कोटेशन् को उसी दिन दिनांक– 06.07.2026 को 01:30 बजे अपराहन् में कोटेशन्दाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में कार्यालय नगर पंचायत, छत्तरपुर में खोला जायेगा।

नोटः–दर आमंत्रण की नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारियाँ नगर पंचायत कार्यालय, छतरपुर के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर पंचायत, छत्तरपुर।**

PR 382842 District(26-27)D


# दो देसी कट्टा के साथ बालक निरुद्ध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो और वीडियो वायरल करने के मामले में आंती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया है। उसके निशानदेही पर घर से दो देसी कट्टा भी बरामद किए गए। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि 20 जून को सूचना मिली थी कि एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो और वीडियो वायरल किया गया है। सूचना के आधार पर सिमरहुआ गांव में छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही एक बालक भागने का प्रयास करने लगा जिसे पुलिस बल की सहायता से पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान बालक की निशानदेही पर उसके घर की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में दीवान पलंग के बॉक्स से दो देसी कट्टा बरामद किया गया।

# अभियान चलाकर सड़क किनारे स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण हटाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** पंचानपुर से गुजरने वाली एनएच 122 पर शनिवार को प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सड़क किनारे किए गए स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण को हटाया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के आलोक में चलाए गए इस अभियान के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी व अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन, एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल, सीओ मयंक शेखर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने किया। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे बनाए गए अस्थायी ढांचे, टीन-शेड, दुकान के आगे किए गए अतिक्रमण तथा अन्य अवैध कब्जों को हटाया गया। प्रशासन की कार्रवाई के दौरान पंचानपुर एसएचओ पद्माकर उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस बल भी तैनात रहा जिससे पूरे अभियान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। एसडीएम कुंदन ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार्य नहीं है। सड़क सुरक्षा, यातायात की सुगमता और आम लोगों की सुविधा को देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और जिन स्थानों पर अभी भी अवैध कब्जा है वहां भी चरणबद्ध तरीके से अभियान चलाया जाएगा।


## कार्यालय उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा
## (जिला आपूर्ति शाखा)

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्याः–01 / 2026–27**

खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड राँची के संकल्प संख्या 3102 दिनांक 09.10.2014 के आलोक में सरकारी भोजन केन्द्र योजनांतर्गत मुख्यमंत्री दाल–भात केन्द्रों के संचालन के निमित वर्ष 2026–27 के लिए गढ़वा जिला में अवस्थित दाल–भात केन्द्रों पर चावल, चना एवं सोयाबीन बडी आपूर्ति किया जाना है। जिला / अनुमण्डल स्तर के केन्द्रों के लिए प्रति केन्द्र प्रतिमाह 18.00 क्वी0 उसना चावल और 1.05 क्वी0 चना एवं 1.05 क्वी0 सोयाबीन बडी तथा प्रखण्ड स्तर के केन्द्रों को प्रतिमाह 12.00 क्वी0 उसना चावल और 75 किलोग्राम चना एवं 75 किलोग्राम सोयाबीन बडी मात्रा के अनुसार आपूर्ति करने हेतु इच्छुक व्यक्ति एवं निम्नांकित अहर्त्ता रखने वाले विक्रेता से दिनांक 20.06.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 06.07.2026 को 2:00 अपराहन तक निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा दिनांक 06.07.2026 को 3:00 बजे अपराहन में उपायुक्त, गढ़वा के कार्यालय कक्ष में खोला जायेगा। जिसमें निविदादात्ता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

निविदा की आवश्यक शर्तों एवं विस्तृत विवरणी prdjharkhand.gov.in या garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

**जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गढ़वा।** | **अपर समाहर्त्ता–सह–वरीय पदाधिकारी, जिला आपूर्ति शाखा, गढ़वा।** | **उपायुक्त गढ़वा।**

PR 382872 (Food Public Distribution and Consumer Affairs) 26-27 (D)


# महिला महाविद्यालय टिकारी में प्रभारी प्राचार्य को लेकर विवि के फैसलों पर उठे सवाल

## विशेषज्ञ समिति से योग्य घोषित होने के बावजूद डॉ. मुन्नी कुमारी को 18 दिनों में हटाया गया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** महिला महाविद्यालय टिकारी में प्रभारी प्राचार्य के पद को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। मगध विश्वविद्यालय प्रशासन और कॉलेज सचिव द्वारा लिए जा रहे विरोधाभासी निर्णयों के कारण यह पद अब विवाद का केंद्र बन गया है। विश्वविद्यालय के ताजा फैसलों से कॉलेज प्रशासनिक एवं शैक्षणिक माहौल भी प्रभावित हो रहा है।

**पहले डॉ. पूनम कुमारी को मिला था प्रभार**

जानकारी के अनुसार वरिष्ठता सूची में जूनियर होने के बावजूद पहले डॉ. पूनम कुमारी को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौंपा गया था। इस निर्णय का कॉलेज में विरोध शुरू हो गया जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया।

**विशेषज्ञ समिति ने डॉ. मुन्नी कुमारी को माना था सबसे योग्य**

विशेषज्ञ समिति के निर्देश पर कॉलेज के नौ शिक्षकों ने प्रभारी प्राचार्य पद के लिए आवेदन किया। समिति ने सभी आवेदनों, पात्रता और वरिष्ठता की जांच के बाद डॉ. मुन्नी कुमारी को इस पद के लिए सबसे उपयुक्त पाया। इसके बाद विश्वविद्यालय ने उनकी नियुक्ति की अधिसूचना भी जारी कर दी।

**18 दिनों बाद ही बदला गया निर्णय**

हालांकि विशेषज्ञ समिति की अनुशंसा के आधार पर नियुक्ति मिलने के महज 18 दिनों के भीतर ही डॉ. मुन्नी कुमारी को पद से हटा दिया गया। उनकी जगह अब डॉ. सुरेंद्र कुमार को कार्यवाहक प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया है। बताया जाता है कि विशेषज्ञ समिति ने जांच के दौरान महिला महाविद्यालय होने के कारण डॉ. सुरेंद्र कुमार को प्राथमिकता सूची से बाहर रखा था। विश्वविद्यालय के इस निर्णय से कॉलेज के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बीच गुटबाजी तेज हो गई है। शिक्षा जगत से जुड़े लोगों और कॉलेज कर्मियों का कहना है कि बार-बार लिए जा रहे निर्णयों से प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं और शैक्षणिक वातावरण भी बिगड़ रहा है। कॉलेजकर्मियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से इस पूरे मामले में पारदर्शिता बरतने, तदर्थ समिति को भंग कर शासी निकाय का गठन करने, समिति में क्षेत्रीय विधायक को शामिल करने व आउटसोर्सिंग को पारदर्शी करने की मांग की है।


## झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड
*(CIN:U40108JH2013SGC001702)*
विद्युत आपूर्ति अंचल, गढ़वा
**Email:** esegarhwa@yahoo.in, ese.garhwa@jbvnl.co.in

**आम सूचना**

आम जनता / उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत आपूर्ति अंचल, गढ़वा अंतर्गत "जन समस्या निवारण केन्द" प्रारम्भ हो गया है। बिजली से जुड़े हुए कोई भी समस्या यथा विद्युत आपूर्ति बाधित / फयूज कॉल / जले हुए ट्रास्फार्मर की बदली / बिजली बिल नहीं मिलने इत्यादि जैसी अपनी सभी समस्या को मोबाईल संख्या **9229108698** पर सुबह 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक कॉल / वाटसअप के द्वारा सूचित कर सकते है। प्राप्त समस्या का निराकरण यथाशीध्र की जाएगी।

इसके अतिरिक्तः–

1. गढ़वा शहर के उपभोक्ता, मोबाईल संख्या **9942822373** पर सुबह 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।
2. नगर उँटारी क्षेत्र के उपभोक्ता, मोबाईल संख्या **9162697924** पर सुबह 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

ह0 / –
विद्युत अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत आपूर्ति अंचल, गढवा

PR 382747 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)26-27*D

संपादकीय

# महाराष्ट्र में 'ऑपरेशन टाइगर'!

जैसी की संभावना थी, महाराष्ट्र में शिवसेना के एकनाथ शिंदे और परदे के पीछे से भाजपा का शिवसेना उद्धव के सांसदों को तोड़ने का 'ऑपरेशन टाइगर' सफल हो गया है। कहा जा रहा है कि इसका अगला निशाना मुंबई महानगर पालिका होगी। उद्धव सेना के नेता उद्धव ठाकरे और उनके बड़बोले सहयोगी संजय राऊत की तमाम डींगों के बाद भी उद्धव द्वारा गुरूवार को बुलाई बैठकों में केवल 3 सांसद ही पहुंचे, जो उनके पहले से समर्थक हैं। बाकी 6 सांसदों ने पार्टी द्वारा जारी व्हिप की फिक्र नहीं की और लोक सभाध्यक्ष ओम बिरला से मिलकर अलग गुट के रूप में मान्यता देने का पत्र सौंपा। यूं राजनीतिक हल्कों में पश्चिम बंगाल में टीएमसी के दो फाड़ होने के बाद उद्धव सेना में भी दलबदल की अटकलें तेज हो गई थीं। सांसद संजय राउत ने दावा किया था कि शेष पांच सांसदों ने वर्चुअल माध्यम से या फोन पर बैठक में भाग लिया था। वहीं राउत ने मंगलवार को कहा कि गलत तस्वीर पेश की जा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी सांसद पार्टी और उद्धव ठाकरे के साथ मजबूती से खड़े हैं। हालांकि कल उद्धव सेना द्वारा भी स्पीकर को दी गई चिट्ठी में कहा गया था कि वो अलग हुए गुट के बारे में नियमानुसार ही निर्णय लें। इस बीच पार्टी ने अलग होने वाले सांसदों को कारण बताओ नोटिस भेजना भी शुरू कर दिया है तथा जवाब देने के लिए भी कुछ घंटों का ही समय दिया गया है। दूसरी तरफ संजय राउत अभी भी वही बात दोहरा रहे हैं कि जो लोग शिंदे सेना के साथ चले गए हैं, वह असंवैधानिक है, क्योंकि वह शिवसेना (ठाकरे) के चुनाव चिन्ह पर जीते हैं। लेकिन इस पर कोई भी ध्यान दे रहा हो, ऐसा नहीं लगता। ऐसे में खीज मिटाने के लिए उद्धव सेना और उनके बंदे अपने सांसदों को खरीदे जाने के आरोप लगा रहे हैं। इसमें भी मजे की बात है कि जब तीन साल पहले शिंदे गुट के विधायक उद्धव सेना से अलग हुए थे, तब संजय राऊत ने आरोप लगाया था कि जो विधायक बिके, उनमें से प्रत्येक को 50-50 करोड़ दिए गए। लेकिन इस बार उन्होंने आरोप लगाया कि उनके सांसदों को 15-15 करोड़ रू. में खरीदा गया। इसका मतलब तो यह हुआ कि उद्धव सेना के सांसदों का रेट बहुत नीचे गिर गया है। इतना लगभग तय है कि ये 6 सांसद पहले संसद में अलग गुट के रूप में मान्यता देने की मांग करेंगे और इसके तुरंत बाद खुद को एकनाथ शिंदे की शिवसेना में विलीन होने का ऐलान करेंगे। इससे जहां संसद में एकनाथ शिंदे के सांसदों की संख्या 7 से बढ़कर 13 हो जाएगी, वहीं एनडीए की ताकत में भी इजाफा होगा। ये ऑपरेशन टाइगर यहीं नहीं रूका है। बताया जा रहा है कि इसकी अगली मंजिल मुंबई महानगरपालिका है। यह दावा शिंदे सेना के पार्षद किरण लांडगे ने किया है। इसके मुताबिक 20 से ज्यादा उद्धव सेना के पार्षद एकनाथ शिंदे के संपर्क में हैं। 'आपरेशन टाइगर' की नैतिकता हमेशा की तरह सवाल खड़े हो रहे हैं, लेकिन आजकल राजनीति में इसकी चिंता कोई नहीं करता। गौरतलब है कि विगत 10 जून को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिले थे और बताया जाता है कि इसी मुलाकात में ऑपरेशन टाइगर की रूपरेखा तय हुई, जिसे एकनाथ शिंदे और उनके पुत्र श्रीकांत शिंदे ने सफलता से अंजाम दिए। जाहिर है कि इस ऑपरेशन के जरिए एकनाथ शिंदे ने अमित शाह की निगाह में अपने नंबर बढ़वा लिए हैं। उद्धव ठाकरे के पास अब कोसने के अलावा कुछ नहीं बचा है।

# फादर्स डे पर विशेष : पितृत्व के बदलते आयाम और आधुनिक सामाजिक सरोकार

**पिछले कुछ दशकों में वैश्वीकरण, शहरीकरण और महिलाओं की बढ़ती कार्यभागीदारी ने पारिवारिक भूमिकाओं को नए सिरे से परिभाषित किया है। साझा अभिभावकत्व की अवधारणा ने यह स्थापित किया है कि बच्चों के पालन-पोषण की ज़िम्मेदारी केवल माँ की नहीं, बल्कि दोनों अभिभावकों की समान भागीदारी का विषय है। आज के पिता बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, भावनात्मक विकास और दैनिक गतिविधियों में पहले की तुलना में कहीं अधिक सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों और सामाजिक रुझानों से भी इस परिवर्तन की पुष्टि होती है। पिछले पाँच दशकों में बच्चों की देखभाल और पालन-पोषण में पिताओं की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। यही कारण है कि अनेक देशों में पितृत्व अवकाश जैसी नीतियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि पिता बच्चे के शुरुआती विकास में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकें।**



अभिषेक दास

वैश्विक कैलेंडर पर 'फादर्स डे' यानी पितृ दिवस का आगमन महज़ एक औपचारिक उत्सव या विपणन (मार्केटिंग) का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आधुनिक पारिवारिक संरचना में पिता के योगदान, उनके मूक संघर्ष और बदलते सरोकारों पर आत्ममंथन का एक महत्त्वपूर्ण अवसर भी है। उपभोक्तावादी संस्कृति के इस दौर में, जहाँ हर रिश्ते को प्रतीकों और आयोजनों में समेटने की होड़ दिखाई देती है, वहाँ पिता जैसे गंभीर और गरिमामय अस्तित्व को समझना तथा उसके बहुआयामी स्वरूप को रेखांकित करना समाज के लिए अत्यंत आवश्यक हो गया है।

लंबे समय तक भारतीय समाज सहित विश्व के अधिकांश समाजों में पिता को परिवार के संरक्षक, अनुशासनकर्ता और आर्थिक आधार के रूप में देखा जाता रहा। परिवार की सुरक्षा, स्थिरता और आवश्यकताओं की पूर्ति उनकी प्रमुख ज़िम्मेदारियाँ मानी जाती थीं। बच्चों के पालन-पोषण में उनकी भूमिका महत्त्वपूर्ण होने के बावजूद भावनात्मक अभिव्यक्ति, स्नेह और दैनिक जीवन में सक्रिय सहभागिता को अपेक्षाकृत कम महत्त्व दिया गया। परिणामस्वरूप पिता की छवि उत्तरदायित्व और अधिकार के प्रतीक के रूप में स्थापित हुई, जबकि उनके वात्सल्य, संवेदनशीलता और भावनात्मक पक्ष अक्सर सामाजिक विमर्श में पीछे रह गए।

परंपरागत पारिवारिक व्यवस्था में बच्चों की दैनिक देखभाल और भावनात्मक पोषण को मुख्यतः मातृत्व से जोड़ा गया। माँ बच्चों के लिए ममता और निकटता की प्रतीक बनीं, जबकि पिता सम्मान, अनुशासन और उत्तरदायित्व के पर्याय माने गए। किंतु आधुनिक मनोविज्ञान तथा बाल-विकास संबंधी अध्ययनों ने इस धारणा को व्यापक रूप से चुनौती दी है।

शोध बताते हैं कि बच्चों के जीवन में पिता की सक्रिय और सकारात्मक उपस्थिति उनके आत्मविश्वास, सामाजिक कौशल, भावनात्मक संतुलन और शैक्षणिक उपलब्धियों पर गहरा प्रभाव डालती है। इससे यह स्पष्ट हुआ है कि पितृत्व केवल आर्थिक दायित्वों के निर्वहन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह गहरे भावनात्मक जुड़ाव, संवाद और संवेदनशील सहभागिता का भी संबंध है।

मातृत्व और पितृत्व की प्रकृति में कुछ जैविक तथा सामाजिक अंतर अवश्य हैं। मातृत्व गर्भधारण और प्रसव की प्रक्रिया से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा होता है, जबकि पितृत्व का विकास प्रायः सहभागिता, अनुभव और संबंधों के माध्यम से होता है। यही कारण है कि पिता और बच्चे का रिश्ता समय के साथ संवाद, साथ और साझा अनुभवों के आधार पर अधिक मज़बूत, आत्मीय और परिपक्व होता जाता है।

पिछले कुछ दशकों में वैश्वीकरण, शहरीकरण और महिलाओं की बढ़ती कार्यभागीदारी ने पारिवारिक भूमिकाओं को नए सिरे से परिभाषित किया है। साझा अभिभावकत्व की अवधारणा ने यह स्थापित किया है कि बच्चों के पालन-पोषण की ज़िम्मेदारी केवल माँ की नहीं, बल्कि दोनों अभिभावकों की समान भागीदारी का विषय है। आज के पिता बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, भावनात्मक विकास और दैनिक गतिविधियों में पहले की तुलना में कहीं अधिक सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों और सामाजिक रुझानों से भी इस परिवर्तन की पुष्टि होती है। पिछले पाँच दशकों में बच्चों की देखभाल और पालन-पोषण में पिताओं की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। यही कारण है कि अनेक देशों में पितृत्व अवकाश जैसी नीतियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि पिता बच्चे के शुरुआती विकास में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकें।

भारत में भी यह बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। नई पीढ़ी के पिता अपने बच्चों के साथ अधिक समय बिताने, उनकी भावनाओं को समझने और पारिवारिक ज़िम्मेदारियों को साझा करने को महत्त्व दे रहे हैं। इससे पिता और बच्चों के संबंधों में संवाद, सहजता और आत्मीयता बढ़ी है। आज पिता केवल अनुशासन और अधिकार के प्रतीक नहीं हैं, बल्कि मित्र, मार्गदर्शक और भावनात्मक संबल के रूप में भी उभर रहे हैं।

ऐसे में फादर्स डे का महत्त्व केवल शुभकामनाओं, उपहारों और औपचारिक उत्सवों तक सीमित नहीं रह जाता। यह दिन उस बदलती सामाजिक सोच को स्वीकार करने और सम्मान देने का अवसर है, जिसमें पितृत्व को संवेदनशीलता, सहभागिता और भावनात्मक उपस्थिति के साथ देखा जा रहा है। आधुनिक समाज में पितृत्व अब केवल कर्तव्य-निर्वहन का विषय नहीं, बल्कि प्रेम, साझेदारी और ज़िम्मेदारी के संतुलित समन्वय की नई परिभाषा बन चुका है।

फादर्स डे हमें यह भी याद दिलाता है कि एक पिता का योगदान केवल परिवार का आधार बनने में नहीं, बल्कि बच्चों के जीवन में विश्वास, सुरक्षा और आत्मीयता का स्थायी स्रोत बनने में भी निहित है। इस दिवस की प्रासंगिकता केवल उपहारों के आदान-प्रदान या सोशल मीडिया के 'ट्रेंड्स' तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इसकी वास्तविक सार्थकता तभी है, जब हम पिता के उस मौन त्याग के प्रति संवेदनशील हों, उनके स्वाभिमान की रक्षा करें और जीवन के उत्तरार्ध में उन्हें यह भरोसा दिला सकें कि वे आज भी परिवार की उतनी ही मज़बूत धुरी हैं, जितने कल थे।

वास्तव में, फादर्स डे केवल धन्यवाद कहने का दिन नहीं है; यह उस मौन त्याग, अथक समर्पण और निस्वार्थ प्रेम को पहचानने का अवसर है, जो एक पिता जीवन भर बिना किसी अपेक्षा के अपने परिवार के लिए करता है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि बदलते समय में पिता के प्रति सम्मान, संवेदना और उत्तरदायित्व को भी उतनी ही गंभीरता से निभाना होगा, जितनी निष्ठा से उन्होंने जीवन भर अपने दायित्व निभाए हैं।

**(लेखक आकाशवाणी, पटना के समाचार वाचक हैं।)**

अध्यात्म

## हर इच्छा जरूरी नहीं होती व्यर्थ इच्छाओं से बचें

बहुत समय पहले एक राजा को अपने ऐश्वर्य पर बहुत घमंड था। अपने जन्मदिन के अवसर पर उसने घोषणा की कि वह किसी एक व्यक्ति की सारी इच्छाएं पूरी करेगा। वह स्वयं को भगवान जैसा महसूस करना चाहता था। राजमहल में भव्य समारोह आयोजित हुआ। दूर-दूर से लोग राजा को शुभकामनाएं देने पहुंचे। उसी भीड़ में एक साधु भी आए। उनके चेहरे पर अद्भुत शांति और संतोष झलक रहा था। राजा ने साधु का सम्मान करते हुए कहा, 'महाराज, आज मैं आपकी हर इच्छा पूरी करना चाहता हूं। जो चाहें मांग लीजिए।' साधु मुस्कराए और बोले, 'राजन्, मुझे किसी वस्तु की आवश्यकता नहीं है। मैं पूर्ण हूं और अपने जीवन में संतुष्ट हूं।' राजा को यह उत्तर पसंद नहीं आया। उसने बार-बार आग्रह किया। अंततः साधु ने कहा, 'यदि आप इतना ही चाहते हैं तो मेरे इस छोटे से पात्र को सोने के सिक्कों से भर दीजिए। राजा हंस पड़ा। उसे लगा यह तो बहुत छोटा काम है। उसने संत के पात्र में सोने के सिक्के डलवाने शुरू किए, लेकिन जैसे ही सिक्के पात्र में गिरते, वे गायब हो जाते। पात्र खाली का खाली रह जाता। राजा ने और सिक्के डलवाए। फिर और। धीरे-धीरे उसने अपना पूरा खजाना उस पात्र में उड़ेल दिया, लेकिन पात्र फिर भी नहीं भरा। हैरान राजा साधु के चरणों में गिर पड़ा और बोला, 'महाराज, यह कैसा पात्र है जो भरता ही नहीं?' साधु मुस्कराए और बोले, 'राजन्, यह पात्र मनुष्य के मन का प्रतीक है। मन की इच्छाएं कभी समाप्त नहीं होतीं। धन, पद, प्रतिष्ठा और सत्ता पाने के बाद भी मन और अधिक चाहता है। जब तक मन में संतोष नहीं होगा, तब तक यह पात्र कभी नहीं भरेगा।' उस दिन राजा का अहंकार टूट गया और उसे समझ आ गया कि सच्ची समृद्धि बाहरी धन में नहीं, बल्कि आंतरिक संतोष में है।

**सीखः** संतोष का अर्थ महत्वाकांक्षा छोड़ देना नहीं है, बल्कि जो उपलब्ध है उसके लिए आभार व्यक्त करना है। प्रतिदिन अपनी चीजों, उपलब्धियों और खुशियों से संतुष्ट रहने की आदत बनाएं। हर इच्छा जरूरी नहीं होती। कई बार हम दूसरों को देखकर इच्छाएं पैदा कर लेते हैं। निर्णय लेते समय स्वयं से पूछें, क्या यह वास्तव में मेरी आवश्यकता है? दूसरों की सफलता से प्रेरणा लें, लेकिन अपनी खुशी की तुलना किसी और की उपलब्धियों से न करें। तुलना असंतोष और तनाव को जन्म देती है। अक्सर हम भविष्य की चिंताओं या अतीत की घटनाओं में उलझे रहते हैं।

# अमेरिकी मित्रता में डूबते भारतीय भरोसे के जहाज

**अमेरिका के प्रति भारत की शिखरस्थ सहिष्णुता, एक राष्ट्र के रूप में हमारे स्वाभिमानी स्वायत्तता के सिद्धांतों को चुनौती दे रही है। प्लाऊ के झंडे तले परिचालन करने वाले वाणिज्यिक जहाज पर अमेरिकी नौसेना का हमला हुआ, जिसके चालक दल में सवार तीन भारतीय नाविकों की मौत हुई। साल की शुरुआत में रूस के झंडे तले चलने वाले 'बेला वन' नामक जहाज पर अमेरिकी नौसेना ने अपने हेलीकॉप्टर उतार जब्तीकरण की कार्यवाही की थी। आरोप था, रूस का यह जहाज वेनेजुएला के प्रतिबंधित तेल को ले जा रहा था। इस जहाज और चालक दल पर गोलीबारी कर हिंसक कार्यवाही नहीं की गई थी। बल्कि कैप्टन को छोड़ बाकी सभी चालक दल के सदस्यों की सुरक्षित वापसी अमेरिका ने सुनिश्चित की।**

विवेक मिश्रा

रूसी झंडे की महत्ता ने, न केवल सैन्य मुठभेड़ को दरकिनार किया बल्कि चालक दलों को भी सुरक्षित रखा। हालांकि जब्तीकरण के इस वाकये ने रूस की अंतरराष्ट्रीय छवि को धूमिल किया था। इस घटना के बाद समुद्री जलमार्गों में शैडो फ्लीट या गुप्त जहाजी बेड़ों की आवाजाही भारी मात्रा में बढ़ी है। दरअसल प्रत्यक्ष विवादों व प्रतिबंधों से बचने के लिए और कम लागत, सस्ते शुल्क तथा शिथिल नियमों का लाभ उठाने के लिए विश्व के कई देश समुद्री आवागमन के लिये सुविधाजनक राष्ट्र ध्वजों का वरण करते हैं। व्यापारिक दृष्टि से अपनाई गई यह सुविधा, जहाजों पर तैनात चालक दलों की दुविधा का बड़ा कारण बनती है और अब यह उनके जीवन को भी लील रही है। युद्ध और तनावपूर्ण स्थितियों में लिप्त पक्षों के सरलतम मारक लक्ष्यों में यह गुप्त जहाज बेड़े होते हैं। चूंकि बड़ी आर्थिक शक्तियां जो अक्सर ऐसी वैकल्पिक व्यवस्था को अपनाती है, वृहद हितों व प्रतिष्ठा को ऊपर रखते हुए, सीधे संघर्ष और उत्तरदायित्व से बचना पसंद करती है। जबकि युद्धरत पक्षों के लिए ऐसे हमले विश्वस्तर पर सैन्य प्रवीणता सिद्ध करने का जरिया बनते है।

भारतीय जीवन निधि पर किए गए अमेरिकी सैन्य हमलों के बाद भारत सरकार की प्रतिक्रिया कूटनीतिक प्रोटोकॉल आधारित रही, जिसमें कार्यवाहक राजदूत जैसन मिक्स को दो बार तलब कर कड़ी निंदा की गई। संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून के अनुच्छेद 38 के अनुसार, सभी जहाजों और विमानों को ट्रांजिट पैसेज का अधिकार है, अनुच्छेद 17 के अनुसार, सभी विदेशी जहाजों को किसी भी देश के जलक्षेत्र में आवाजाही का अधिकार है, ऐसे में ग़ैर-युद्धरत जहाजों को निशाना बनाना पूर्णतः अवैध है। इसके खिलाफ हमें अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर को तलब कर, सख्ती से माफी व मुआवजे की मांग रखना चाहिए। आवश्यकता अनुसार हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में भी इस मुद्दे को उठाया जाना चाहिए।

फारस की खाड़ी और होर्मुज में अमेरिका के द्वारा खड़ी की गई नाकाबंदी के बाद से शैडो फ्लीट समेत लगभग 200 वाणिज्यिक जहाजों को गुप्त रूप से रास्ता देने का दावा खुद ट्रंप कर रहे थे। यही नहीं अमेरिका ने जहाजों के गोपनीय परिवहन के लिए ट्रांसपोंडर ऑफ (लोकेशन बंद) करने की तकनीक और ओमान के तटीय क्षेत्र से गुजरने के मार्ग भी सुझाए। अब जो जहाज इस माहौल में परिवहन संचालन करते हो, उन्हें अचानक निशाने पर लेना स्पष्ट करता है कि अमेरिका समुद्री परिवहन में भी वही भ्रम की स्थितियां पैदा कर रहा है, जो भारत के रूस से तेल खरीदने पर करता है। तेल की वैश्विक आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए युद्धकाल में रूसी तेल क्रय को प्रोत्साहित करना और निज हित सधते ही, वही रूस का तेल खरीदने पर टैरिफ थोपना। आज भारत को आवश्यकता है कि इस अमेरिकी पटकथा का यथोचित रहस्योद्घाटन करे, भारतीय विदेशमंत्री विश्वपटल पर इसका मुखर उल्लेख तो करते हैं, लेकिन नायक की तरह इस पटकथा का अंत नहीं कर पा रहे हैं। वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए अमेरिका आधारित नीतियों पर निर्भरता को खत्म कर के ही, हम राष्ट्रीय गौरव व नागरिक सम्मान को बनाए रख सकेंगे।

हमें, अमेरिका को सहयोगी व साझेदार के रूप में देखने के फितूर से बाहर निकलना होगा, इस बात की प्रतीक्षा भी निरर्थक ही है कि, अमेरिकी नेतृत्व के बदलने से समीकरणों में कुछ विशेष अंतर आएगा। अमेरिकी उप विदेश मंत्री के बयाँ से यह स्पष्ट होता है, जो कहते है- 'हम समझौतों को लेकर भारत के साथ वह गलती नहीं करेंगे जो 20 साल पहले चीन के साथ की थी।' उनकी यह बात चीन को दी गई तकनीकी सहायता और बाजारों तक उन्नत पहुंच को लेकर थी, जिसने चीन को आज अमेरिका के समकक्ष खड़ा कर दिया है। अमेरिकी टैरिफ हो या हार्मूज की नाकेबंदी, चीन ने सीना तान अमेरिकी को चुनौती पेश की है। टैरिफ के बदले टैरिफ, दुर्लभ खनिज के निर्यात पर प्रतिबंध, ताइवान पर सीधे चेतावनी और ईरान से पाकिस्तान के रास्ते निरंतर तेल आयात, यह सभी वो कदम हैं जो अमेरिकी साम्राज्य को स्पष्ट चुनौती देते हैं।

पर क्या चीन आज इस मजबूत स्थिति में एकाएक पहुंचा है ? 1980 से 1990 के दशक में जब चीन अपनी विकास यात्रा को गढ़ रहा था,तब चीनी सर्वोच्च नेता 'डेंग शियाओपिंग' ने 'ताओगुआंग यांगहुई (अपनी ताकत छुपाओ, सही समय का इंतजार करो)' के सिद्धांत को प्रतिपादित किया जिसके तहत चीन ने अंतर्राष्ट्रीय विवादों में अमेरिका को सीधे चुनौती न देकर, ऊर्जा जरूरतों और अर्थव्यवस्था पर केंद्रित विकास को प्राथमिकता दी। इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण तब देखने को मिला जब सन् 1999 में कोसोवो युद्ध के दौरान अमेरिका ने यूगोस्लाविया की राजधानी बेलग्रेड में स्थित चीनी दूतावास पर हमला किया, जिसमें 3 चीनी पत्रकार मारे गए और बीसियों चीनी घायल हुए।

# योगसंपदाः समग्र मानवता के लिए एकीकृत चेतना का पथ



डॉ. कृष्ण चंद्र चौधरी

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, मानवता बहुआयामी संकटों जैसे मानसिक तनाव, सामाजिक विघटन, पर्यावरणीय असंतुलन और आध्यात्मिक रिक्तता का सामना कर रही है। इन चुनौतियों के समाधान हेतु एक समग्र और एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता है। योग, जो भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का साधन है, बल्कि यह मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक कल्याण का भी मार्ग प्रशस्त करता है।

योग, भारतीय सांस्कृतिक और दार्शनिक परंपरा का एक अभिन्न अंग है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक विकास का समग्र मार्ग प्रशस्त करता है। प्राचीन ग्रंथों में वर्णित योग की अवधारणाएँ जैसे पतंजलि के योगसूत्र, भगवद्गीता एवं उपनिषदों में उद्धृत है, जो आत्म-साक्षात्कार और मोक्ष की प्राप्ति के साधन के रूप में योग की भूमिका को स्पष्ट करती हैं। आधुनिक समय में, योग ने वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और जीवनशैली सुधार के लिए एक प्रभावी साधन के रूप में मान्यता प्राप्त की है।

आज की वैश्विक मानवता तीव्र तकनीकी प्रगति के बावजूद मानसिक अवसाद, सामाजिक विघटन एवं पर्यावरणीय असंतुलन जैसे बहुआयामी संकटों से जूझ रही है। इन जटिलताओं के समाधान हेतु केवल वैज्ञानिक उपाय अपर्याप्त प्रतीत होते हैं; आवश्यकता है ऐसे समन्वित दृष्टिकोण की, जो न केवल शरीर और मन, बल्कि आत्मा एवं प्रकृति के साथ भी सामंजस्य स्थापित कर सके। योग, भारत की प्राचीन चेतना परंपरा से जन्मा एक सार्वभौमिक विज्ञान, इस चुनौती का संभावित उत्तर बनकर उभर रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मान्यता देना इस बात का प्रमाण है कि योग की प्रासंगिकता वैश्विक स्तर पर स्वीकार की गई है। विभिन्न शोधों से यह सिद्ध हुआ है कि योग मानसिक तनाव को कम करने, शारीरिक स्वास्थ्य सुधारने और सामाजिक सामंजस्य बढ़ाने में प्रभावी है।

**योग से भारतीय ज्ञान परंपरा का एकीकृत जीवन-दर्शन** - भारतीय ज्ञान परंपरा में योग एक बहुआयामी अवधारणा के रूप में प्रतिष्ठित है, जिसकी गहरी जड़ें वैदिक साहित्य, उपनिषदों, महाभारत, भगवद्गीता एवं पतंजलि के योगसूत्रों में विद्यमान हैं। यह मात्र शारीरिक व्यायाम या मानसिक ध्यान की प्रणाली न होकर, एक जीवंत दर्शन है जो व्यक्तिगत चेतना को सार्वभौमिक चेतना से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त करता है।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

कार्यक्षेत्र और परिवार दोनों ही जगह आपकी प्रशंसा होगी। आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। विरोधी आपके सामने पराजित होंगे।

**वृषभ**

घर के काम में आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। शेयर मार्केट में बड़ा निवेश सम्भलकर करें, वरना आर्थिक हानि होने की सम्भावना भी बन रही है।

**मिथुन**

आज आप महँगे सामान खरीद सकते हैं। आपके ऊपर काम का बोझ कम होगा। सभी काम धीमी गति से पूर्ण होंगे। अपने उद्देश्यों को लेकर सतर्क रहें।

**कर्क**

आज आपको लम्बी दूरी की यात्रा करने से बचना चाहिये। आत्मसम्मान को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। धर्म-कर्म के प्रति मन में रुचि कम होगी।

**सिंह**

आज दिन की शुरुआत आपके लिये बहुत अच्छी रहेगी। जीवनसाथी की सलाह आपके काम आयेगी। बच्चों के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे।

**कन्या**

इस समय लोग अत्यधिक अपेक्षा रख रहे हैं। आप उनकी मदद को लेकर कुछ बाध्यता का अनुभव कर सकते हैं। नयी जॉब ढूँढ रहे हैं तो समय बहुत ही अच्छा है।

**तुला**

नौकरीपेशा लोगों का मन काम में नहीं लगेगा। व्यर्थ बातों पर अधिक ध्यान न दें। सिरदर्द और माइग्रेन के रोगियों को धूप और धूल से बचना चाहिये।

**वृश्चिक**

परिवार में सामंजस्य में कमी महसूस होगी। लोग आपकी अत्यधिक आलोचना करेंगे। दोस्तों के साथ पार्टी के लिये जा सकते हैं।

**धनु**

प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। धार्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। उच्च पदस्थ लोगों से सम्पर्क विकसित हो सकते हैं। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा।

**मकर**

अपने व्यवहार को सन्तुलित रखें। दूसरों से ज्यादा राय न लें। परिजनों के साथ आप खरीदारी के लिये जा सकते हैं। अधिकारी आपके ऊपर विश्वास कम करेंगे।

**कुंभ**

किसी बड़ी कम्पनी में नौकरी मिल सकती है। काफी दिनों से चली आ रही परेशानी दूर होगी। आप अपना काम काफी अच्छी तरह से पूरा करेंगे।

**मीन**

वैवाहिक जीवन अत्यधिक तनावयुक्त हो सकता है। आज आपका मन घर में नहीं लगेगा। अड़ियल रवैये के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### झुलसी महिला की इलाज के दौरान हुई मौत

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शाहपुर थाना क्षेत्र के चांदमारी गांव में गैस सिलेंडर रिसाव से लगी आग में झुलसी 42 वर्षीय सरिता देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से जख्मी उनकी दो बेटियां प्रीति और कृति इलाजरत है। मृतका के परिजन के मुताबिक, उनके बड़े भाई और पूर्व सैनिक सत्येंद्र राय अपने परिवार के साथ शाहपुर के चांदमारी में रहते हैं। विगत 10 जून की रात घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर खत्म हो गया था। नया सिलेंडर लगाते समय उसमें से गैस का रिसाव होने लगा, जिसके बाद अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि सरिता देवी और उनकी दोनों बेटियां गंभीर रूप से झुलस गई। पहले उन्हें सगुना मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गुरुवार रात सरिता देवी की मौत हो गई। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया है, मृतका के परिजन के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### स्कॉर्पियो से 306 कैन बीयर बरामद, गाड़ी जब्त

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराबबंदी के बावजूद शराब की तस्करी थम नहीं रही है। शनिवार को मसौढ़ी पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। हिलसा-नालंदा की ओर से मसौढ़ी में खपाने के लिए लाई जा रही विदेशी शराब की खेप को पुलिस ने बरामद कर लिया थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि काले रंग की स्कॉर्पियो से बड़े पैमाने पर केन बियर मसौढ़ी लाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने भैंसवां गांव के पास घेराबंदी की।



पुलिस को देखते ही शराब धंधेबाज गाड़ी छोड़कर भाग निकले। तलाशी के दौरान स्कॉर्पियो से 306 कैन बियर बरामद हुई। पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर लिया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि गाड़ी के नंबर से मालिक का पता लगाया जा रहा है। यह भी जांच की जा रही है कि इतनी बड़ी खेप कहां से लाई गई थी, इसका सप्लायर कौन है और मसौढ़ी में डिलीवरी कहां होनी थी।फिलहाल पुलिस फरार धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मसौढ़ी पुलिस लगातार 'ऑपरेशन शराब' के तहत कार्रवाई कर रही है।

### पूर्व सांसद आनंद मोहन का भव्य स्वागत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना से गया जाने के दौरान शनिवार को सरवां गांव के पास पूर्व सांसद आनंद मोहन का समर्थकों ने गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया।इस मौके पर सरवां गांव के कार्यकर्ताओं समेत आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। समर्थकों ने फूल-मालाओं से पूर्व सांसद का स्वागत किया और जिंदाबाद के नारे लगाए।



स्वागत से अभिभूत आनंद मोहन ने समर्थकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही हमारी असली ताकत है। सभी को एकजुट होकर समाज और क्षेत्र के विकास के लिए काम करना होगा। उन्होंने युवाओं से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। मौके पर स्थानीय नेताओं ने भी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा की। स्वागत कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मौके पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शैलेंद्र कुमार, चितरंजन सिंह, संजय सिंह, संजय कुमार साकेत, मिथिलेश सिंह, अजीत सिंह, कर्मवीर कुमार, गोलू कुमार, डॉ रणधीर, गुड्डू समेत कई लोग शामिल रहे।

### एनटीपीसी बाढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को सीआईएसएफ यूनिट एनटीपीसी बाढ़ में प्रथमा ब्लड सेंटर, पटना के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस सामाजिक एवं मानवतावादी पहल में यूनिट के कमांडेंट नवीन कुमार तथा सहायक कमांडेंट कुमार मंगलम सहित कुल 22 बल सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।



इस अवसर पर कमांडेंट नवीन कुमार ने कहा कि रक्तदान एक महादान है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने सभी बल सदस्यों को समय-समय पर रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। रक्तदान शिविर का आयोजन प्रथमा ब्लड सेंटर, पटना की चिकित्सकीय टीम की देखरेख में किया गया। शिविर के दौरान सभी रक्तदाताओं को आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शिविर के सफल आयोजन के लिए उपस्थित अधिकारियों एवं बल सदस्यों ने प्रथमा ब्लड सेंटर, पटना की टीम के प्रयासों की सराहना की।

### बंगाल में पीएम मोदी ने भेजे 2-2 हजार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी की। ऐसे में मसौढ़ी में प्रखंड स्तरीय किसानों के साथ एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुधीर साह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्ष पटेल, आत्मा अध्यक्ष पिंटू सिंह एवं कई किसान उपस्थित हुए,गौरतलब है की किसानों को 13 मार्च 2026 के बाद से इस किस्त का इंतजार था,



जो अब खत्म हो गया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक मसौढ़ी प्रखंड में कुल 13 हजार किसान इस योजना के लाभुक हैं। किस्त जारी होते ही यहां भी सैकड़ों किसानों के खातों में राशि पहुंचनी शुरू हो गई है। जिन किसानों ने ी-ङउ, आधार सीडिंग और बैंक खाते से जुड़ी जरूरी प्रक्रिया पूरी कर ली है, उनके खातों में 23वीं किस्त की राशि क्रेडिट हो रही है। कुछ किसानों के खाते में पैसा पहुंच चुका है, जबकि कुछ के खाते में थोड़े समय में क्रेडिट हो जाएगा। पीएम किसान योजना के तहत पात्र किसानों को हर साल 6 हजार रुपये की सहायता तीन किस्तों में दी जाती है। 23वीं किस्त जारी होने से किसानों को खरीफ सीजन की तैयारी में मदद मिलेगी। इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील वर्मा, पंचायत समिति सदस्य बबन केवट, कृषि समन्वयक विजय कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक रंजीत कुमार, किसान सलाहकार सुनील कुमार रत्नेश कुमार भुनेश्वर कुमार के साथ चंद्र मोहन कुमार अशोक कुमार अन्य लोग शामिल रहे।

# मसौढ़ी में आम के पेड़ से लटका मिला शिक्षक का शव, हत्या की आशंका



**जांच में जुटी पुलिस, प्रेम प्रसंग में हत्या की चर्चा**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के खरजामा गांव से दक्षिण आनंदी खंदा में एक आम के पेड़ से युवक का शव लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान निशांत कुमार (28), पिता बिंदेश्वर प्रसाद उर्फ मंडल, निवासी खरजामा के रूप में हुई है। निशांत एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक था। परीजनों के अनुसार निशांत कल 11 बजे से लापता था। शनिवार कि सुबह खरजामा और जिलालबीघा गांव के बीच खंदा में आम के पेड़ से उसका शव लटका मिला। जहां शव पाया गया है वह उसी का खेत और केबिन था। सूचना पर आसपास के कई गांवों से लोग और परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतक की मां ने बताया कि निशांत की किसी से दुश्मनी नहीं थी। न जमीन का विवाद था, न संपत्ति का झगड़ा। आखिर किसने मेरे बेटे को मार दिया।कहकर वह बेसुध हो रही थीं। सूचना मिलते ही मसौढ़ी पुलिस दलबल के साथ पहुंची। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल को बैरिकेड कर सैंपल जुटाए। पुलिस ने मौके से कुछ सामान भी जब्त किया है। ग्रामीणों में चर्चा है कि यह आत्महत्या नहीं लगती। लोगों का कहना है कि प्रेम प्रसंग में हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# घर के बाहर बैठे बुजुर्ग को पिकअप वैन ने रौंदा, मौत



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहपुर थाना क्षेत्र के उड़ान टोला में विगत रात घर के बाहर बैठे एक 70 वर्षीय वृद्ध को पिकअप वैन ने जोरदार धक्का मार दिया। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आनन फानन में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया मगर उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान उड़ान टोला निवासी सूर्यदेव सिंह के रूप में हुई है। वहीं, घटना के बाद गांववालों ने मौके पर ही पिकअप वैन चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, शुक्रवार रात सूर्यदेव सिंह अपने घर के बाहर चौकी पर बैठे थे। इसी दौरान शिवाला मोड़ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप वैन अनियंत्रित होकर उनकी चौकी से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सूर्यदेव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और परिजनों ने उन्हें तुरंत सगुना मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां शनिवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। सूचना पर शाहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। शाहपुर थानाध्यक्ष के मुताबिक मृतक के बेटे महेश कुमार के बयान पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पारस हेल्थ पटना में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पारस हेल्थ, पटना में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग करने और इसको लेकर जागरूक करने के लिए हॉस्पिटल के वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सक, कर्मचारी एवं आम



नागरिक भी उपस्थित रहे। योगाचार्य रंजीत सिंह के नेतृत्व में सभी ने लगभग एक घंटा योग और ध्यान किया। योग के बाद उसके महत्व के बारे में भी बताया गया और सभी से इसे रोज की दिनचर्या में शामिल करने की अपील की गई। इस मौके पर पारस हेल्थ के जोनल डायरेक्टर श्री अनिल कुमार ने कहा कि आज तनाव भरी जिंदगी में योग से न केवल मुस्कान लाई जा सकती है वल्कि इससे शरीर को भी दुरुस्त रखा जा सकता है। योगाभ्यास में मुख्य रूप से विभिन्न विभागों के डॉक्टर एंव कर्मचारी शामिल हुए। गौरतलब है कि योगाचार्य रंजीत सिंह एक सिविल इंजीनियर, योगाचार्य एवं 'श्री आनंदम योग' के संस्थापक हैं। वे पिछले 30 वर्षों से योग, प्राणायाम, ध्यान एवं समग्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में सक्रिय हैं। पारस हेल्थ पटना में 2013 शुरूआत करते हुए बिहार का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है जिसके पास परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा लाइसेंस प्राप्त कैंसर उपचार केंद्र है। पटना 2016 में एनएबीएच मान्यता प्राप्त करने वाला बिहार का पहला अस्पताल था। आज अस्पताल की बेड क्षमता 400 से ज्यादा है, जिसमें 80 आईसीयू बेड, 2 LINAC मशीन एंव PET-CT की सुविधा भी उपलब्ध है।

## नगर निकाय चुनावः दानापुर और खगौल में चुनावी तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निकाय चुनाव को लेकर दानापुर और खगौल नगर परिषद में चुनावी हलचल तेज हो गई है। आगामी चुनाव के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं और मतदान केंद्रों का विस्तृत खाका तैयार कर लिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए निर्वाचन पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि दानापुर नगर परिषद के 45 वार्डों में कुल लगभग 1,96,000 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे और इनके लिए 206 मतदान केंद्र (बूथ) निर्धारित किए गए हैं। वहीं, खगौल नगर परिषद के 30 वार्डों में कुल लगभग 65,000 मतदाता पंजीकृत हैं। जिनके लिए 66 बूथों पर मतदान की व्यवस्था की गई है। निर्वाचन पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार के अनुसार, चुनाव संबंधी रोस्टर की फाइल जिला स्तर से राज्य निर्वाचन आयोग को अनुमोदन के लिए भेजी जा चुकी है।

# री-नीट में सफलता का सबसे बड़ा मंत्र है - शांत मन, आत्मविश्वास और सही रणनीति : बिपिन सिंह

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** री-नीट परीक्षा को लेकर छात्रों और अभिभावकों के बीच बढ़ती उत्सुकता के बीच गोल इस्चीयूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री बिपिन सिंह ने विद्यार्थियों को परीक्षा दिवस एवं परीक्षा कक्ष में अपनाई जाने वाली महत्वपूर्ण रणनीतियों के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि री-नीट केवल ज्ञान की परीक्षा नहीं है, बल्कि यह मानसिक संतुलन, धैर्य, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास की भी परीक्षा है। अंतिम सफलता उसी छात्र को मिलती है जो परीक्षा के दिन अपने मन और भावनाओं पर नियंत्रण बनाए रखता है। श्री सिंह ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि परीक्षा से पूर्व रात में कम से कम 7-8 घंटे की पर्याप्त नींद अवश्य लें तथा सुबह किसी भी प्रकार की नई पढ़ाई या नए टॉपिक की शुरूआत न करें। परीक्षा कक्ष में प्रश्नपत्र प्राप्त होने के बाद सबसे पहले पूरे मन को



शांत रखें और प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ें। जिन प्रश्नों पर पूर्ण विश्वास हो उन्हें पहले हल करें। किसी एक कठिन प्रश्न पर अनावश्यक समय न गंवाएं। समय प्रबंधन ही उच्च स्कोर का सबसे बड़ा आधार है। यदि किसी प्रश्न का उत्तर स्पष्ट न हो तो केवल अनुमान के आधार पर उत्तर अंकित करने से बचें। नकारात्मक अंकन अंतिम रैंक को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। यदि कोई कठिन प्रश्न या अपरिचित सेक्शन सामने आ जाए तो घबराने की आवश्यकता नहीं है। याद रखें कि वही प्रश्न आपके प्रतिस्पर्धियों के लिए भी उतने ही कठिन हैं। ऐसे समय में मानसिक स्थिरता ही सबसे बड़ी शक्ति बनती है। अभिभावकों के लिए उन्होंने कहा कि परीक्षा के दिन बच्चों पर अतिरिक्त दबाव न बनाएं। उनकी तुलना किसी अन्य छात्र से न करें और न ही बार-बार परिणाम या रैंक की चर्चा करें। बच्चों को सकारात्मक ऊर्जा, भावनात्मक समर्थन और आत्मविश्वास प्रदान करें। अंत में बिपिन सिंह ने कहा, आज का दिन केवल एक परीक्षा का दिन नहीं है, बल्कि वर्षों की मेहनत, अनुशासन, त्याग और सपनों को साकार करने का अवसर है। स्वयं पर विश्वास रखिए, ईश्वर पर भरोसा रखिए और पूरे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा कक्ष में प्रवेश कीजिए। सफलता निश्चित रूप से आपके कदम चूमेगी।

# मसौढ़ी एवं धनरूआ के आंगनबाड़ी केंद्रों पर मना अन्नप्राशन दिवस, 6 माह पूरे कर चुके बच्चों की मुंह जुठाई

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाल विकास परियोजना के तहत मसौढ़ी और धनरूआ प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर अन्नप्राशन दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 6 माह की आयु पूरी कर चुके बच्चों का विधिवत मुंह जुठाई कर ऊपरी आहार की शुरूआत कराई गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने नवजात बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन की रस्म पूरी की। साथ ही माताओं को बच्चों के पूरक आहार, साफ-सफाई और पोषण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई मसौढी सीडीपीओ अनिता कुमारी ने बताया कि 6 माह तक सिर्फ मां का दूध बच्चों के लिए जरूरी है। इसके बाद शरीर के विकास के लिए ऊपरी आहार देना आवश्यक हो जाता है। अन्नप्राशन दिवस का उद्देश्य माताओं को सही समय पर सही पोषण शुरू करने के लिए



जागरूक करना है।वहीं धनरूआ सीडीपीओ जीनत कौसर ने कहा कि महिला पर्यवेक्षिकाओं और सेविकाओं के द्वारा माताओं को बताया गया कि दलिया, खिचड़ी, मसला हुआ केला, उबला आलू जैसे पौष्टिक आहार धीरे-धीरे शुरू करें। इससे बच्चों में कुपोषण की समस्या दूर होगी और शारीरिक-मानसिक विकास बेहतर होगा। इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्थानीय महिलाओं के द्वारा पारंपरिक गीत भी गाये गये और केंद्र को गुब्बारों और रंगोली से सजाया गया था। बड़ी संख्या में लाभुक माताएं अपने बच्चों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुईं। केंद्रों पर बच्चों का वजन, लंबाई भी मापी गई और टीकाकरण की जानकारी दी गई। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीण इलाकों में पोषण को लेकर जागरूकता बढ़ रही है।

## मुहर्रम को लेकर हाथीदह थाना में शांति समिति की बैठक

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह थाना परिसर में आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने की।बैठक में थाना क्षेत्र के सभी मस्जिद और दरगाहों पर विशेष निगरानी रखने पर सहमति बनी। थानाध्यक्ष ने कहा कि पर्व के दौरान अफवाहों पर ध्यान न दें, आपसी सौहार्द बनाए रखें और किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति की सूचना तुरंत पुलिस को दें।सबसे अहम निर्णय जुलूस को लेकर लिया गया। मुहर्रम जुलूस में डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। साथ ही तेज आवाज वाले लाउडस्पीकर और भड़काऊ गानों पर भी रोक रहेगी। जुलूस के रूट और समय की पूर्व जानकारी थाना को देने का निर्देश दिया गया।बैठक में मुखिया शशि शंकर शर्मा, सरपंच रास बिहारी, भाजपा नेता पवन कुमार सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि और दोनों समुदायों के लोग मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में एनएसएस द्वारा स्वच्छता और कचरा प्रबंधन पर छात्र-छात्रों को दी गयी जानकारी

**'स्वच्छता आदत नहीं, संस्कार बने' नारे के साथ की वोलेंटियरशिप कार्यक्रम का समापन**



**दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत एइसी-4 के विद्यार्थियों के वोलेंटियरशिप कार्यक्रम में अंतिम दिन शनिवार को समीपवर्ती श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम और कचरा प्रबंधन पर जानकारी दी गयी।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी अमर कुमार, प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह,एनएसएस पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी व डॉ संदीपा इंद्रा ने संयुक्त रूप से किया।बीडीओ अमर कुमार ने सैनिटाइजेशन पर संक्षिप्त लेकिन असरदार स्पीच दी। उन्होंने कहा, स्वच्छता सिर्फ झाड़ू लगाने का नाम नहीं है। यह आदत नहीं, संस्कार बने तभी बिहार स्वस्थ बनेगा। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान ने गांवों को ओडीएफ फ्री प्लस मॉडल बनाने का जो बीड़ा उठाया है, उसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है।उन्होंने कहा कि कचरा अभिशाप नहीं, अगर सही प्रबंधन हो तो आय का स्रोत है। जिस घर से निकलने वाले कचरे को हम बोझ समझते थे, आज सीवान के लखवा गांव में वही कचरा मोबाइल एप से 15 रुपये किलो बिक रहा है। प्लास्टिक से बैग, बेंच और डायरी बन रही है। उन्होंने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि भारत सरकार की "स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025" रिपोर्ट में बिहार को पूर्वी भारत का सर्वश्रेष्ठ राज्य घोषित किया गया है। यह सफलता 1 करोड़ 50 लाख से अधिक शौचालय निर्माण और 1.30 लाख स्वच्छता कर्मियों की मेहनत से मिली है।

**कचरा प्रबंधन का हिलसा मॉडल समझाते हुए बीडीओ बोलेः**

हर घर में दो डिब्बे होने चाहिए - हरा डिब्बा गीले कचरे के लिए, नीला डिब्बा सूखे कचरे के लिए। स्वच्छता कर्मी पैडल रिक्शा से घर-घर कचरा उठाकर वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट पहुंचाते हैं। प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा, आग जरूरी है लेकिन सावधानी से यूज ही सही कदम है, वैसे ही कचरा प्रबंधन में सावधानी बरतें तो गांव सोना उगलेंगे। ब्लॉक समन्वयक आलोक आनंद ने बताया कि मार्च 2026 तक हिलसा की 45 पंचायतों के 185 गांवों में घर-घर कचरा उठाव शुरू होगा।

## मोकामा के कसहा दियारा में डंपिंग यार्ड पर बवाल,बिना सहमति के बना रही है बिहट नगर परिषद

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के ग्राम पंचायत राज कसहा दियारा में थाना नंबर-10 की जमीन पर बीहट नगर परिषद द्वारा निर्माण कार्य का मामला थम नही रहा है।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बीहट नगर परिषद अब मोकामा प्रखंड के थाना नंबर 10 की जमीन पर कचरा प्रबंधन (डंपिंग यार्ड) बनाने लगा है जिसको लेकर



विवाद खड़ा हो गया है। मोकामा पूर्वी मंडल महामंत्री भोजल निषाद और स्थानीय ग्रामीणो ने अंचलाधिकारी मोकामा को पत्र लिखकर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।पत्र में स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बिहट नगर परिषद द्वारा स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की सहमति के बिना जबरन डंपिंग यार्ड का निर्माण कराया जा रहा है।सभी का कहना है कि उक्त स्थल पर कचरा डंप होने से आसपास के गांवों में दुर्गंध, वायु और जल प्रदूषण फैलने की प्रबल संभावना है। इससे लोगों के स्वास्थ्य, पर्यावरण, कृषि भूमि और पशुपालन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।क्षेत्र की स्वच्छता और जनहित प्रभावित होगा।

# मसौढ़ी एवं धनरूआ के आंगनबाड़ी केंद्रों पर हुआ सोशल ऑडिट, योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आईसीडीएस के तहत संचालित योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को मसौढ़ी और धनरूआ प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर सोशल ऑडिट का आयोजन किया गया। सोशल ऑडिट टीम ने केंद्रों पर पहुंचकर पोषाहार वितरण, टीएचआर, बच्चों की उपस्थिति, वजन-लंबाई माप, गर्भवती-धात्री महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं और टीकाकरण की स्थिति की जांच की। टीम ने केंद्रों के अभिलेखों का सत्यापन किया और लाभुक माताओं से सीधा संवाद कर फीडबैक लिया। जांच के दौरान केंद्रों की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था और पोषाहार की गुणवत्ता भी परखी गई। कई केंद्रों पर बच्चों की



उपस्थिति पंजी, स्टॉक पंजी और वितरण पंजी का मिलान किया गया। ग्रामीणों ने पोषाहार की गुणवत्ता और समय पर वितरण को लेकर अपने सुझाव भी दिए। मसौढी सीडीपीओ अनीता कुमारी एवं धनरूआ मे सीडीपीओ जीनत कौसर के द्वारा बताया गया की सोशल ऑडिट का मुख्य उद्देश्य योजनाओं के क्रियान्वयन में कमियों को दूर कर सेवाओं को बेहतर बनाना है। इससे आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी और लाभुकों को समय पर सही लाभ मिल सकेगा। ऑडिट के दौरान वार्ड सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि और जीविका दीदियां भी मौजूद रहीं। उन्होंने केंद्र संचालन को और बेहतर बनाने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। सोशल ऑडिट में मिली खामियों को दूर करने के लिए सेविकाओं को जरूरी निर्देश दिए गए। विभाग ने कहा कि आगे भी समय-समय पर ऐसे ऑडिट कराए जाएंगे ताकि कुपोषण मुक्त समाज का लक्ष्य पूरा हो सके।

# बाढ़ में पहुंचे मंत्री मदन सहनी, अत्याधुनिक बाढ़ निबंधन कार्यालय भवन का किया उद्घाटन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अवर निबंधन कार्यालय का उद्घाटन मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन मंत्री मदन साहनी ने शनिवार को किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य में 13 वर्षों के बाद जमीन का सर्किल रेट बढ़ाया गया है। इससे थोड़ी परेशानी हो सकती है ।लेकिन इसका व्यापक लाभ भू स्वामियों को मिलने वाला है ।एनडीए सरकार कई विकास योजना में हजारों एकड़ जमीन का अधिग्रहण करने का काम कर रही है। इससे भूस्वामियों को बढे हुए सर्किल रेट का लाभ मिलेगा। एनडीए सरकार लगातार लोगों की



सुविधाओं के विकास करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बाढ़ के पुराने निबंधन कार्यालय को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लेकर सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। स्थानीय लोगों को

**अधिग्रहण होने वाली जमीन का मुआवजा ,बढ़े हुए सर्किल रेट से मिलेगा : मंत्री मदन साहनी**



इसका सीधा लाभ मिलेगा ।मंत्री का अभिनंदन करते हुए बाढ की अवर निबंधक डॉक्टर रत्नामणि केसरी ने नये कार्यालय भवन में मिली सुविधाओं का विस्तार पूर्वक जानकारी लोगों को दी।इस मौके पर विधायक डॉक्टर सियाराम सिंह, बख्तियारपुर विधायक अरुण कुमार , नगर अध्यक्ष संजय कुमार, जदयू नेता पप्पू सिंह निषाद, निबंधन विभाग के उपमहानिरीक्षक डॉक्टर संजय कुमार, सुशील कुमार सुमन, एआईजी निलेश कुमार , पटना जिला मुख्यालय डीएसआर ब्रज बिहारी शरण, नालंदा डीएसआर अजय कुमार झा विक्रम अवर निबंधक नवीन कुमार सहित पटना जिला के सभी अवर निबंधनक कार्यालय कर्मी प्रधान लिपिक मनु कुमार साव, तरुण कुमार, कर्मी गौरव कुमार दीपक कुमार, देवयानी कुमारी, गणेश कुमार, भूषण कुमार सहित सभी कर्मी मौजूद थे।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लेकर बुनियादी सुविधा का लाभ लोगों को मिलेगा**

1865 ई से संचालित बाढ़ अवर निबंधन कार्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल सुविधा के साथ आठ काउंटर बनाये गये है। जिसमें हेल्पलाइन,डिलीवरी काउंटर ,दस्तावेज जांच काउंटर , एयर कंडीशन प्रतीक्षालय ,विवाह रजिस्ट्रेशन, आधार प्रमाणीकरण, बायोमेट्रिक, प्रसाधन और रिसेप्शन जैसी महत्वपूर्ण सुविधा दी गई है। इससे लोगों को अपने दस्तावेज की अद्यतन जानकारी अपने आप लगातार मिलती रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सैनिक संघ के सदस्य बने आशुतोष कुमार शाही

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ का सदस्य आशुतोष कुमार शाही को बनाया गया है। संघ का प्रदेश अध्यक्ष नंद कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष आर एन उपाध्याय ने उन्हें सदस्यता की शपथ दिलाते हुए प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष नंद कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व सैनिक आशुतोष कुमार शाही हवलदार रैंक से रिटायर होने के बाद व्यापार में अपनी अलग पहचान बनाई है। संघ का प्रदेश मिडिया प्रभारी उपेन्द्र सिंह ने कहा कि श्री शाही राजनीति के क्षेत्र में भी अच्छे काम कर रहे है। ये भारतीय जनता पार्टी में बिहार भाजपा में पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ का दो बार से प्रदेश संयोजक भी रहे है। यहां भी इन्होने पूर्व सैनिकों को जोड़ने का काम किया है। इस कार्यक्रम में संघ का प्रदेश कोषाध्यक्ष आर एन सिंह, भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक धर्मेंद्र सिंह, औनरी कैप्टन मनोज सिंह, आरा जिला सैनिक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक राम दयाल सिंह, धुरेन्दर कुमार, मनोज कुमार, अर्जुन सिंह एवं अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित थे।




### समर कैंप का समापन, ग्रामीणों ने की सराहना

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के निर्देश पर गर्मी छुट्टी के दौरान सभी सरकारी विद्यालयों में समर कैंप का संचालन किया गया। शनिवार को कैंप का समापन हो गया, क्योंकि सोमवार से नियमित विद्यालय संचालन शुरू हो जाएगा। समर कैंप में शिक्षा सेवकों के साथ ग्रामीण अभिभावकों ने स्वयंसेवक बनकर बच्चों को पढ़ाने का जिम्मा उठाया। विभाग की ओर से इसके लिए कोई राशि देय नहीं थी, फिर भी ग्रामीण महिलाओं और युवाओं ने शिक्षा के प्रति समर्पण दिखाया। कैंप के दौरान बच्चों को योग, डांस, पेंटिंग, कहानी, कविता पाठ और सामान्य ज्ञान की विशेष कक्षाएं कराई गईं। सुबह दो घंटे चले इन सत्रों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल-खेल में सीखने पर जोर दिया गया।प्राथमिक विद्यालय मिरचक में गुड़िया कुमारी, विभा कुमारी और राज कुमार ने लगातार सुबह दो घंटे बच्चों को पढ़ाया। ग्रामीण महिलाओं ने बिना किसी पारिश्रमिक के शिक्षा देने का सराहनीय काम किया। स्थानीय अभिभावकों ने कहा कि समर कैंप से बच्चों की छुट्टियों का सदुपयोग हुआ और उनकी रचनात्मकता बढ़ी। विभाग की इस पहल की गांव में खूब सराहना हो रही है।



### दो युवकों की सड़क हादसे में मौत, एक गंभीर

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के बेतिया-मोतिहारी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-727) पर शुक्रवार देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि बानूछापर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 29 निवासी गुलशन कुमार यादव, चेतन कुमार और विशाल कुमार एक ही बाइक पर सवार होकर मझौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव से बारात समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नानोसती के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में गुलशन कुमार यादव और चेतन कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विशाल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। सूत्रों ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### श्रावणी मेले से पहले जर्जर सड़क की मरम्मत कराने की मांग

**बांका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चांदन कटोरिया मुख्य सड़क मार्ग के चांदन बस स्टैंड व तिवारी चौक के बीच सड़क मार्ग पर बना एक बड़ा गड्ढा किसी बड़े हादसे का आमंत्रण दे रहा है। जबकि आगामी श्रावणी मेले के दौरान इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे-छोटे वाहनों की परिचालन होगा।देवघर चांदन मार्ग से प्रतिदिन बड़े नेता व अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है। इसके बावजूद मुख्य सड़क पर बने गड्ढे की मरम्मत के लिए किसी ने कोई ठोस पहल नहीं की है। जर्जर सड़क पर बने गड्ढे के समीप प्रतिदिन छोटी-छोटी दुर्घटनाएं होती रहती है।इस गड्ढे से गुजरने वाले बाईक,ऑटो,टोटो चालक अपनी जान जोखिम में डालकर गुजरते नजर आते हैं। स्थानीय लोगों व वाहन चालकों ने जिला प्रशासन से शीघ्र जर्जर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

### 28 जून को मनेगा पंचायत विकास दिवस

**चांदन (बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंचायती राज विभाग बिहार पटना द्वारा जारी निर्देश के आलोक में ग्राम पंचायतों के विकास हेतु आगामी 28 जुन को प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में पंचायत दिवस कार्यक्रम समारोह आयोजित किया जाएगा।इस आशय की जानकारी देते हुए प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम में सूचना का प्रसारण, बैठक की अध्यक्षता, कार्य सूची कार्यवाही का अभिलेख है एवं अनुश्रवण विभागीय पत्र के आलोक में अनुपालन सुनिश्चित करने को लेकर पंचायतवार सभी कार्यपालक सहायक, पंचायत सचिव, लेखापाल आदि को पत्र निर्गत किया गया है।

### जनता दरबार में पांच मामले निष्पादित

**चांदन (बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चांदन प्रखंड मुख्यालय स्थित अंचल कार्यालय के सभागार में आज शनिवार को भू-विवाद से जुड़े मामलों के निबटारे को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया।सीओ रविकांत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में चांदन थाना के पुअनि संजय कुमार सिंह, सुईयां थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार झा मुख्य रूप से मौजूद रहे. इस दौरान भू-विवाद से संबंधित कुल 09 नये व पुराने आवेदन प्राप्त हुए. तीनों थाना क्षेत्र के जमीन संबंधित आवेदन जनता दरबार में देकर उचित कार्रवाई की मांग की. सुनवाई के क्रम में पांच मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों को जांच के लिए संबंधित पंचायत के राजस्व कर्मचारी को सौंप दिया गया.इस मौके पर राजस्व पदाधिकारी दीपका भारती, कर्मचारी रुपेश कुमार, मनीष कुमार आदि मौजूद थे।



### भू विवाद के निष्पादन को लेकर जनता दरबार का आयोजन

**धोरैया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय में भू विवाद के निष्पादन को लेकर शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। सीओ श्रीनिवास कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में कुल 7 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें धोरैया थाना क्षेत्र से 4 तथा धनकुंड थाना क्षेत्र से 3 आवेदन प्राप्त हुए। बताया गया कि पूर्व के जनता दरबार में धोरैया थाना क्षेत्र से प्राप्त लंबित आवेदनों में से 5 मामले का निष्पादन किया गया। वहीं धनकुंड थाना क्षेत्र से प्राप्त लंबित आवेदनों में से 3 मामले का निष्पादन किया गया।

### साइबर फ्रॉड से महिलाओं को बचाने को लेकर आयोजित हुई कार्यशाला

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामाजिक आर्थिक विकास कार्यशाला का आयोजन कर शहरी एवं ग्रामीण इलाके के 300 महिलाओं को साइबर फ्रॉड से बचाने को लेकर जागरूक किया गया। कार्यशाला का शोभा बढ़ाने एवं महिलाओं को जागरूक करने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रभात रंजन के साथ थाना अध्यक्ष पंकज कुमार पासवान कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कार्यक्रम के माध्यम से थानाध्यक्ष ने आज के समय में लोग कैसे साइबर फ्रॉड के शिकार होते हैं इसको विस्तार से बताया। थानाध्यक्ष ने महिलाओं से कहा कि किसी भी अनजान नंबर से कॉल आता है तो उसका जवाब नहीं दे और ना ही ओटीपी को शेयर करें। उन्होंने यह भी कहा कि आजकल केवाईसी के नाम पर ज्यादा फ्रॉड हो रहा है इसलिए इससे भी हम लोगों को बचाना है और लोगों को भी जागरूक करना है। इसके पहले कार्यशाला में डिविजनल मैनेजर विशाल कुमार सिंह एवं जमालपुर शाखा के मैनेजर मनीष कुमार के साथ एरिया मैनेजर सियाराम यादव ने अतिथि का सम्मान स्मृति चिन्ह बैठकर किया।



# कम तेल की थाली भारत की खुशहाली

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थित अमर रिसोर्ट में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित 'कम तेल की थाली- भारत की खुशहाली' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि 'कम तेल की थाली, भारत की खुशहाली' कार्यक्रम केवल एक स्वास्थ्य संबंधी संदेश नहीं, बल्कि एक स्वस्थ, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में स्वस्थ जीवनशैली, फिटनेस और पोषण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। 'फिट इंडिया', 'ईट राइट इंडिया' और 'पोषण अभियान' जैसी पहलें इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। हम सभी जानते हैं कि बदलती जीवनशैली और खान-पान की आदतों के कारण हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा और अन्य गैर-संचारी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। इन बीमारियों के प्रमुख कारणों में अत्यधिक तेल, वसा और असंतुलित आहार का सेवन भी शामिल है। स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है कि हम संतुलित भोजन को अपनाएँ और अपने दैनिक आहार में तेल की मात्रा को नियंत्रित रखें। अधिक तेल का सेवन न केवल हमारे शरीर के लिए हानिकारक है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक नकारात्मक प्रभाव भी डालता है। इसलिए आज आवश्यकता है कि हम स्वाद के साथ-साथ स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता दें। 'कम तेल की थाली' का अर्थ स्वाद से समझौता करना नहीं है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाना है। यदि हम अपने भोजन में ताजी सब्जियां, फल, दालें, मोटे अनाज और संतुलित मात्रा में तेल का उपयोग करें, तो हम स्वयं को अनेक बीमारियों से बचा सकते हैं। यह अभियान केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। जब देश का नागरिक स्वस्थ होगा, तभी देश की उत्पादकता बढ़ेगी, स्वास्थ्य पर होने वाला अनावश्यक खर्च कम होगा और राष्ट्र की प्रगति को नई गति मिलेगी। इसलिए यह अभियान वास्तव में 'भारत की खुशहाली' से जुड़ा हुआ है। इस अवसर पर सभी लोगों ने यह संकल्प लिया कि अपने-अपने भोजन में तेल की मात्रा को संतुलित रखेंगे, जंक फूड और अत्यधिक तले हुए खाद्य पदार्थों से बचेंगे, नियमित व्यायाम और योग को जीवन का हिस्सा बनाएँगे, अपने परिवार और समाज को भी स्वस्थ खान-पान के प्रति जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि हर परिवार स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होगा, तो हमारा समाज स्वस्थ होगा, और जब समाज स्वस्थ होगा, तभी भारत खुशहाल और विकसित बनेगा। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिला मोर्चा की महिलाओं ने अपने अपने घर से बिना तेल/कम तेल का अनेक प्रकार का व्यंजन बनाकर लायी थीं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सह विधायक मोतिहारी प्रमोद कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, डिप्टी मेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद, महिला मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी संगीता चित्रांश, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीता शर्मा, उपाध्यक्ष मीना मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शंकर सिंह, डॉ० हेना चंद्रा सहित भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।






# मजदूरों की जायज मांग को लेकर आईटीसी के गेट पर मजदूर नेता ने बोला हल्ला

## चार सूत्री मांगों को लेकर आईटीसी के मजदूरों ने किया गेट मीटिंग

**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आईटीसी मुख्य द्वार के समक्ष आईटीसी श्रमिक संघ (पंजीकरण संख्या- 4239) के बैनर तले एक गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। गेट मीटिंग अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सह मजदूर नेता जयराज गौतम ने की। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में एटक के नेता सह सीपीआई के प्रवक्ता अमरनाथ उपस्थित रहे। संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आईटीसी मुंगेर में अनुकंपा बहाली में हो रही देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दिवंगत श्रमिकों के आश्रितों को समय पर अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिलने से उनके समक्ष आर्थिक एवं सामाजिक कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं। प्रबंधन से इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करने की मांग की गई।सभा में यह मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया कि आईटीसी की मान्यता प्राप्त यूनियन का चुनाव वर्ष 2011 के बाद से आज तक नहीं कराया गया है, जिससे श्रमिकों के लोकतांत्रिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि श्रमिकों को उनका वैधानिक एवं लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए शीघ्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी यूनियन चुनाव कराया जाना चाहिए।इसके अतिरिक्त श्रमिकों से जुड़े अन्य विभिन्न मुद्दों, श्रमिक कल्याण तथा श्रमिक हितों से संबंधित लंबित मांगों को भी प्रमुखता से उठाया गया। सभा में उपस्थित श्रमिकों ने अपनी मांगों के समर्थन में एकजुट रहने तथा श्रमिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।सभा में प्रमुख रूप से अमित मिश्रा, मुकेश कुमार, बीर विक्रम, अश्विनी कुमार, प्रशांत कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रमेश कुमार, अभिषेक कुमार, कुमार बाबू, एस.के. पॉल, सुमित कुमार, संतोष यादव, गौतम मिश्रा एवं दौलत कुमार सहित सैकड़ों श्रमिक उपस्थित थे।



## ट्रेन में बिना टिकट सफर करने पर अब देना होगा डबल जुर्माना

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाना,नियमों के पालन को बढ़ावा देना, रेलवे राजस्व की सुरक्षा करने के लिए रेलवे ने नियमों में बदलाव किया है। नए नियमों के तहत अब बिना टिकट के ट्रेन में सफर करने वाले को पहले से दोगुना यानी डबल जुमार्ना देना होगा। ये नए नियम 1 जुलाई 2026 से लागू कर दिए जाएंगे उक्त बातें आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने यात्रियों को जागरुक करते हुए बताया। उन्होंने इस नए रेलवे के नियम के बारे में यह अभी कहां की रेलवे नियमों को नहीं मानने वालों के खिलाफ सरकार ने सख्ती बढ़ाने का फैसला किया है। इसके तहत अब रेलवे अपराधों और नियम उल्लंघनों के लिए जुर्माने की राशि बढ़ा दी गई है।नए आदेश के तहत अब सीधे मुकदमा नहीं होगा बल्कि पहले पेनल्टी लगाई जाएगी और अगर पेनल्टी नहीं भरी गई तब मामला अदालत में जाएगा। सरकार ने जन विश्वास (संशोधन प्रावधान) अधिनियम, 2026 के तहत रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 137 और 138 में बदलाव किए हैं.

# श्राद्धकर्म 13 दिन पर सम्पन्न कराने से पंडित-पुरोहितों का इंकार

## हृदयाघात से हो गई थी फौजी के भाई की मौत

## पंडित कह रहे श्राद्ध कर्मकांड करा देंगे पर भोजन नहीं करेंगे

**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के एकमा प्रखंड की रसूलपुर थाना क्षेत्र की चनचौरा पंचायत के माधोपुर गांव का एक फौजी परिवार छुट्टी लेकर बिटिया की शादी करने आया था।इसी बीच फौजी का एक भाई का हृदय गति रूकने से मौत हो गई।शादी का दिन नजदीक होने के कारण मानवता के आधार पर गांव के ही पूर्व मुखिया ब्राह्मण परिवार ने 13 दिन पर ही श्राद्धकर्म निपटा देने की राय दे दी और श्राद्धकर्म कांड शुरू कर दिया गया।मामला जब पंडित पुरोहितों के यहां पहुंचा तो पीड़ित परिवार पर और भी शोक के बादल छा गये। पीड़ित परिवार के पुरोहित ने साफ साफ कह दिया कि श्राद्धकर्म करा देंगे पर हम सब कोई ब्राह्मण भोजन नहीं करेंगे।पंडित पुरोहितों से पीड़ित परिवार ने अपनी मजबूरी बताई और विनती भी की। पीड़ित फौजी ने कहा कि अगर 13 दिन पर श्राद्धकर्म हो जाएगा तो उसकी बिटिया के माड़ो -मटकोर ,हल्दी कुटाई आदि रस्म भी हो जाएगा।पर पुरोहित एक भी नहीं माने। पुरिहितों ने कहा कि शास्त्र के अनुसार आप के जाति वर्ग में 16 दिन पर ही श्राद्धकर्म का प्रावधान है।हार थक कर पीड़ित परिवार ने 16 दिन पर ही श्राद्धकर्म करने का निर्णय लिया पर इसके लिए बिटिया के तिलक ,हल्दी माटी मटकोर सहित कई खुशियों के रस्मों के दिन बलिदान करना पड़ रहा है।16 दिन पर कर्मकांड होने से 28 जून को श्राद्धकर्म होगा और 29 को बारात आयेगी।माटी मटकोर हल्दी आदि सभी रस्म दफन हो जायेंगे।

# बहुक्षेत्रीय मासिक संतमत सत्संग की सफलता को लेकर सत्संगियों ने किया जनसंपर्क

## 27 जून को छोटी केशोपुर में होगा संतमत सत्संग

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संतमत सत्संग आश्रम छोटी केशोपुर में 27 जून एक दिवसीय बहु क्षेत्रीय मासिक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। इधर सत्संग के सफलता को लेकर सत्संगी प्रचार प्रसार को लेकर शहर में धर्म प्रेमियों के बीच जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के माध्यम से आश्रम समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मंडल एवं आश्रम सचिव सूर्य नारायण मंडल ने कहा इस क्षेत्र में संतमत सत्संग के प्रचार प्रसार में मासिक सत्संग एक अहम कड़ी है। इसलिए इसे सफल बनाने के लिए हम सभी सत्संगियों को एकजुट होकर सहयोग करने की आवश्यकता है। जिला सह बहु क्षेत्रीय सत्संग के प्रचार मंत्री राजन कुमार चौरसिया ने कहा संतमत सत्संग के वरिष्ठ महात्मा स्वामी शांतानंद जी महाराज एवं स्वामी प्रभाकर बाबा के अलावा कई साधु संतों का पदार्पण एवं आध्यात्मिक प्रवचन होगा। जिसमें जमालपुर, मुंगेर, लखीसराय, खगड़िया, भागलपुर एवं आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ो संतमत सत्संग के अनुयायी शामिल होंगे। जिनके ठहरने एवं भोजन भंडारा की निशुल्क व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से की गई है।



## मोहर्रम को लेकर बंजरिया थाना परिसर में होगी शांति समिति की बैठक

**मोतिहारी/बंजरिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी मोहरम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार, 21 जून 2026 को बंजरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों, धर्मगुरुओं एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।बैठक में मोहरम जुलूस, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, आपसी समन्वय तथा कानून - व्यवस्था से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। साथ ही पर्व के दौरान प्रशासन एवं आम जनता की भूमिका और सहयोग को लेकर भी विचार-विमर्श होगा। बंजरिया थाना प्रभारी अमित कुमार की ओर से बताया गया है कि पुलिस मुख्यालय एवं वरीय अधिकारियों के निदेर्शानुसार मोहरम पर्व को पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने की तैयारी की जा रही है।

# 24 वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व केंद्रीय मंत्री जगदंबी प्रसाद यादव

## भाजपा नगर इकाई जमालपुर ने सादगी पूर्ण तरीके से मनाई जयंती

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व जगदंबी प्रसाद यादव की 24 वी पुण्यतिथि जुवली वेल जमालपुर में भारतीय नगर पूर्वी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भुट्टो की अध्यक्षता में मनाई गई। सर्व प्रथम महामानव पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व जगदंबी प्रसाद यादव के तैल चित्र पर कार्यकताओं के द्वारा पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री नीशुतोष कुमार यादव ने कहा कि महामानव पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व जगदंबी बाबु मुंगेर जिला के बरियारपुर प्रखंड के एकाशी टोला के निवासी थे,एक साधारण परिवार से आते थे।1968 से 1971तक जनसंघ के बिहार प्रदेश के अध्यक्ष एवं 1981 से 1984 तक भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष रहे।जब बिहार में जनसंघ से चार विधायक चुनें गये थे इन्होंने भी मुंगेर विधानसभा से 1962से 1967 सत्र में मुंगेर से निर्वाचित हुए थे। कई विभाग एवं आयोगों के अध्यक्ष रहे। फिर भी इनका जीवन सादगीपूर्ण जीवन जीते थे। हमलोग कह सकते कि सादगी की प्रतिमूर्ति थे। संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि जगदंबी बाबू के कार्यों का उल्लेख करना वैसे तो सूर्य को दीपक दिखाने के समान है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व नगर अध्यक्ष शंभुशरण सिंह, उपाध्यक्ष रवि मोदी, कुन्दन नाथ, बुनकर प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मिलन तांती,रवि पासवान,विनोद मंडल, अविनाश कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# जनता दरबार में विवाद का निपटारा नहीं होने से फरियादियों में असंतोष

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल कार्यालय में आयोजित शनिवार के जनता दरबार फरियादियों की भीड़ अक्सर देखी जाती है। जनता दरबार में अधिकांश पुराने जमीनी विवाद के मामले का निपटारा नहीं होने से फरियादियों में असंतोष दिख रहा है। अंचलाधिकारी राकेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में पुराने मामले की सुनवाई हुई। पुराने मामले में छोटी दौलतपुर के शंभू ताती एवं महेश ताती के मकान खाली करवाने से संबंधित विवाद को सुना गया। जबकि छोटी केशोपुर के राकेश कुमार एवं विजय पंडित के भूमि विवाद की सुनवाई थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान की उपस्थिति में हुई। इसके अलावा बड़ी दौलतपुर के शिव कुमार सिंह एवं उमा देवी के भूमि विवाद एवं नालापार केशोपुर के दिलेश्वर साव अपने भाई पर जमीन हरपने का आरोप लगाते हुए बिना बटवारा के घर बनाने पर रोक लगाने से संबंधित आवेदन दिए। वही वही ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र के नया गांव बद्दीपारा निवासी राजकुमार ने कहा कि पिछले डेढ़ साल से अंचल के अमीन के गलत मापी से जो विवाद उत्पन्न हुआ है उसका समाधान आज तक नहीं हो पाया जिससे हम परेशान हैं। जनता दरबार में आए सभी मामले की सुनवाई करते हुए उसके निराकरण करने का भरोसा पदाधिकारी ने फरियादियों को दिया।



## संदिग्ध परिस्थितियों में कर्मी की मौत, पुत्र ने छह लोगों पर हत्या का आरोप लगाया

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के चावल बाजार निवासी एक युवक ने अपने पिता की मौत को लेकर रक्सौल थाना में आवेदन देकर दुकान संचालक सहित छह नामजद लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। चावल बाजार वार्ड संख्या-21 निवासी उत्सव कुमार ने थाना को दिए आवेदन में बताया है कि उसके पिता सुजीत कुमार (47 वर्ष) रक्सौल बाजार स्थित एक टायर दुकान में कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। आरोप है कि 18 जून की रात दुकान परिसर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद दुकान संचालक और अन्य लोगों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की।

# पिता के निधन के बाद भी नहीं टूटा हौसला, बेटी बनी सीए

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा के बांकीपुर गोरख निवासी स्वर्गीय रवि अग्रवाल की पुत्री खुशी अग्रवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बनकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे फतुहा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खुशी की इस शानदार उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों और मुहल्ले के लोगों में हर्ष का माहौल है। परिजनों के अनुसार खुशी बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रही है। उसके जीवन में उस समय बड़ी चुनौती आई जब उसके पिता का असमय निधन हो गया। इसके बावजूद उसने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया और कठिन परिस्थितियों में भी लगातार मेहनत करती रही। उसकी मां रूपा अग्रवाल ने भी बेटी की पढ़ाई और भविष्य को लेकर हर संभव सहयोग किया तथा किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी। खुशी की दादी कौशल्या देवी ने बताया कि खुशी शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रही है। उन्होंने कहा कि परिवार ने हमेशा उसकी प्रतिभा पर भरोसा किया और आज उसकी मेहनत रंग लाई है। खुशी की सफलता उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणा है जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सपनों को साकार करने का संकल्प रखते हैं। खुशी के सीए बनने की खबर मिलते ही परिजन, मित्रों और स्थानीय लोगों ने उसे बधाई दी। लोगों ने कहा कि खुशी की उपलब्धि से पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ा है। सभी ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वह आगे भी इसी तरह सफलता की नई ऊंचाइयों को छूकर समाज और क्षेत्र का नाम रोशन करती रहे।



# विश्व योग दिवस को लेकर रक्सौल में जनजागरण अभियान तेज

## 21 जून को आईसीपी परिसर में होगा भव्य योग शिविर

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को आयोजित होने वाले भव्य योग शिविर की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण (आईसीपी) रक्सौल एवं भारत विकास परिषद, शाखा रक्सौल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। भारत विकास परिषद के सदस्यों ने नगर के विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, सामाजिक संगठनों तथा गणमान्य नागरिकों के बीच पहुंचकर आमंत्रण पत्र वितरित किए और योग शिविर में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की। परिषद के पदाधिकारियों का कहना है कि योग को जन-जन तक पहुंचाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। परिषद के अध्यक्ष रजनीश प्रियदर्शी, सचिव नरेश कुमार तथा कार्यक्रम संयोजक अरविंद जायसवाल ने बताया कि पिछले कई वर्षों से आईसीपी परिसर में विश्व योग दिवस पर योग शिविर का सफल आयोजन होता रहा है। इस बार भी कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं तथा आईसीपी प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। योग शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े अनुभवी योग प्रशिक्षक चन्देश्वर प्रसाद साह प्रतिभागियों को योग, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराएंगे। श्री साह बीते दो दशकों से अधिक समय से बिहार और नेपाल के विभिन्न क्षेत्रों में योग एवं आध्यात्मिक जागरूकता के प्रसार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। महिला सहभागिता प्रमुख मेनका गुप्ता एवं संस्कार संयोजक नीतेश कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर नगरवासियों में उत्साह का माहौल है। उन्होंने लोगों से परिवार और मित्रों के साथ शिविर में शामिल होकर योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। परिषद के संपर्क संयोजक उमेश सिकारिया एवं सेवा संयोजक सह मीडिया प्रभारी बिमल कुमार सर्राफ ने बताया कि 21 जून की सुबह आयोजित होने वाला यह योग शिविर स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।



# आशा चयन में धांधली तो आंगनबाड़ी में रिश्वतखोरी का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**





**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** प्रखंड बीससूत्री की बैठक अध्यक्ष दीपक पटेल की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में हुई। बतौर सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद जफर इमाम ने बैठक का संचालन किया। अंचल अधिकारी शैलेंद्र कुमार यादव समेत कई विभागों के अधिकारी के साथ बीस सूत्री के उपाध्यक्ष श्याम कुमार पाठक, सदस्य रंजन वर्मा, अवधेश पासवान, रंजीत शर्मा, रंजीत कुशवाहा, राकेश पांडेय, डॉक्टर दिनेश वर्मा, यमुना सिंह, सीमन कुमारी, संजय शर्मा, प्रशांत तांती, शशि कुमार उपस्थित रहे। सदस्यों ने मामला उठाया कि आशा बहाली में अनियमितता बड़े पैमाने पर की जा रही है। बहाल आशा को डेढ़ साल से नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया है। कोशिश यह की जा रही है कि दूसरे स्थान पर आने वाले महिला को बतौर आशा कार्यकर्ता नियुक्त कर दिया जाए। बाल विकास परियोजना से संबंधित मामलों पर सदस्यों ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण की जरूरत है। कई जगह अनियमितता बरती जा रही है। सेविका बताती है कि उन्हें पोषाहार कम आपूर्ति होती है। अध्यक्ष दीपक पटेल ने एक खबर के हवाले बताया कि सीडीपीओ को 5000 प्रति आंगनबाड़ी केंद्र रिश्वत मिलता है। खाद की कालाबाजारी व आपूर्ति, बिजली विभाग, पुलिस, पशुपालन विभाग, पीएचईडी से संबंधित कई सवाल सदस्यों ने उठाया। यह भी कहा गया कि बीस सूत्री की बैठक में जो निर्णय लिया जाता है, उस पर अधिकारी अमल नहीं करते। कई अधिकारी बैठक में आते नहीं है, उनके विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। कहा गया कि माननीय शब्द पत्र में इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन माननीय को महत्व नहीं दिया जाता। अधिकारी मनमानी करते हैं। बैठक में सदस्यों की तरफ से यह भी कहा गया कि जो अधिकारी नहीं आ रहे हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। बैठक के कार्यवाही सभी सदस्यों को ससमय उपलब्ध कराया जाना चाहिए। सचिव सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद जफर इमाम ने कहा कि बैठक के तत्काल बाद कार्यवाही पंजी की प्रति सभी सदस्यों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। अंचल अधिकारी शैलेन्द्र यादव ने भूमि विवादों को लेकर सदस्यों द्वारा उठाये गए सवालों पर जवाब दिया।

# बेसहारों का सहारा बना ज्ञान ज्योति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पुरानाशहर स्थित ज्ञान ज्योति शिक्षण केन्द्र में शुक्रवार को संस्था के निदेशक सह सम्पूर्णानंद एजुकेशनल एन्ड सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट के सचिव डा.चंचल कुमार ने दिव्यांगों का सहारा बनकर उन्हें पोशाक वितरण किया। जानकारी देते हुए निदेशक डा.चंचल कुमार ने कहा कि ये ऐसे इन्सान हैं जो चलने में असमर्थ होने के साथ- साथ कुछ कर नहीं सकते। इन्हें देखने वाला सिर्फ ऊपर वाला है। ये अपने जीवन के हर खुशी को मारकर घर के कोने में बैठे रहते हैं। संस्था इनके प्रति जागरूक होकर इन्हें समय- समय पर मदद के लिए खड़ा रहेगी। इनके हर दुःख-सुख में शामिल होकर इनके हौसले को बढ़ायेगी। निदेशक ने सभी लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि ये भी समाज के सदस्य हैं। हर व्यक्ति को चाहिए कि वे अपने घर के इर्द-गिर्द लोगों को चिन्हित कर मदद करें। समाज को आगे बढ़ने में इनका भी कही न कही योगदान होगा। निदेशक का यह पहल लाचारों के लिए कारगर साबित होगा। पोशाक पुरानाशहर, वार्ड नंबर-08 के निवासी पिंटू आलम को दिया गया, जिनके पिता बचपन में ही दुनिया से चल बसे थे। निदेशक ने पिंटू आलम को समय समय पर आर्थिक सहयोग भी प्रदान करते हैं। इसी वार्ड के खुर्शीद आलम एवं वार्ड नंबर-09 के निवासी सद्दाम हुसैन तथा मंजूर आलम को पोशाक वितरित किया गया। इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर मुहल्ले के लोग निदेशक डा.चंचल कुमार को प्रशंसा कर रहे हैं। मौके पर नेयाज आलम, रजनीश कुमार, विनोद कुमार, राजा कुमार, दीपक कुमार, सोनू कुमार एवं उत्तम कुमार उपस्थित रहे।

## एक नजर

### दो वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के शारदा बिगहा गांव में छापेमारी कर दो वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तार वारंटियों में शारदा बिगहा निवासी लाल बहादुर यादव एवं कामदेव यादव शामिल हैं। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय द्वारा दोनों आरोपितों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट निर्गत किया गया था। न्यायालय के आदेश के आलोक में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, कुछ वर्ष पूर्व जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट के एक मामले में दोनों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। मामले में न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर दोनों को जेल भेज दिया गया।

### सर्पदंश से महिला घायल, रेफर

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के कासमा थाना क्षेत्र अंतर्गत डोमन बिगहा गांव में शनिवार की सुबह सर्पदंश से एक महिला घायल हो गई। घायल महिला की पहचान डोमन बिगहा गांव निवासी अम्बिका नोनिया की 45 वर्षीया पत्नी सोनकलिया देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह सोनकलिया देवी खाना बनाने के लिए गोईठा (उपला) निकाल रही थीं। इसी दौरान गोईठा के बीच छिपे एक सांप ने उनके पैर में काट लिया। सांप के काटते ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और परिवार के लोग घबरा गए। आनन-फानन में परिजनों एवं स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर लाल जी यादव द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया। महिला की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने उन्हें औरंगाबाद रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल बना हुआ है। डॉक्टर लाल जी यादव ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर गोईठा, लकड़ी या अन्य सामान उठाने के दौरान सर्पदंश की घटनाएं सामने आती रहती हैं। लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

### नीट परीक्षा को लेकर बिहारशरीफ में विशेष यातायात व्यवस्था, भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

**बिहारशरीफ।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट (यू जी) 2026 परीक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने 21 जून रविवार को बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र में विशेष यातायात व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। परीक्षा केंद्रों पर बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों के आगमन को देखते हुए सुबह 6 बजे से परीक्षा समाप्ति के बाद अभ्यर्थियों के प्रस्थान तक यातायात नियंत्रण एवं प्रबंधन के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं।जारी आदेश के अनुसार ट्रक, ट्रैक्टर, पिकअप समेत सभी बड़े व्यावसायिक वाहनों के बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र में प्रवेश एवं परिचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वहीं हॉस्पिटल चैराहा, भैंसासुर एवं अंबेर चैक मार्ग पर भी भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई है।प्रशासन ने वैकल्पिक मार्गों की भी व्यवस्था की है। अंबेर चैक से हॉस्पिटल मोड़ तक ऑटो, ई-रिक्शा एवं दोपहिया वाहनों का परिचालन जारी रहेगा। सोहसराय से समाहरणालय की ओर जाने वाले ऑटो एवं ई-रिक्शा मोगलकुआं-एतवारी बाजार मार्ग से संचालित होंगे। पटना, नवादा एवं राजगीर से आने वाली बसों का संचालन कारगिल एवं रामचंद्रपुर बस स्टैंड से किया जाएगा। सरकारी बस स्टैंड का संचालन भी एक दिन के लिए कारगिल बस स्टैंड से होगा। यातायात नियंत्रण के लिए एतवारी मोड़, मोगलकुआं, समाहरणालय पिछला गेट, बरादरी मोड़ एवं अंबेर-रहुई रोड तिरमुहानी पर ड्रॉप गेट एवं बैरियर लगाए जाएंगे। वहीं बरबीघा बस स्टैंड, सरकारी बस स्टैंड, ब्लॉक मोड़, सोगरा उच्च विद्यालय मैदान एवं नालंदा कॉलेजिएट विद्यालय परिसर को पार्किंग स्थल बनाया गया है।

# तीन वर्ष और 15 हजार के जुर्माने की सजा

## आर्म्स एक्ट के तहत अनुमण्डल व्यवहार न्यायालय ने सुनाई सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** व्यवहार न्यायालय दाउदनगर के अनुमण्डलीय न्यायिक दंडाधिकारी विकास कुमार की अदालत ने खुदवां थाना कांड संख्या 33/2024 में आरोपित अंटू पांडे उर्फ बॉस पांडे को आर्म्स एक्ट की धारा 25 (1बी)(ए) एवं 26 के तहत दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। आरोपी को धारा 25(1बी)(ए) के तहत दो वर्ष का साधारण कारावास एवं 10000 रुपये जुर्माना तथा धारा 26 के तहत एक वर्ष का साधारण कारावास एवं 5000 रुपये जुर्माना दिया गया है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी तथा कानून के अनुसार सेट-ऑफ का लाभ प्रदान किया गया है। न्यायालय ने अपने निर्णय में यह स्पष्ट संकेत दिया कि अवैध हथियारों से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की उदारता नहीं बरती जाएगी। न्यायालय का मानना है कि बिना लाइसेंस या अवैध हथियार रखने के मामलों में सजा का उद्देश्य केवल दंड नहीं बल्कि समाज में भय एवं रोकथाम स्थापित करना भी है, ताकि ऐसे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। पिछले छह माह के दौरान इस न्यायालय द्वारा आर्म्स एक्ट से संबंधित कई मामलों में दोषसिद्ध अभियुक्तों को सजा सुनाई गई है, जिससे यह स्पष्ट संदेश गया है कि अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध कठोर रुख अपनाया जा रहा है।

# पेपर लीक, महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस का आक्रोश मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बिहारशरीफ।** नालंदा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को लगातार हो रहे पेपर लीक, बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जताई। कार्यक्रम के तहत श्रम कल्याण मैदान, बिहारशरीफ से एक आक्रोश मार्च निकाला गया, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए हॉस्पिटल चैराहा पहुंचा। वहां कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया।मौके पर नालंदा जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार सिन्हा ने कहा कि देश का युवा लगातार हो रहे पेपर लीक से परेशान है, किसान महंगाई की मार झेल रहा है और लाखों शिक्षित युवक-युवतियां बेरोजगारी के कारण भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है, जबकि युवाओं और आम लोगों से जुड़े सवालों पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है। रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल तथा दैनिक उपयोग की वस्तुओं के बढ़ते दामों से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। कांग्रेस पार्टी जनता के हक, युवाओं के भविष्य और किसानों के हितों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। इस अवसर पर नंदू पासवान, जमाल अशरफ जमाली, उस्मान गनी, राजीव कुमार मुन्ना, इंजीनियर टीपू, डॉ. अवधेश प्रसाद, अजय कुमार पांडेय, सदन मलिक, प्रमोद कुमार, सुभाष समेत जिला कांग्रेस कमेटी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ, भक्तिमय माहौल में गूंजे जयकारे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के सलैया पंचायत के बेला गांव में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर शनिवार को जलभरी कलश शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। बेला से जलभरी कलश शोभा यात्रा भ्रमण करते हुए मुरली पहाड़ी तालाब पहुंचे जहां जलभरी कर महायज्ञ मंडप आए। भव्य कलश यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र में जयकारा जय श्री राम और जय विश्वकर्मा की जयघोष से पुरा वातावरण गूंज उठा। वातावरण भक्तिमय हो गया। पांच दिवसीय इस श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री विश्वकर्मा देव प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभारंभ पर निकली यात्रा में श्रद्धालुओं में आस्था और भक्ति में डूबे हुए थे। बेला मोड़ स्थित यज्ञ मंडप से मंत्रोच्चार के बीच घोड़ा, रथ, बैंड-गाजा बाजा व सिंघा बाजा के साथ निकली यात्रा में हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। कड़ी धूप को देखते हुए रास्ते भर सड़क पर पानी का छिड़काव किया गया, जिससे श्रद्धालुओं को राहत मिली। विश्वकर्मा बाबा की जयकारों के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो रहा था। तालाब पर यज्ञाचार्य पं. शैलेश कुमार त्रिवेदी जी महाराज एवं आचार्य कृष्ण पाठक ने वैदिक मंत्रों से वरुण देवता का पूजन कर मुख्य श्रोता सुभाष विश्वकर्मा से कलश में जलभरी करवाई। इस दौरान खिरियावां के मुखिया प्रतिनिधि रंजीत यादव ने तालाब पर श्रद्धालुओं को शरबत पिलाकर सेवा किया। जयकारे लगाते हुए सभी यज्ञ मंडप पहुंचे, जहां परिक्रमा कर कलश स्थापित किए गए। पहले दिन शाम 4 बजे पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश व अरणी मंथन हुआ। आयोजकों के अनुसार दूसरे दिन वेदी पूजन, हवन, जलाधिवास व अनाधीवास होगा। तीसरे दिन वेदी पूजन-हवन, चौथे दिन नगर परिक्रमा व संध्याधिवास, जबकि पांचवें व अंतिम दिन 24 जून को महास्नान, प्राण-प्रतिष्ठा व पूर्णाहुति के बाद महाभंडारा होगा। महायज्ञ के साथ प्रतिदिन शाम 7 से रात 10 बजे तक वृंदावन की सुप्रसिद्ध कथा वाचिका देवी अदिति प्रिया पाठक की संगीतमय राम कथा होगी। कथा के बाद रामलीला का मंचन भी किया जाएगा। प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। कलश यात्रा में क्षेत्र संख्या 11 के जिला पार्षद शंकर यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष विवेक कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष लव कुमार सिंह, मुखिया मनोज चौधरी, उपप्रमुख प्रतिनिधि उदय यादव, राजद नेता राजू सिद्धि यादव, समाजसेवी देवेंद्र उर्फ भोला सिंह, पिंटू सिंह, उपमुखिया अशोक गुप्ता समेत कमेटी सदस्य राजेश विश्वकर्मा, चंदन शर्मा, मंटू शर्मा, दरोगा यादव पंकज शर्मा,उमेश विश्वकर्मा, श्यामदेव यादव, उदय साव सहित दर्जनों गणमान्य उपस्थित थे।

# नशा व्यक्ति की शारीरिक व मानसिक स्थिति को करता है प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नशा मुक्त भारत अभियान सप्ताह के अंतर्गत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार शनिवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बुनियाद केंद्र और वृहद आश्रय गृह में नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं किशोरियों के बीच नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु संकल्प दिलाना था।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चों, किशोरों, किशोरियों एवं कर्मियों को नशे के दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है तथा परिवार एवं समाज के विकास में बाधा उत्पन्न करता है। प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से उन्होंने स्वयं नशे से दूर रहने, दूसरों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बच्चों एवं किशोरियों के बीच नशामुक्ति से संबंधित जागरूकता संदेशों का प्रसार किया गया तथा उन्हें सकारात्मक सोच, शिक्षा, खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

### आधुनिक शिक्षा और एआई पर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**गिरियक।** बदलते शैक्षणिक परिवेश और नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षकों को दक्ष बनाने के उद्देश्य से पावापुरी स्थित तीर्थंकर महावीर विद्या मंदिर में एक दिवसीय इन-हाउस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, नई शिक्षा नीति (एनईपी) तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम का शुभारंभ णमोकार मंत्र एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कौशल किशोर कौशिक, उप-प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार, समन्वयक नीतू जैन तथा कोलकाता से आए शिक्षा विशेषज्ञ सोमन चक्रवर्ती उपस्थित रहे।प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए सोमन चक्रबर्ती ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में चिंतन, विश्लेषण और समस्याओं के समाधान की क्षमता विकसित करना भी उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, लर्निंग ऑब्जेक्टिव्स एवं लर्निंग आउटकम्स, क्रिटिकल थिंकिंग और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. साध्वी संप्रज्ञा जी ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षकों का सतत प्रशिक्षण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आधारशिला है। वहीं प्राचार्य डॉ. कौशल किशोर कौशिक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे निरंतर बदलावों के बीच नियमित प्रशिक्षण शिक्षकों को नवीन शैक्षणिक दृष्टिकोण अपनाने और विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षण प्रक्रिया विकसित करने में सहायक सिद्ध होता है।

# मारपीट के पुराने मामले में फरार तीन वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर मारपीट के एक पुराने मामले में लंबे समय से फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसआई रविरंजन के नेतृत्व में एसआई सूर्यदेव सिंह एवं सुगंध राज सहित पुलिस टीम का गठन किया गया। शुक्रवार की रात चलाए गए अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के सोनहथु गांव में छापेमारी कर एनबीडब्ल्यू (गैर-जमानती वारंट) के आरोपी शशिभूषण यादव, पवन यादव और अजय यादव को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों आरोपितों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बिना लाइसेंस ताजिया जुलूस निकालने पर होगी कार्रवाई, मोहर्रम को लेकर प्रशासन ने जारी की गाइडलाइन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**हसपुरा (औरंगाबाद)।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शनिवार को हसपुरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने की, जबकि संचालन एवं निगरानी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी ने की। बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर सुनील कुमार, अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी, प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना, विजय कुमार अकेला, एकलाख खां, श्रीकांत वर्मा, कौशल शर्मा, डॉ. देवलाल पासवान सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न गांवों के ग्रामीण तथा ताजिया कमेटियों के खलीफा एवं सदस्य उपस्थित रहे।

थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि मोहर्रम त्याग, शांति, भाईचारे और सौहार्द का पर्व है। उन्होंने सभी ताजिया कमेटियों से पूर्व निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार ही जुलूस निकालने का निर्देश देते हुए कहा कि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के हथियारों का प्रदर्शन एवं डीजे का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि बिना लाइसेंस ताजिया जुलूस निकालना गैरकानूनी है। सभी आयोजक समय पर लाइसेंस प्राप्त करें तथा जुलूस के दौरान लाइसेंस अपने साथ रखें। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि गांव-मोहल्लों के युवाओं को सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक पोस्ट साझा नहीं करने के लिए जागरूक करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें। सर्किल इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि हसपुरा प्रखंड में कुल 32 लाइसेंसी ताजिया स्थापित किए जाते हैं। सभी जुलूसों पर प्रशासन की विशेष निगरानी रहेगी तथा प्रत्येक ताजिया कमेटी को अपने जुलूस की वीडियोग्राफी कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी कर्बला स्थलों पर दंडाधिकारी के साथ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी। साथ ही किसी भी मंदिर के समीप जुलूस को अनावश्यक रूप से रोकने की अनुमति नहीं होगी, ताकि सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे। बैठक में मोहर्रम के दिन दोपहर से हसपुरा बाजार में छोटी एवं बड़ी सभी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने का भी सुझाव दिया गया। बैठक में पैक्स अध्यक्ष ओम प्रकाश चौधरी, मुखिया गोपाल सिंह, संतोष शौंडिक, सतेंद्र पासवान, पंचायत समिति सदस्य धनंजय कुमार मुन्ना, जयप्रकाश कुमार, सरपंच बखोड़ा खां, धनंजय कुमार घोष, सुरेश आर्य, वीरेंद्र कुमार, जफर शाह, पिंटू चौधरी, रामजीत राम, दिनेश राम, हामिद अंसारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# किसानों को आधुनिक एवं उन्नत कृषि तकनीकों की दी जानकारी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026 के तहत शनिवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय खरीफ प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देना तथा उन्हें कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु, सहायक निदेशक मिट्टी जांच प्रयोगशाला दीपक कुमार सिन्हा, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, कृषि वैज्ञानिक पंकज कुमार, अनूप चौबे तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी दीपक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को उन्नत बीजों के उपयोग, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जल संरक्षण तकनीकों तथा जैविक खेती के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उपाय भी बताए गए। इस अवसर पर किसानों के बीच कृषि उपादानों का वितरण किया गया तथा उन्हें खरीफ फसलों की बेहतर पैदावार के लिए वैज्ञानिक सलाह दी गई। कार्यक्रम में पूर्व आत्मा अध्यक्ष बृजेश्वर मेहता, नोडल पदाधिकारी परशुराम कुमार, योगेंद्र कुमार, संजीत राम, संजीव कुमार, किसान सलाहकार आकाश कुमार, रंजीत पांडेय सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कृषि विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

# योग से विभिन्न प्रकार की बीमारियां को किया जा सकता है दूर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। इस बार आज 21 जून रविवार को योग दिवस मनाया जाएगा, क्योंकि अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया गया है। योग के क्षेत्र में उभर रही बेहतर संभावनाओं के कारण हाल के समय में योग की डिग्री भी मुख्य धारा की अन्य तमाम डिग्रियां की तरह प्रचलित होने लगी है। इसी योग दिवस पर ओबरा के चिकित्सक एवं व्यायामधारी समाजसेवियों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया के माध्यम से लोगों को जोड़ने को अपील की है। आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डा. आलोक कुमार ने कहा कि योग के अभ्यास को डिजिटल से प्रचारित करने के लिए मंत्रालय ने हाल में भी नमस्ते योग एप भी जारी किया है। कहा कि समय की कमी से जूझ रहे हैं। कामकाजी लोगों के लिए यह वरदान साबित है। इस एप के माध्यम से योगाभ्यास व्यक्ति समय को तनाव मुक्त कर सकता है।

सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. बिक्रम कुमार सिह ने भी योग को विशेष महत्व बताते हुए योग्य को अपने जीवन में उतारने के लिए आहवान किया है। कहा कि प्राचीनकाल खंड के पश्चात वर्तमान समय में अंतराष्ट्रीय दिवस के रूप में विश्व ख्याति में वृद्धि हुई है और जिसका श्रेय भारत के प्रधानमंत्री को जाता है। उनका योग और जीवन के सौंदर्य में एक ही मूल मंत्र है। योग से सारी बीमारियां दूर होती है। आज योग दिवस के मौके पर योग को उत्सव के रूप में मनाने को अपील की है। उच्च माध्यमिक विद्यालय शंकरपुर के संगीत शिक्षक सुशील कुमार ने बताया कि योग्य से विभिन्न प्रकार के बीमारियां को भगाया जा सकता है। आज दुनिया भर में लोग अभ्यास कर रहे है। नमस्कार से होने वाले फैदे से अवगत एवं जन-जन से सूर्य नमस्कार से होने वाली विशेष लाभप्रद साबित है। सबों से आग्रह किया है कि विश्व अंतराष्ट्रीय दिवस के मौके पर योग से जुड़े और एक दूसरे को प्रेरित करे।

# पत्रकार सत्येंद्र पाठक के पिता विजय पाठक का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के ऊचौली गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार सत्येंद्र पाठक के पिता 72 वर्षीय विजय पाठक का शनिवार को अपराह्न लगभग 3 बजे हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय विजय पाठक अपने मिलनसार स्वभाव और सामाजिक व्यवहार के लिए जाने जाते थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों एवं स्थानीय लोगों ने उनके आवास पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया। शोक व्यक्त करने वालों ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है।

# नीट परीक्षा को लेकर एसडीओ ने परीक्षा केन्द्रों पर लागू की निषेधाज्ञा

## आज पलामू के चार केन्द्रों पर होगी परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (नीट) द्वारा आयोजित नीट (यूजी) 2026 परीक्षा 21 जून 2026 को होगी। पलामू जिले में 4 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा का संचालन अपराह्न 2 से 5:15 बजे तक होगी। परीक्षा को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी, जैमर, बायोमेट्रिक उपस्थिति यंत्र अधिष्ठापित किया गया है। परीक्षा आयोजन को लेकर परीक्षा केन्द्रों पर निषेधाज्ञा घोषित किया गया है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडे ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में परीक्षा की तिथि को परीक्षा के दौरान बी.एन.एस.एस. के अंतर्गत निषेधाज्ञा घोषित की है। यह निषेधाज्ञा परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। निषेधाज्ञा घोषित होने से परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि के अंदर कोई भी व्यक्ति घातक हथियार लाठी (बूढ़ा एवं अपंग) को छोड़कर भाला, गड़ासा, छूरा, अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेगा। वहीं दाह-संस्कार, धार्मिक एवं शादी-विवाह के जुलूस को छोड़कर पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्ति एक साथ मजमा बनाकर नहीं चलेगा। कोई भी संस्था/व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग वर्जित होगा। परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/वीक्षक/ परीक्षार्थी/पुलिस बल को छोड़कर कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में नहीं जायेगा। कोई भी व्यक्ति मटरगश्ती नहीं करेगा या चिट-पुर्जा, प्रश्नपत्र वितरित नहीं करेगा। परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर की परिधि के अंदर सभी फोटो स्टेट (फोटो कॉपी) के दुकान में परीक्षा संबंधी कोई भी अनुचित कार्य नहीं होंगे।

# प्रभात फेरी के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश

## विद्यार्थियों ने चलाया जन जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देशानुसार निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को प्लस टू एच.ई. हाई स्कूल, गिरिडीह से प्रभात फ़ेरी निकाली गई। जिला नजारत उप समाहर्ता आशुतोष ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित इस जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। प्रभात फ़ेरी विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर झंडा मैदान, सदर अस्पताल, टावर चौक सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंचकर संपन्न हुई।




रैली में शामिल छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां लेकर आमजनों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने 'हम सब का एक ही नारा, नशा मुक्त जीवन हो हमारा', 'नशा छोड़ें, शिक्षा चुनें', 'नशा को ना कहें, जीवन को हां कहें' तथा 'नशा छोड़ें, परिवार जोड़ें' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली के दौरान युवाओं को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला नजारत उप समाहर्ता आशुतोष ठाकुर ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में भी बाधक बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी की सक्रिय भागीदारी से ही नशामुक्त समाज के निर्माण का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया जा सकता है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित यह अभियान आगामी दिनों में भी विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जारी रहेगा, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया जा सके जिला प्रशासन ने लोगों से नशे के खिलाफ जागरूक होकर स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की है।

# जलस्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कर संरक्षित करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गुप्ता ने हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जलस्रोतों, नदी-नालों, जलमार्गों, जलाशयों एवं तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कर संरक्षित करने की मांग को लेकर उपायुक्त हजारीबाग को आवेदन सौंपा है। उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय तथा मुख्यमंत्री के हालिया निर्देशों के आलोक में जलस्रोतों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए त्वरित कार्रवाई आवश्यक है। मनोज गुप्ता ने कहा कि वर्ष 1954 में छड़वा डैम के लिए 378 एकड़ भूमि का अधिग्रहण शहर की पेयजल आपूर्ति हेतु किया गया था। उस समय शहर की आबादी लगभग 30 हजार थी, जो अब बढ़कर करीब 3 लाख हो चुकी है। इसके बावजूद डैम से पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि डैम की बड़ी भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कब्जा कर बिक्री की जा रही है। उन्होंने डैम की मापी, अतिक्रमण हटाने तथा गहरीकरण की मांग की है। उन्होंने रोमी-पेलावल से शिवपुरी, रामनगर और कुम्हारटोली होते हुए खिरगांव तक जाने वाले प्रमुख नाले पर हुए अतिक्रमण का भी मुद्दा उठाया। उनके अनुसार 50 फीट चौड़ा नाला कई स्थानों पर सिमटकर मात्र 10 फीट रह गया है, जिसके कारण बरसात में सैकड़ों घरों में गंदा पानी प्रवेश कर जाता है। उन्होंने पूर्व में झारखंड उच्च न्यायालय में जनहित याचिका संख्या 6711/2009 भी दायर की थी। उन्होंने नाले को अतिक्रमण मुक्त कर गहरीकरण एवं गार्डवाल निर्माण की मांग की। मनोज गुप्ता ने सालगांव स्थित गोंदा डैम से निकलने वाली नदी पर भी व्यापक अतिक्रमण का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मापी के बाद कई अतिक्रमणकारी चिह्नित किए जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। नदी के प्राकृतिक जलमार्ग को बहाल करने के लिए अतिक्रमण हटाना आवश्यक है। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के 22 तालाबों की दुर्दशा पर भी चिंता व्यक्त की। उनके अनुसार धोबिया तालाब, ओकनी तालाब और कस्तूरीखाप तालाब सहित अधिकांश तालाबों की भूमि पर अवैध कब्जा हो चुका है। उन्होंने बताया कि सभी तालाबों की सूची उपायुक्त, महापौर एवं नगर आयुक्त को उपलब्ध करा दी गई है और जल संरक्षण के लिए इन्हें अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की गई है।

# विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

## मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को नया परिसदन भवन, गिरिडीह में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को राज्य स्तरीय दिशा समिति (दिशा), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सदस्य देवेश तिवारी ने संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक उपाध्याय एवं नवीन सिन्हा भी मौजूद रहे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वक्ताओं ने मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश



डाला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए कई ऐतिहासिक योजनाओं को धरातल पर उतारा है। वक्ताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया, जबकि आयुष्मान भारत योजना के जरिए गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराई गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों परिवारों को पक्का आवास मिला है। किसानों के लिए किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना तथा कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा दिया गया है प्रेस वार्ता में डिजिटल इंडिया अभियान की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया। बताया गया कि यूपीआई, आधार आधारित सेवाओं तथा प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभुकों तक पहुंच रहा है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उज्ज्वला योजना, स्वयं सहायता समूहों और विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इन योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और हर घर बिजली जैसी योजनाओं को भी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल बताया गया देवेश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्र सरकार लगातार कार्य कर रही है और आने वाले वर्षों में भी जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों के सवालों का भी जवाब दिया गया तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों से संबंधित जानकारी साझा की गई।

# 26वीं यूथ झारखंड राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बोकारो का शानदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** धनबाद जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में केके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, गोविंदपुर (धनबाद) में आयोजित 26वीं यूथ झारखंड राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2026 में बोकारो जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन की बालक एवं बालिका टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बालक टीम ने कांस्य पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया, जबकि बालिका टीम चौथे स्थान पर रहकर भी अपने शानदार खेल से सभी का दिल जीतने में सफल रही। बालक वर्ग में बोकारो टीम ने अपने पहले मुकाबले में दुमका को 42-27 से पराजित कर जीत के साथ अभियान की शुरुआत की। दूसरे मुकाबले में जैप-1 के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की। लीग चरण के तीसरे



मुकाबले में ईस्ट सिंहभूम से 19-39 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम ने क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। क्वार्टर फाइनल में बोकारो ने सरायकेला को 23-12 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में जमशेदपुर के खिलाफ बेहद रोमांचक मुकाबले में बोकारो को 35-37 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में बोकारो का सामना बीएसएल सेल की टीम से हुआ, जहां खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 37-34 से जीत दर्ज कर कांस्य पदक अपने नाम किया। बालक टीम के कप्तान साहिल ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके नेतृत्व में कृष्णा, नमन, मन्नत, श्रेयश, अनमोल, नवीन, हर्ष, कन्हैया, मनीष एवं हर्षनाथ ने टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं बालिका वर्ग में बोकारो टीम ने सरायकेला को 24-20 तथा छोटानागपुर को 30-23 से पराजित किया। तीसरे लीग मुकाबले में जमशेदपुर के खिलाफ 39-45 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद टीम ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां रांची को 22-09 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में बोकारो का मुकाबला टाटा स्टील से हुआ, जिसमें टीम को 39-47 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में जमशेदपुर के खिलाफ संघर्षपूर्ण खेल दिखाने के बावजूद बोकारो की टीम 22-29 से हार गई और चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रही। हालांकि 31 टीमों के बीच चौथा स्थान हासिल करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि रही। बालिका टीम की कप्तान सेजल के नेतृत्व में शाम्भवी, सौम्य, सान्वी, प्राची, आकांक्षा, अंकिता, हर्षिका, माही, नंदनी, शिमरन एवं अदिति ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों और खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया। टीम के कोच किंकर कृष्णा, आकाश मंडल, संता एवं निशांत ने अपने अनुभव और मार्गदर्शन से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, जिसका परिणाम पूरे चैंपियनशिप में बोकारो के शानदार प्रदर्शन के रूप में देखने को मिला। इस उपलब्धि से बोकारो जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन में खुशी की लहर है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सतेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि बोकारो की टीम पिछले डेढ़ वर्षों से लगातार राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा कि बिना किसी सरकारी अथवा जिला प्रशासन की सहायता के खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं में भेजना और उनकी व्यवस्था करना काफी चुनौतीपूर्ण कार्य है।

# 9500 किलोग्राम जावा महुआ एवं 800 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त

## चौपारण के पहाड़ी एवं जंगल क्षेत्र में उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई

### शराब बनाने की सामग्री व उपकरण भी किये गए जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमन्त सती के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, संचय एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज चौपारण थाना क्षेत्र के लोहरा गांव में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया।

सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग के निर्देशन तथा निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में चौपारण थाना के सहयोग से संचालित इस अभियान के दौरान घने पहाड़ी क्षेत्र की तलहटी एवं जंगलों में छिपाकर संचालित की जा रही अवैध चुलाई शराब निर्माण की भट्टियों का पता लगाकर उन्हें ध्वस्त किया गया। मौके से शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री एवं उपकरण भी जब्त किए गए।

छापेमारी के दौरान लगभग 9500 किलोग्राम किन्वयन योग्य जावा महुआ को विनष्ट किया गया। साथ ही शराब निर्माण में प्रयुक्त बर्तन एवं अन्य सामग्री जब्त की गई तथा करीब 800 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई।

उत्पाद विभाग द्वारा इस अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है तथा उनके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में निरीक्षक उत्पाद सौरव कुमार झा, अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सय्यद बसिरुद्दीन, सहायक अवर निरीक्षक एंटोनी बागे, उत्पाद आरक्षी अनूप कुमार सिंह, सशस्त्र गृह रक्षा वाहिनी के जवानों तथा चौपारण थाना पुलिस बल की सक्रिय भागीदारी रही।

# नशा मुक्ति एवं स्वस्थ जीवनशैली के संदेश के साथ निकली साइकिल रैली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शनिवार को पलामू में साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। साइक्लोथॉन को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत एवं पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



साइक्लोथॉन में बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों, खेल प्रेमियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्धारित मार्ग से होते हुए साइक्लोथॉन पुलिस लाइन पहुंचा, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान आयोजित साइकिल रेस के पुरुष एवं महिला वर्ग के विजेताओं को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरुष वर्ग में अंकित यादव ने प्रथम, उत्कर्ष राज ने द्वितीय एवं अनव उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में स्वीटी प्रथम, वीणा द्वितीय, अंशू तृतीय तथा अंसिका चतुर्थ स्थान पर रहीं। सभी विजेता प्रतिभागियों को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि नशा केवल मादक पदार्थों का ही नहीं होता, बल्कि मोबाइल और गलत संगति का भी नशा युवाओं के जीवन को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के मस्तिष्क को मनोवैज्ञानिक रूप से इस प्रकार जकड़ लेता है कि वह उसके बिना रह नहीं पाता। नशा व्यक्ति को सुन्न कर देता है, जिससे उसे क्षणिक और कृत्रिम प्रकार का आराम (फ़ेक रिलैक्सेशन) महसूस होता है, जबकि वास्तविकता में यह उसके शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक जीवन को नुकसान पहुंचाता है। उपायुक्त ने कहा कि आज का युवा वर्ग अनेक चुनौतियों और समस्याओं से जूझ रहा है, जिनमें नशे की प्रवृत्ति एक गंभीर समस्या बनकर उभरी है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि नशा करना ही है तो पढ़ाई, खेल, नवाचार और देशभक्ति का नशा होना चाहिए। खेल और शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता ही युवाओं को सफलता के शिखर तक पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं को खेल, पुस्तकों, नए आविष्कारों और देश के प्रति निष्ठा का जुनून विकसित करना चाहिए। उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि झारखंड प्रतिभाओं की भूमि है और यहां खेल-कूद के क्षेत्र में अपार संभावनाएं मौजूद हैं। यदि युवाओं को उचित मार्गदर्शन, अवसर और प्रोत्साहन मिले तो वे राज्य एवं देश का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रौशन कर सकते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, खेल विभाग, पलामू जिला साइक्लिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# शिविर में लाभुकों के बीच बांटे गए कपड़े

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत शनिवार को जिले के सभी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों में विशेष शिविर आयोजित कर लाभुकों के बीच धोती, साड़ी एवं लूंगी का वितरण किया गया। इस दौरान लाभुकों को निर्धारित दर पर वस्त्र उपलब्ध कराए गए।इसी क्रम में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या-20 स्थित जन वितरण प्रणाली विक्रेता श्री सुधीर कुमार की दुकान पहुंचे। यहां उन्होंने लाभुकों के बीच धोती, साड़ी एवं लूंगी का वितरण किया तथा योजना के क्रियान्वयन का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने



लाभुकों से संवाद कर वितरण व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेता को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाने का निर्देश दियाउपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि राज्य सरकार की इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को रियायती दर पर आवश्यक वस्त्र उपलब्ध कराना है। उन्होंने लाभुकों से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं अन्य पात्र लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की।इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी,जन वितरण प्रणाली विक्रेता एवं बड़ी संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

# कोई भ्रम में ना रहे, कांग्रेस एकजुट है : केशव महतो

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची स्थित कांग्रेस भवन में शनिवार को पार्टी ने एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की। हाल ही में संपन्न हुए राज्यसभा चुनाव के परिणामों के बाद उत्पन्न परिस्थितियों पर चर्चा करते हुए कांग्रेस नेताओं ने एकजुटता का संदेश दिया। पार्टी ने साफ किया है कि हार के बावजूद गठबंधन अटूट है और वे आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस के विधायकों ने एकजुट होकर मतदान किया है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा को इस बात पर मंथन करना चाहिए कि उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार का समर्थन क्यों किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस चुनाव में धनबल का प्रयोग हुआ और झारखंडी अस्मिता की बोली लगाई गई। पार्टी का मानना है कि गठबंधन केवल राज्यसभा चुनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राज्य के भविष्य के लिए है।

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने राज्यसभा चुनाव के परिणामों को महागठबंधन की हार बताते हुए इसे एक बड़ी लड़ाई का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि जब भाजपा के पास पर्याप्त संख्या बल नहीं था, तो निर्दलीय उम्मीदवार को मैदान में उतारने का उद्देश्य स्पष्ट था। उन्होंने कहा कि अब चूक की चर्चा करने के बजाय आत्म-चिंतन की जरूरत है। उन्होंने प्रभारी के. राजू का बचाव करते हुए उन्हें एक ईमानदार व्यक्ति बताया और कहा कि गठबंधन संविधान की रक्षा के लिए संकल्पित है।

# कांग्रेस की बैठक में 50 से अधिक लोगों ने थामा पार्टी का दामन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गांवा प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को गांवा एवं तिसरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक, बीएलए प्रशिक्षण शिविर तथा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अन्य दलों से जुड़े लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। विशेष रूप से महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। वहाब खान के नेतृत्व में 50 से अधिक लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ली। नए सदस्यों का स्वागत जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश केडिया, पूर्व जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह, विधानसभा प्रभारी हसनैन आलम, प्रखंड प्रभारी सुदामा राम एवं प्रखंड अध्यक्ष रणधीर चौधरी ने पार्टी का पट्टा पहनाकर किया। इस अवसर पर सतीश केडिया ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा एवं नेता राहुल गांधी के विचारों से प्रेरित होकर पार्टी से जुड़ने वाले सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत है।

# राहुल गांधी जन्मोत्सव कार्यक्रम की सफलता पर जताया हर्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस शिक्षा विभाग के तत्वावधान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित विशेष जन्मोत्सव कार्यक्रम एवं विचारोत्तेजक सेमिनार की सफलता और व्यापक जनभागीदारी पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रसन्नता व्यक्त की है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हृदयानंद मिश्र, एडवोकेट एवं सदस्य, कोऑर्डिनेशन कमिटी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी को व्हाट्सएप संदेश के माध्यम से सराहना की और अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। केशव महतो कमलेश ने राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम को संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच वैचारिक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय एवं जनसेवा के संकल्प को और मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के 22 वर्षों के राजनीतिक संघर्ष, जनसेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण पर आधारित इस प्रकार के सेमिनार समाज और कार्यकर्ताओं के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित करने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग द्वारा किए गए आयोजन की सराहना करते हुए कार्यक्रम से जुड़े सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

# चाइल्ड आईसीयू की व्यवस्था देख भड़के डीएम

## अधिकारियों को लगाई फटकार, कहा बहुत घटिया व्यवस्था है आईसीयू की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** शनिवार की सुबह डीएम श्रीकांत शास्त्री ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। डीएम के अचानक अस्पताल पहुंचने की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्यकर्मियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था और विभिन्न विभागों के कार्यों का गहन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अस्पताल के ओपीडी, आईपीडी, इमरजेंसी वार्ड, पैथोलॉजी, एक्स-रे विभाग, दवा वितरण केंद्र, कार्यालय कक्ष और विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करते हुए वहां मौजूद मरीजों एवं उनके परिजनों से भी बातचीत की। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं और इलाज की व्यवस्था की जानकारी ली तथा कई जगहों पर पाई गई कमियों को लेकर अधिकारियों को फटकार भी लगाई। निरीक्षण के दौरान सबसे गंभीर स्थिति चाइल्ड आईसीयू वार्ड में देखने को मिली। वार्ड में पहुंचते ही जिलाधिकारी वहां की अव्यवस्थित व्यवस्था देखकर नाराज हो गए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बच्चों के गंभीर इलाज के लिए बनाए गए आईसीयू में पर्याप्त वेंटिलेशन और पंखे तक की समुचित व्यवस्था नहीं है। नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा ''यहां जो स्थिति है। उसमें कोई भी व्यक्ति अंदर आते ही बेहोश हो जाएगा। सारी सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद यह हाल है। यह बहुत ही घटिया व्यवस्था है। ऐसी स्थिति बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। डीएम की नाराजगी के बाद अस्पताल प्रशासन के अधिकारियों में बेचैनी साफ दिखाई दी। उन्होंने तत्काल संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया और कहा कि मरीजों की सुविधा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि सदर अस्पताल जिले का सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र है। जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। अनुमंडलीय अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से भी गंभीर मरीजों को रेफर कर यहीं भेजा जाता है। ऐसे में यहां की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में चिकित्सकों की संख्या पहले की अपेक्षा बढ़ी है और आने वाले दिनों में और डॉक्टरों की नियुक्ति होने वाली है। इसके बावजूद कुछ बुनियादी कमियां सामने आई हैं। जिन्हें जल्द दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां एयर कंडीशनर की आवश्यकता है और अभी तक नहीं लगाया गया है, वहां शीघ्र एसी लगाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि अस्पताल में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त वार्ड की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए अस्पताल भवन के ऊपरी तल को भी वार्ड के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नए वार्ड के निर्माण और संचालन की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। जब पत्रकारों ने पूछा कि निरीक्षण के दौरान जो कमियां मिली हैं। उन्हें दूर करने में कितना समय लगेगा, तब जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि अगले 15 दिनों के भीतर नया वार्ड तैयार कर लिया जाएगा तथा निरीक्षण में सामने आई अधिकांश कमियों को भी दूर कर लिया जाएगा।हाल के चर्चित गैंगरेप मामले की पीड़िता को जनरल वार्ड में रखे जाने को लेकर भी पत्रकारों ने जिलाधिकारी से सवाल किया। इस पर उन्होंने कहा कि पीड़िता को जानबूझकर जनरल वार्ड में रखा गया है। उन्होंने बताया कि ऐसा चिकित्सकीय और मानवीय दृष्टिकोण से किया गया है ताकि पीड़िता खुद को अकेला महसूस न करे और अन्य लोगों के बीच रहकर उसका मनोबल बना रहे।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अस्पताल में स्वच्छता की स्थिति हर हाल में बेहतर रखी जाए। मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना अस्पताल प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई और स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी के इस औचक निरीक्षण के बाद अस्पताल प्रशासन हरकत में आ गया है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में सदर अस्पताल की कई व्यवस्थाओं में सुधार देखने को मिल सकता है। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, सदर अस्पताल अधीक्षक डॉ. अखिलेश कुमार सिंह, अस्पताल प्रबंधक पंकज कुमार, विभिन्न विभागों के चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## छिनतई कांड का आरोपित 24 घण्टे में गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बीहट।** एफसीआई थाना क्षेत्र में महिला से सोने की जीतिया छीनने की घटना का बेगूसराय पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस मामले में दो छिनतईबाजों के साथ चोरी का सामान खरीदने वाले एक सुनार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर छिनी गई सोने की जीतिया तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। पुलिस के अनुसार 19 जून को एफसीआई थाना क्षेत्र स्थित एस्सार पेट्रोल पंप के समीप एक महिला से बाइक सवार बदमाशों द्वारा सोने की जीतिया छीन लिए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम का गठन कर तकनीकी साक्ष्य एवं स्थानीय सूचना तंत्र के आधार पर अपराधियों की तलाश की गई।पीड़िता गोरोकी देवी, पति प्रमोद राय, निवासी चकबली दियारा (मटिहानी थाना क्षेत्र) ने पुलिस को बताया कि वह सदर अस्पताल से ई-रिक्शा से घर लौट रही थीं। इसी दौरान पेट्रोल पंप के समीप बाइक सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की जीतिया छीन लिया और फरार हो गए। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने सिंघौल थाना क्षेत्र के कमरूद्दीनपुर निवासी सूरज कुमार (25) एवं अमित कुमार (23) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि छिनी गई सोने की जीतिया जुसरी निवासी चंदन कुमार (22) को बेच दी गई थी। इसके बाद एफसीआई एवं सिंघौल थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर चंदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर छिनी गई सोने की जीतिया बरामद कर ली गई। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तीनों आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। फिलहाल सभी के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में एफसीआई थाना कांड संख्या 70/26 दर्ज है तथा मामले की आगे की जांच जारी है।पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से लोगों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय लोगों ने 24 घंटे के भीतर मामले के सफल उद्भेदन को पुलिस की बड़ी उपलब्धि बताया है।

## बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तेघड़ा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पकठौल गांव में शनिवार को बच्चों के बीच हुए विवाद ने अचानक बड़ा रूप ले लिया। जिसके बाद दो समुदायों के लोगों के बीच जमकर हिंसक झड़प हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडों के साथ पत्थरबाजी शुरू हो गई। घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमा पूरी तरह सक्रिय हो गया। तेघड़ा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए बेगूसराय के जिलाधिकारी श्री शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक मनीष भी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले तथा पत्थरबाजी भी हुई। इस दौरान करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। कई लोगों के सिर फट गए जबकि अन्य को भी गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए तेघड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें दोनों पक्षों के बीच मारपीट और अफरा-तफरी का दृश्य देखा जा सकता है। हालांकि प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के बाद स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। जिलाधिकारी श्री शास्त्री और एसपी मनीष ने मौके पर मौजूद लोगों से बातचीत कर शांति बनाए रखने की अपील की है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि प्रारंभिक जांच में मामला किसी धार्मिक या सांप्रदायिक मुद्दे से जुड़ा हुआ प्रतीत नहीं हो रहा है, बल्कि बच्चों के बीच हुए विवाद के बाद मामला बढ़ गया। फिलहाल गांव में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है और स्थिति सामान्य बताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है। अभी तक आधिकारिक रूप से यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि विवाद किस कारण इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष हिंसक रूप से भिड़ गए। पुलिस प्रशासन का कहना है कि घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। वीडियो फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर उपद्रवियों की पहचान की जाएगी तथा जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।वहीं प्रशासन लगातार लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा सामाजिक सौहार्द एवं शांति बनाए रखने की अपील कर रहा है।

## चोरों ने की करोड़ों की सपत्ति की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर पंचायत के मोहनपुर गांव के वार्ड -2 में चोरों ने एक ही रात दो घरों को निशाना बनाकर सनसनी फैला दी। चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) और एक रिटायर्ड गृह रक्षक के घर में घुसकर बदमाशों ने सोने-चांदी के आभूषण, नकदी समेत करीब एक करोड़ रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। बताया जा रहा है कि मोहनपुर निवासी कन्हैया प्रसाद सिंह, जो पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और वर्तमान में परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं। उनके पैतृक घर को चोरों ने निशाना बनाया। बदमाशों ने घर की खिड़की का ग्रिल तोड़कर अंदर प्रवेश किया और घर के दो कमरों को खंगाल डाला। इनमें एक कमरा कन्हैया प्रसाद सिंह का तथा दूसरा स्वर्गीय धरनीधर सिंह का बताया जा रहा है। परिजनों के अनुसार, चोरों ने कमरे में रखे करीब 60 से 70 भरी सोने के आभूषण तथा लगभग दो लाख रुपये नकद की चोरी कर ली। कन्हैया प्रसाद सिंह के चाचा महेश सिंह ने बताया कि देर रात चोर खिड़की तोड़कर घर में घुसे और आराम से चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। इसी दौरान गांव के ही चंद्रशेखर सिंह, जो वर्ष 2019 में गृह रक्षा वाहिनी से सेवानिवृत्त हुए थे, उनके घर में भी चोरी की घटना हुई। बताया जाता है कि चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और वहां से करीब 4 से 5 भरी सोना, 200 ग्राम चांदी तथा 27 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। एक ही गांव में दो घरों में हुई बड़ी चोरी की घटना से ग्रामीणों में भय का माहौल है। लोगों का कहना है कि हाल के दिनों में क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड, फॉरेंसिक टीम तथा टेक्निकल एक्सपर्ट को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। टीम द्वारा घटनास्थल से विभिन्न साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं ताकि चोरों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गृहस्वामी के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। सभी तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है तथा जल्द ही चोरी की इस बड़ी वारदात का खुलासा करने का दावा किया जा रहा है।

## रासायनिक उर्वरकों से मिट्टी की उर्वराशक्ति हो रही है क्षीण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन, सभागार नावकोठी में शनिवार को आत्मा के बैनर तले 'खेत बचाओ, देश बचाओ' स्लोगन के साथ एक दिवसीय शारदीय खरीफ महाभियान, कृषक प्रशिक्षण सह कृषि उपादान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीओ सूरज कुमार, बीपीआरओ जितेंद्र कुमार, प्रमुख अनिता देवी एवं प्रगतिशील किसानों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी (बीएओ) रौशन कुमार ने की, जबकि संचालन बीटीएम विवेकानंद सिंह ने किया। अपने संबोधन में विवेकानंद सिंह ने कहा कि अत्यधिक उत्पादन की होड़ में किसान रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग कर रहे हैं, जिससे मिट्टी की उर्वराशक्ति क्षीण हो रही है तथा पर्यावरण और जल प्रदूषित हो रहे हैं। उन्होंने किसानों से पारंपरिक एवं जैविक खेती अपनाने तथा रासायनिक खाद के स्थान पर जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशकों के उपयोग पर बल दिया।बीएओ रौशन कुमार ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, आवेदन प्रक्रिया एवं किसानों को मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आधुनिक तकनीकों के माध्यम से खेती की लागत कम कर उत्पादन बढ़ाने के उपाय भी बताए। कृषि समन्वयक सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि अच्छी फसल उत्पादन के लिए मृदा का स्वस्थ होना आवश्यक है। उन्होंने फसल बुआई से पूर्व मिट्टी की जांच कराने की सलाह देते हुए कहा कि इससे पोषक तत्वों की कमी का पता चलता है और उसकी पूर्ति कर बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने मिट्टी नमूना संग्रहण की विधि की भी जानकारी दी। साथ ही किसानों को लागत कम कर अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए बूंद-बूंद सिंचाई (ड्रिप इरिगेशन) पद्धति अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार एवं विजय पासवान ने किसानों को समय पर बीज, खाद एवं कीटनाशकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। वहीं किसानों ने फसल क्षति मुआवजा भुगतान में हो रही देरी एवं खेती से जुड़ी अन्य समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा, जिस पर संबंधित पदाधिकारियों ने समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर कृषि समन्वयक मनोज कुमार सिंह, प्रिंस कुमार, एटीएम सोनल सिंह, किसान सलाहकार श्रवण कुमार, राजीव कुमार, संजय कुमार, जयशंकर सिंह, प्रेमचंद गुप्ता, मुकेश कुमार, सुनील कुमार, डाटा ऑपरेटर राजीव कुमार, किसान तरुण सिंह, कुमोद कुमार, मुरारी कुमार, नरेश महतो, कामेश्वर सिंह, मुक्ति नारायण सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष महेश महतो, रामनंदन सिंह उर्फ रानू सिंह, मनोज सिंह, पप्पू सिंह, संगीता कुमारी, ललिता देवी, मनोहर कुमार, महेश महतो, सुनीत सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## श्रीराम जानकी राधा कृष्ण मंदिर में श्रीराम कथा का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तेघड़ा।** नगर परिषद क्षेत्र के एनएच-28 चौक स्थित श्रीराम जानकी राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय भव्य श्रीराम कथा एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन तेघड़ा अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कृष्ण कुमार, आयोजन समिति के अध्यक्ष रामबली सिंह तथा श्रीराम जानकी राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महामंडलेश्वर



महंत रामसेवक दास जी महाराज उर्फ मौनी बाबा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।कथा के प्रारंभ में कथावाचक पूज्य श्री कैलाश जी महाराज एवं पूज्या नेहा श्री ने वैदिक स्वस्तिवाचन, मंगलाचरण एवं आरती के साथ श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा के दौरान रामायण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया गया, जिसमें विशेष रूप से भगवान शिव एवं माता पार्वती के दिव्य विवाह प्रसंग का अत्यंत मार्मिक एवं भावपूर्ण वर्णन किया गया। ज्ञात हो कि यह भव्य धार्मिक आयोजन 27 जून तक चलेगा, जिसके अंतर्गत कलश यात्रा, नगर भ्रमण, प्राण-प्रतिष्ठा, महायज्ञ, हवन तथा कथा पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

## नाबालिग के अपहरण का मामला दर्ज

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग किशोरी के कथित अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में किशोरी के पिता ने थाना में आवेदन देकर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना के बाद से परिजनों में चिंता का माहौल है। दर्ज आवेदन में पीड़ित पिता ने बताया है कि उनकी पुत्री 13 जून को दिन के करीब 11 बजे एक सहेली से मिलने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने अपने स्तर से रिश्तेदारों एवं आसपास के इलाकों में उसकी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजनों द्वारा किशोरी के मोबाइल फोन की जांच करने पर एक युवक के साथ व्हाट्सएप चैट और बातचीत की जानकारी सामने आई। इसके आधार पर पिता ने आशंका जताई है कि उक्त युवक ने गलत नीयत से उनकी पुत्री का अपहरण कर लिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए नावकोठी थाना पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## भाकपा पोलित ब्यूरो के पूर्व राज्य सचिव का निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** भाकपा माले के पूर्व राज्य सचिव और पोलितब्यूरो सदस्य कामरेड नंदकिशोर प्रसाद (जमुना) के निधन से पूरी पार्टी में शोक छा गई। निधन की खबर मिलते ही कार्यालय कमलेश्वरी भवन में लगे लाल झंडा को झुका दिया गया। तथा दिवंगत कामरेड नंदकिशोर प्रसाद की तस्वीर पर फूल माला अर्पित कर दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पार्टी के जिला सचिव दिवाकर प्रसाद, खेग्रामस जिला सचिव चन्द्रदेव वर्मा, जसम राज्य सचिव अधिवक्ता दीपक सिन्हा, आईसा जिलाध्यक्ष सोनू फर्नाज, विशाल, संजय ठाकुर, गजेंद्र पंडित, रामकुमार तांती, अधिवक्ता पंकज सिन्हा, ई रिक्शा संघ ऐक्टू के सचिव कन्हैयालाल साह, अधिवक्ता कैलाश प्रसाद, सर्वेन्द्र राय, रंगकर्मी देवेंद्र कुंवर समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव दिवाकर प्रसाद ने कहा कि नंदकिशोर प्रसाद सामंतवाद विरोधी संघर्ष की अगुवाई लंबे समय से करते रहे।यही कारण रहा बिहार में 90 के दशक में सामाजिक न्याय के आंदोलन से बड़ा बदलाव आया। और बिहार में दलित गरीबों पिछड़ों अकलियतों वाली सरकार सत्ता में आई। वर्तमान समय में देश में फासीवादी तानाशाही सरकार के खिलाफ चल रहे जनवादी आंदोलनों को उनके निधन से अपूर्णीय क्षति हुई। जिसकी भरपाई पार्टी आन्दोलनों में मजबूत भागीदारी सुनिश्चित कर करेगी। उन्होंने कहा बिहार में दलित गरीब छात्र युवा आंदोलन में हमेशा हमेशा के लिए प्रेरणास्रोत के रुप में याद किए जाएंगे। उपस्थित लोगों ने उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

## खेतों के बचाव हेतु प्राकृतिक विधि से करें खेती : डीएओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**औरंगाबाद।** कृषि कार्यालय ओबरा के सभागार में किसानों के लिए एक दिवसीय जैविक प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला प्रखंड कृषि पदाधिकारी रागनी कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसका उदघाटन जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, बीडीओ मो. युनूस सलीम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी ने प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी। कहा कि वर्तमान परिस्थिति में प्राकृतिक खेती अपनाना जरूरी है। आप प्राकृतिक विधि से खेती करे और उपज भी बढ़ाए और स्वस्थ भी रहे, क्योंकि आज के समय में रासायनिक खेती के दुष्परिणाम हमारे पर्यावरण मिट्टी जल एवं मानव स्वास्थ पर प्रभाव दिख रहे। ऐसे में प्राकृतिक खेती एक सशक्त एवं टिकाऊ विकल्प बनकर सामने आ रही है। प्राकृतिक खेती ऐसी विधि है जो बिना किसी रासायनिक उर्वरक कीटनाशक या रसायनों के प्रयोग के प्राकृतिक तरीकों से फसल उत्पादन कर उर्वरा शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। प्राकृतिक खेती न केवल हमारी मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखती है बल्कि इससे उत्पादित अन्य भी पोषक तत्वों से भरपूर एवं स्वास्थ्य वर्धक होता है। कृषि पदाधिकारी रागनी कुमारी, बीडीओ मो. युनुस सलीम ने भी प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कहा कि प्राकृतिक खेती करने के लिए गाय का गोबर, गौमूत्र, बेसन, गुड, लहसुन विशेष लाभदायक है। जिसे सबों को मात्रा के अनुसार मिलाकर प्रयोग करने से धनजीवामृत को छह माह तक भंडारित किया जा सकता है। कहा कि तैयारी हेतु सेवन विधि के अनुसार देशी सामानों का जैसे पांच किलो हरी पत्तियां ले या पांच किलो सूखे फल को कुचल कर रखे और इसे 100 लीटर पानी में मिलाकर पांच लीटर गौमूत्र डाले और एक किलो गोबर मिलाए। इसे लकड़ी से हिलाकर 48 घंटे तक ढक कर रखे। तीन दिन में तीन बार घोल और 48 घंटे बाद घोल को कपड़े से छान ले और उसे फसल का स्प्रे का छिटकर प्रयोग करे। इसे फसलों मे भी वृद्धि आएगी और इसे खाने से किसी भी किसी तरह का हानिकारक बल्कि बहुत फायदेमंद होंगे। इसी तरह वन्य प्रमंडल परियोजना निदेशक प्रखंड तकनीकी प्रबंधक जयंत कुमार समेत अन्य लोगों ने भी प्राकृतिक विधि से खेती की महता को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्रथम कलस्टर पूर्णाडीह, द्बितीय जियादीपुर गांव को भी प्राकृतिक खेती से उपयोग हेतु चयन किया गया है। इस मौके कर कृषि सलाहकार दिनेश कुमार, आनंद कुमार, नंदू कुमार, किसान रामाधार सिह, देवंती देवी समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल में नवादा का परचम, तौसीफ रसूल बने 'मैन ऑफ द मैच'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा के बड़ी दरगाह निवासी होनहार खिलाड़ी तौसीफ रसूल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर न केवल जिले बल्कि पूरे बिहार और देश का नाम रोशन किया है। भारतीय अंडर-20 हैंडबॉल टीम ने बांग्लादेश को पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। इस ऐतिहासिक जीत में तौसीफ रसूल की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही। फाइनल मुकाबले में उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के खिताब से सम्मानित किया गया। तौसीफ की इस उपलब्धि पर नवादा जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने इसे जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। उनकी मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण ने यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा और निरंतर प्रयास से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता हासिल की जा सकती है। उनकी सफलता आज के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। इस अवसर पर नवादा जिला जदयू अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद दांगी ने तौसीफ रसूल को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि पूरे बिहार के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि तौसीफ ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश का मान बढ़ाया है और आने वाले समय में वे खेल जगत में नई ऊंचाइयों को छुएंगे। तौसीफ रसूल को सम्मानित करने एवं शुभकामनाएं देने वालों में तने पठान, किशोरी सिंह, अनवर भट्ट, राजा भट्ट, डॉ. रेयाज खान, नेजाम खान, विनोद कुमार, मनोरंजन कुमार, सुबोध कुमार एवं अर्जुन देशप्रेमी सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे। सभी ने उनकी इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। तौसीफ रसूल की यह उपलब्धि नवादा के युवाओं के लिए प्रेरणा का संदेश है कि दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम के बल पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी सफलता प्राप्त की जा सकती है।

## प्रभु सुमिरन से ही संभव है मोक्ष : आराधना शास्त्री

**अंबा, (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के मटपा पंचायत अंतर्गत ग्राम पोला में आयोजित माँ देवी सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा एवं शतचंडी महायज्ञ के तहत संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा वाचन के लिए अयोध्या धाम से पधारीं कथावाचिका पूज्या आराधना शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भक्ति, आत्मचिंतन और मोक्ष का संदेश दिया। संध्याकालीन प्रवचन में उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा अमृत के समान है, जो मनुष्य के सांसारिक दुखों को दूर कर उसे आध्यात्मिक शांति प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जन्म सत्य है, उसी प्रकार मृत्यु भी अटल है और इसे कोई टाल नहीं सकता। वर्तमान समय में मनुष्य भौतिकता और भागदौड़ भरे जीवन में उलझ गया है, ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यस्त जीवन से कुछ समय निकालकर प्रभु का स्मरण करना चाहिए।

# कदाचारमुक्त होगी नीट परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के सफल संचालन को लेकर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्राधीक्षकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की जांच, समयबद्ध प्रवेश तथा परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुपालन पर विशेष बल दिया गया। बैठक में सभी केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया गया कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। अभ्यर्थियों को निर्धारित समय के भीतर ही प्रवेश दिया जाएगा तथा विलंब से आने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। केंद्राधीक्षकों को यह भी निर्देशित किया गया कि परीक्षा केंद्रों पर जैमर, सीसीटीवी कैमरा, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति एवं बैठने की व्यवस्था सुचारू रूप से उपलब्ध रहे। परीक्षा केंद्र परिसर में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स एवं अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के प्रवेश पर पूर्णतः रोक रहेगी। सभी अभ्यर्थियों की प्रवेश से पूर्व निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार सघन जांच की जाएगी। परीक्षा केंद्र के भीतर एवं आसपास विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। बैठक में केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया गया कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# आर्म्स एक्ट में अभियुक्त को दो साल का सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दाउदनगर एसडीजेएम विकास कुमार के द्वारा खुदवां थाना में दर्ज एक मामले में सुनवाई करते हुए अभियुक्त को दोषी करार दिया है। इस क्रम में थाना क्षेत्र के पिसाय गांव निवासी अभियुक्त अनंतु पाण्डेय उर्फ बोस पाण्डेय को आर्म्स एक्ट में दो साल का कारावास एवं 10,000 रूपये का अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर तीन माह के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा सुनाई जाएगी। दरअसल 22 अप्रैल 2024 को अभियुक्त अनंतु पाण्डेय उर्फ बोस पाण्डेय को एक देसी कट्टा एवं 5 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया था। मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले में आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करते हुए वादी एवं साक्षियों का बयान तथा आयुद्ध निरीक्षक की जांच रिपोर्ट की गहनता से अवलोकन कर कांड दैनिकी में अंकित करते हुए अद्यतन काण्ड दैनिकी तथा आरोप पत्र माननीय न्यायालय में विचारण हेतु समर्पित किया। आज अभियोजन पक्ष के सहायक अभियोजन पदाधिकारी विनय कुमार के सफल संचालन के उपरांत इस कांड में एसडीजेएम द्वारा सुनवाई पूर्ण करते हुए साक्ष्यों, अभियोजन के तर्कों तथा न्यायिक दृष्टांतों से सहमत होते हुए अभियुक्त अनंतु पाण्डेय उर्फ बोस पाण्डेय को दोषी करार दिया गया और सजा सुनाई गई।

# पिकअप-ऑटो की टक्कर में दो की मौत, दो गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के रफीगंज-गोह मुख्य मार्ग पर माम मोड़ के निकट आज सुबह पिकअप और ऑटो की सीधी टक्कर में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतकों की पहचान औरंगाबाद मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धंधवा गांव निवासी मो. नान्हू के 22 वर्षीय पुत्र मो. अजीज एवं अरवल जिले के कलेर थाना क्षेत्र के हृदयचक गांव निवासी मो. इसरार उर्फ हेरु खान के 20 वर्षीय पुत्र मोहम्मद दिलनवाज खान उर्फ भोला के रूप में की गई है। घायलों की पहचान अरवल जिले के कलेर थाना क्षेत्र के हृदयचक गांव निवासी चंगेज खान के पुत्र मो. अदनान एवं मेहंदिया थाना क्षेत्र के नारायण बिगहा निवासी भगवान यादव के 33 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार उर्फ मंटू कुमार के रूप में की गई है। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह पिकअप और मुर्गी लदे ऑटो के बीच सीधी जोरदार टक्कर में यह दुर्घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और सभी को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मो. अजीज एवं मो. भोला को मृत घोषित कर दिया जबकि घायलों में मो. अदनान एवं पिंटू कुमार को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जाता है कि पिकअप पर तीन लोग सवार थे, जो धंधवा से गोह की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही मुर्गी लदे ऑटो की टक्कर हो गई। घटना के बाद पिकअप सवार दो अन्य लोग मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे समाजसेवी डॉ तुलसी यादव ने मृतक के परिजनों को सांत्वना दी है तथा जिला प्रशासन से उचित मुआवजा की मांग की है। उन्होंने कहा कि घटना काफी दुखद है। इधर, पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है।

# सड़क हादसे में बुलेट सवार शिक्षक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुलेट शोरूम के पास सड़क हादसे में एक शिक्षक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जम्होर निवासी 44 साल के मदन माथुर के रूप में की गई है। वे सीरीस हाई स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। मदन माथुर अपनी बुलेट मोटरसाइकिल की सर्विसिंग कराने के लिए औरंगाबाद स्थित बुलेट एजेंसी जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही वे बुलेट शोरूम के पास पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक अपाची बाइक ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वे बाइक से उछलकर सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। स्थानीय लोगों के अनुसार हादसा इतना भयावह था कि मदन माथुर ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद अपाची बाइक चालक अपनी गाड़ी के साथ मौके से फरार हो गया। नगर थाना अध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बुलेट मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया है। फरार अपाची बाइक चालक की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# हथियार व जिंदा कारतूस के साथ चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अनुमंडल पुलिस प्रशासन को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। शुक्रवार को अपराहन गोह -फीगंज रोड में स्टेट हाईवे 68 पर दामोदरपुर मोड़ के पास वाहन चेकिंग के दौरान कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से सात हथियार, 160 गोली समेत अन्य सामान बरामद किए गए हैं। एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने इस संबंध में बताया कि तीन देसी पिस्टल, दो देसी कट्टा, दो थर्नेट, सात मैगजीन, 159 कारतूस, चार मोबाइल, तीन मोटरसाइकिल और दो खोखा बरामद किया गया है। इस कार्रवाई में उपहारा के झारी निवासी रोहित कुमार उर्फ बिल्लू, टनकुप्पी निवासी गणेश कुमार, प्राणपुर निवासी मोहम्मद इस्तखार आलम और इसी गांव के निवासी मोहम्मद साहिल आलम उर्फ बलिस्टर आलम को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में पुअनि चंदन कुमार, पुसअनि शिवपूजन सिंह एवं लतीफपुर रहमान, पीटीसी विद्याकांत सोरेन, सिपाही श्रवण कुमार, सुमित कुमार एवं चंचल कुमारी शामिल थी। बताया गया कि रफीगंज की तरफ से आ रहे तीन मोटरसाइकिल पर चार व्यक्ति पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के लिए खड़े देखकर भागने लगे। पुलिस ने उन्हें खदेड़ कर पकड़ा। चारों व्यक्ति के पास से तलाशी लेने के क्रम में तीन देशी पिस्तौल, 60 कारतूस, चार मोबाइल, तीन मोटरसाइकिल बरामद किया गया। इसी मामले में गिरफ्तार मोहम्मद साहिल आलम उर्फ बलिस्टर आलम की निशानदेही पर पुलिस ने फिर कार्रवाई करते हुए 99 कारतूस, दो थर्नेट, दो देसी कट्टा, देसी कट्टा का एक हिस्सा और दो खोखा बरामद किया है।




# विशेष अभियान के फलस्वरूप 18 अभियुक्त भेजे गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 54 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 18 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार आर्म्स एक्ट में 4, एसटी-एससी एक्ट में 4, हत्या प्रयास में 5, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 4 तथा अन्य मामलों में 37 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 212 लीटर देसी शराब, 3 देसी पिस्टल, 2 देसी कट्टा, 2 थर्नेट, 159 जिंदा कारतूस, 7 मैगजीन, 2 खोखा, 4 मोबाईल, 3 बाइक बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1177 वाहनों की जांच की गई जिसमें 3000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 18 वारंट एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा साईबर थाना की पुलिस द्वारा 85,450 रूपये रिकवरी किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# कांग्रेस नेताओं ने दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** प्रदेश कांग्रेस समिति बिहार के आह्वान पर औरंगाबाद कांग्रेस जिला कमेटी के जिलाध्यक्ष आनंद शंकर सिह के नेतृत्व में एक विशाल धरणा प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश में मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में अभी तक प्रतियोगिता परीक्षाओं के 79 बार प्रश्न पत्र लीक हो चुके है जिसमें नीट परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होना लाखों बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं तो और क्या है ? लगातार हो रहे प्रश्न पत्र लिक के कारण बच्चों में निराशा और आत्महत्या जैसे घटनाओं की बढ़ोतरी हुई है। वहीं भारत के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अभी भी अपने पद पर बने हुए है। भ्रष्टाचार का आलम यह है किसी भी कार्यालय में पंचायत से लेकर जिला स्तर तक कोई भी कर्मचारी पदाधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। कहा कि अभी तक उत्तरी कोयल नदी में पानी का पता नहीं है। किसानों के लिए खाद की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी जारी है। वहीं लगातार बढ़ रहे डीजल और पेट्रोल की कीमत से आम लोगों का जीना दूभर हो गया है। इस मौके पर नागेन्द्र कुमार सिह, शत्रुधन सिह, अजय कुमार सिह, शैलेन्द्र मिश्र शैल, श्याम बिहारी सिह, प्रदीप कुमार सिंह, गायत्री देवी, रणवीर सिह, सत्तार अंसारी, मो. शमीम, आरपी सिह, अभिषेक कुमार, जगदीश सिह, युगेश्वर राम, विश्वकर्मा राम, राजेश कुमार, अभय सिह, नरेश यादव, अंकित कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, अभय कुमार, मृत्युंजय सिह, अशोक सिह, मो. जिशान, मिथिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# 16 बोरा डोडा के साथ ट्रक चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप उत्पाद विभाग को बड़ी सफलता मिली है। अंबा थाना क्षेत्र के एरका चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान झारखंड की ओर से आ रहे एक संदिग्ध ट्रक से भारी मात्रा में 16 बोरा डोडा (मादक पदार्थ) बरामद किया है। यह कार्रवाई उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देश पर निरीक्षक चंदन कुमार के नेतृत्व में एएसआई अजय कुमार पासवान, कांस्टेबल कुंदन कुमार, विकास कुमार, गृहरक्षक राकेश कुमार एमटीएस मनिष कुमार सिंह, स्कैनर राजेश कुमार एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। जानकारी के अनुसार, उत्पाद विभाग की पुलिस ने मौके से ट्रक को जब्त कर उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। पकड़े गए चालक की पहचान हरिपाल के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के लखीमपुर जिले के मितौली थाना क्षेत्र के बलिया गांव का रहने वाला है। पूछताछ में चालक हरिपाल ने स्वीकार किया है कि वह मादक पदार्थ की यह खेप बंगाल से जमशेदपुर जाने वाली सड़क पर घाटी क्षेत्र से लेकर आ रहा था और इसे उत्तर प्रदेश की ओर ले जाने की फिराक में था। हालांकि इससे पहले कि वह अपने मंसूबों में कामयाब हो पाता, एरका चेक पोस्ट पर मुस्तैद टीम ने उसे दबोच लिया। मद्य निषेध विभाग अब इस पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है।

# बीस सूत्री की बैठक में समस्याओं के समाधान पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड मुख्यालय स्थित बहुद्देशीय भवन में शनिवार को बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने की। इस दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष ने सभी विभागीय पदाधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा बैठक से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही पिछली बैठक में उठाए गए मुद्दों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट मांगी गई। समिति सदस्यों ने आरोप लगाया कि विकास योजनाओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही राशि का समुचित उपयोग नहीं हो रहा है, जिससे कई गांव अब भी नाली, गली और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। सदस्यों ने यह भी कहा कि कई योजनाओं का चयन ग्राम सभा और आम सभा के बजाय व्यक्तिगत हितों एवं कथित कमीशनखोरी के आधार पर किया जा रहा है। इस पर समिति ने पंचायतों में आयोजित ग्राम सभा एवं आम सभा की निगरानी करने का निर्णय लिया। बैठक में षष्ठम एवं 16वीं वित्त आयोग से संचालित योजनाओं की पंचायतवार सूची उपलब्ध कराने की मांग की गई। जन वितरण प्रणाली की समीक्षा के दौरान कुछ राशन विक्रेताओं पर प्रति यूनिट एक किलो राशन कम देने का आरोप लगाया गया। समिति ने दोषी डीलरों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा नए राशन कार्ड बनाने में हो रही कथित अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की। अंचल कार्यालय में लंबित परिमार्जन और मोटेशन मामलों के शीघ्र निष्पादन तथा राजस्व कर्मचारियों के माध्यम से कथित अवैध वसूली पर रोक लगाने की भी मांग उठी। बैठक में उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु, अंचल अधिकारी चंद्र प्रकाश, प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रणविजय कुमार, मनरेगा पीओ अवधेश अनिल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर सिंह सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, बीस सूत्री समिति के सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# दहेज हत्याकांड में पति सहित छह के खिलाफ प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ढ़िबरा थाना की पुलिस ने दहेज हत्याकांड का एक मामला दर्ज किया है। इस मामले में पलामू जिले के छत्तरपुर थाना क्षेत्र के बगईया गांव निवासी सीताराम यादव ने प्राथमिकी दर्ज करवाया है जिसमें बताया कि वर्ष 2022 में ढ़िबरा थाना क्षेत्र के केवलहा टोला मंझौली गांव निवासी संजय कुमार (25) से अपनी बेटी प्रतिमा कुमारी (22) की शादी की थी। इस दौरान अपने क्षमता के अनुसार उपहार स्वरूप कई सामग्रियां दी। शादी के एक साल तक सब ठीक ठाक रहा। लेकिन इसके बाद दहेज को लेकर बेटी को ससुराल वाले शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। इस दौरान सामाजिक और परिवारिक स्तर पर कई बार समझौता हुआ। लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ और आखिरकार 16 जून 2026 को ससुराल वालों द्वारा प्रतिमा की हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी दामाद संजय कुमार के द्वारा फोन पर दी गई। सूचना पर पहुंचा तो देखा कि ससुराल पक्ष के लोग प्रतिमा के शव जलाने की तैयारी कर रहे थें तो हमने विरोध किया और पुलिस प्रशासन के समक्ष पोस्टमार्टम करवाने की बात कहीं। तत्पश्चात शव का अंतिम संस्कार किया जायेगा। इस दहेज हत्याकांड में दामाद संजय कुमार, ससुर रामकेस यादव, सास, भैसुर विजय यादव, बहनोई पुरन यादव एवं नन्दोसी को नामजद अभियुक्त बनाया है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में खुदवां पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के मखरा गांव निवासी राजा कुमार उर्फ रंजन कुमार के रूप में की गई है। खुदवां थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ता है। इसके खिलाफ अपहृता के परिजनों ने 18 मई 2026 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि आरोपी ने गलत नियत से बहला-फुसलाकर उनकी नाबालिग लड़की का अपहरण लिया। इस दौरान काफी खोजबीन की गई। जानकारी होने पर आरोपी के परिजनों से लड़की सकुशल सुपुर्द करने की आग्रह किया गया। लेकिन आरोपी ने एक नहीं सुना। आखिरकार दर्ज प्राथमिकी के आधार पुलिस ने नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया।

# विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स में योग शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के विभिन्न शिक्षण संस्थानों-विद्या निकेतन, किड्ज़ वर्ल्ड (बाजार ब्रांच), किड्ज़ वर्ल्ड (भखरुआं मोड़), पटना रोड दाउदनगर तथा संस्कार विद्या (नॉलेज सिटी), लीलाचक के संयुक्त तत्वावधान में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय समूह के लगभग 165 शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की कला है। उन्होंने 'करें योग, रहें निरोग' का संदेश देते हुए योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विद्या निकेतन ग्रुप में पिछले 48 वर्षों से योगाभ्यास की परंपरा रही है और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित योग कक्षाएं संचालित की जाती हैं। योग शिविर का संचालन योगाचार्य एवं प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. अनुराधा कुमारी तथा उनके सहयोगी राजीव कुमार ने किया। इस अवसर पर संस्थान के सीईओ आनंद प्रकाश ने योग से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए विभिन्न व्यायामों के स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। वहीं डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्या सागर ने बदलती जीवनशैली और रासायनिक खादों से तैयार खाद्य पदार्थों के बढ़ते प्रभाव के बीच योग और संतुलित खान-पान की आवश्यकता पर जोर दिया। टेक्निकल एडवाइजर इंजीनियर विनय प्रकाश ने लोगों से जंक फूड से दूर रहने और नियमित योग अपनाने की अपील की। वहीं किड्ज़ वर्ल्ड के प्रिंसिपल मोहम्मद मुजाहिर आलम ने पारंपरिक जीवनशैली और घरेलू कार्यों के माध्यम से होने वाले प्राकृतिक व्यायाम की चर्चा करते हुए कहा कि आधुनिक सुविधाओं के कारण शारीरिक श्रम कम हो गया है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद और पारंपरिक तौर-तरीकों को अपनाने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में विद्या निकेतन के प्रशासक संदीप कुमार तांती, प्राचार्य सरयू प्रसाद तांती, संस्कार विद्या एवं किड्ज़ वर्ल्ड के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। योग शिविर के दौरान उपस्थित लोगों ने स्वास्थ्य और निरोग जीवन के लिए योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।



# अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया विशेष जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देशानुसार जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करने व अपराध पर नियंत्रण के उद्देश्य से शुक्रवार की रात पुलिस ने विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस सघन जांच अभियान से जहां अपराधियों में हड़कंप मच गया। अभियान के तहत नगर थाना, मुफस्सिल थाना, फ़ेसर थाना, जम्होर थाना समेत विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने मुख्य चौक-चौराहों, बाजारों व प्रवेश मार्गों पर वाहनों की जांच की। सड़क से गुजरने वाले वाहनों को रोककर इनके कागजात की जांच की गई। साथ ही डिक्की, बैग व अन्य सामानों की भी बारीकी से तलाशी ली गई। पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों पर विशेष नजर रखी। बताया गया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर यह सघन जांच अभियान चलाकर इस दौरान संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की गहन तलाशी ली गई। इससे पूरे शहर में पुलिस की सक्रियता साफ तौर पर दिखाई दी। नशा विरोधी अभियान के तहत भी इस चेकिंग को विशेष रूप से प्रभावी बनाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध शराब, मादक पदार्थों व अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना है। इसके साथ ही आम लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना भी इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य है। वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। बताया गया कि पुलिस द्वारा चलाए गए इस विशेष जांच के दौरान कई वाहन चालकों से भी पूछताछ की गई और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें, ताकि अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके। बताया गया कि इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे ताकि अपराधियों पर लगाम लगाई जा सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269




CMYK